

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 बैडमिंटन प्लेयर सिंधु ने बिजनेसमैन वेंकट दत्ता से शादी के बंधन में बंधी.... | मिल गया अश्विन का विकल्प!.... 11

वर्ष : 12 | अंक : 250 | पटना, मंगलवार, 24 दिसम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 20.0°C
न्यूनतम तापमान 12.0°C

**बाजार**

सोना 75,920

चांदी 91,900

सेंसेक्स 83,584

निफ्टी 25,698

# पीएम मोदी ने 71 हजार युवाओं को बांटा नियुक्ति पत्र, बोले- भारत का युवा आत्मविश्वास से भरा हुआ

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेला के तहत सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित 71,000 से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, आज आपके जीवन की नई शुरूआत हो रही है। आपकी वर्षों की मेहनत सफल हुई है। 2024 का ये साल आपको और आपके परिजनों को नई खुशियां देकर जा रहा है। मैं आप सभी को बधाई देता हूं। पिछले दस सालों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है। आज भी 71,000 से अधिक युवाओं को





नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। बीते डेढ़ साल में करीब दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। ये अपने आप में रिकॉर्ड है। आज भारत का युवा, नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है। वो हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है। भारत के युवाओं की क्षमता और प्रतिभा का पूरा उपयोग हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि अंतरिक्ष से लेकर रक्षा तक, पर्यटन से लेकर वेलनेस तक, आज भारत हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। राष्ट्र में सच्चा विकास सुनिश्चित करने के लिए हमें युवा प्रतिभा को निखारने की जरूरत है और यह जिम्मेदारी वास्तव में शिक्षा प्रणाली पर है। पहले पाबंदियों के कारण जो शिक्षा व्यवस्था छात्रों पर बोझ बन जाती थी, वो अब उन्हें नए विकल्प दे रही है। अटल टिंकरिंग लैब्स और आधुनिक पीएम श्री स्कूलों के जरिए बचपन से ही इनोवेटिव माइंडसेट को गढ़ा जा रहा है। आज यहां हजारों बेटियों को भी नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। आपकी सफलता दूसरी महिलाओं को प्रेरित करेगी। हमारा प्रयास है कि हर क्षेत्र में महिलाएं आत्मनिर्भर बनें। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भाषा एक समय हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए शिक्षा में एक महत्वपूर्ण बाधा थी। हालांकि हमने इस अंतर को पाटने के लिए अपनी नीतियों में क्रांति ला दी है। आज छात्र 13 भाषाओं में से किसी एक में परीक्षा देना चुन सकते हैं। भारत ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। हमें इस संकल्प पर भरोसा है इस लक्ष्य की प्राप्ति का विश्वास है। आज भारत का युवा नए आत्मविश्वास से भरा हुआ है और वो हर सेक्टर में अपना परचम लहरा रहा है। आज हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पश्चिम चंपारण में ऑन ग्रिड विद्युतिकरण योजना का सीएम ने किया शिलान्यास

पटना। मुख्यमंत्री ने अपने प्रगति यात्रा के पहले दिन पश्चिम चंपारण जिले के घोटवा टोला (संतपुर सोहरिया पंचायत) से वाल्मीकिनगर क्षेत्र में 139.04 करोड़ रुपये की लागत से ऑफ ग्रिड से ऑन ग्रिड विद्युतिकरण योजना का शिलान्यास किया। ऊर्जा विभाग के सचिव एवं सीएमडी बीएसपीएचसीएल पंकज कुमार पाल ने इस योजना को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इस परियोजना से मुख्यतः वाल्मिकी नगर के दुर्गम घने जंगली इलाकों में निवास कर रहे थारू जनजाति के परिवारों को ग्रिड के माध्यम से निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित होगी जिससे उन ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। विदित है कि इन इलाकों में अभी विभाग द्वारा अधिस्थापित सौर ऊर्जा के संयंत्रों से बिजली मिलती है जिसको इस परियोजना के तहत अब अंडर ग्राउंड केबल के माध्यम से जंगलों में तथा टॉवर पर गंडक नदी पार करा कर ग्रिड से बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इससे इन दुर्गम घने जंगल के इलाकों में भी लोगों को 24/7 बिजली उपलब्ध हो सकेगी। इस परियोजना के तहत 25 गांवों के 11,798 घरों को ऑफ ग्रिड से ऑन ग्रिड विद्युत आपूर्ति में परिवर्तित किया जाएगा। इस योजना से क्षेत्र में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर में सुधार होगा। योजना के तहत सरकारी स्कूलों, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों पर भी विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, उद्योगों और व्यापारियों को भी निर्बाध बिजली मिलेगी, जिससे आर्थिक विकास में गति आएगी। इस परियोजना को 18 महीनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 141,710 मानव दिवस का रोजगार सृजन होगा। योजना की कुल लागत 139.04 करोड़ रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 60.17 करोड़ रुपये और शेष राशि 78.87 करोड़ रुपए राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी।

## सीएम नीतीश ने की पश्चिम चंपारण से प्रगति यात्रा का आगाज, कई योजनाओं को दी सौगात

# बिहार के विकास के लिए कर रहे निरंतर काम : नीतीश



**सीएम ने विकासात्मक योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक**

प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को पश्चिम चंपारण जिला के बगहा-2 प्रखंड अंतर्गत संतपुर सोहरिया पंचायत स्थित थारू टोला घोटवा से प्रगति यात्रा के प्रथम चरण की शुरूआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पश्चिम चंपारण जिले में करोड़ों की लागत से कई योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पश्चिम चंपारण जिला में चल रही विकासात्मक योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जो भी समस्याएं रखी हैं, उसका यथाशीघ्र समाधान करें। 24 नवंबर 2005 से बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का मौका दिया। उस समय से हमलोग बिहार के विकास के लिए निरंतर काम कर रहे है। हर क्षेत्र में विकास के अनेक काम किए गए हैं। 2005 से पहले बिहार की स्थिति काफी दयनीय थी। शाम के बाद लोग घरों से नहीं निकलते थे। शिक्षा और स्वास्थ्य का काफी बुरा हाल था। सड़कें जर्जर थी, आए दिन हिन्दु मुस्लिम के बीच झगड़ा हुआ करता था लेकिन जब बिहार के लोगों ने हमलोगों को काम करने का अवसर दिया तब से बिहार की स्थिति पूरी तरह बदल गई है। हर क्षेत्र में विकास के काम किए गए हैं। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया है। वर्ष 2006 से हमलोगों ने कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू कराई। 8 हजार से ज्यादा कब्रिस्तानों की घेराबंदी पहले ही पूरी हो गई है। शेष कब्रिस्तानों की घेराबंदी का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा। हमलोगों ने सबके लिए काम किया है। इसके बाद मंदिरों की चहारदीवारी का काम भी हमलोगों ने शुरू किया ताकि मंदिर सुरक्षित रहे। वोट देना आपका अधिकार है, आप जिनको चाहे दें लेकिन हमलोग सभी लोगों के लिये काम करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण बिहार में विकास का काम हमलोग करा रहे हैं। बिहार का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं है। हमलोगों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल-पुलिया के निर्माण का काम बड़े पैमाने पर कराया है, जिसके कारण बिहार के किसी भी कोने से पहले 6 घंटे में लोग पटना पहुंचते थे, अब उसे घटाकर 5 घंटा किया गया है। इसके लिए हर प्रकार से काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006-07 से पोशाक योजना, वर्ष 2009 से लड़कियों के लिए साइकिल योजना, वर्ष 2010 से लड़कों के लिए भी साइकिल योजना, बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की बहाली, स्कूल भवनों का निर्माण कराकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने का प्रयास किया गया है। बडी संख्या में सरकारी शिक्षकों की बहाली की जा रही है। नियोजित शिक्षकों को परीक्षा के माध्यम से सरकारी मान्यता दी जा रही है। पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माह में 39 मरीज इलाज कराने जाते थे। अब माह में औसतन 11 हजार से अधिक मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। वर्ष 2006 से हमलोगों ने सरकारी अस्पतालों में मुफ्त दवा वितरण का काम भी शुरू कराया। पहले बिहार में सिर्फ 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे। अब उनकी संख्या बढ़कर 11 हो गई है। हर जिले में हमलोगों ने इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना कराई है, जिलों में मेडिकल कॉलेज भी खोले जा रहे हैं। हर घर नल का जल, हर घर पक्की गली एवं नाली का निर्माण, हर घर शौचालय, हर घर तक बिजली का कनेक्शन जैसी मुलभूत सुविधाएं लोगों को पहुंचा दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, इसके तहत अब तक 4 चुनाव हो गए हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं चुनकर आई हैं। हमलोगों ने महिलाओं के उत्थान के लिए हर प्रकार से काम किया है। वर्ष 2013 में पुलिस की बहाली में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिसका नतीजा है कि बिहार पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी करीब 30 प्रतिशत हो गई है। बिहार में जितनी बड़ी संख्या में महिला पुलिस है उतना देश के किसी राज्य में नहीं है। वर्ष 2016 से हमलोगों ने सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूहों की संख्या काफी कम थी। हमलोगों ने वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का काम शुरू किया। बिहार में अब स्वयं सहायता समूहों की संख्या 10 लाख 61 हजार हो गई है जिनसे 1 करोड़ 31 लाख जीविका दीदियां जुड़ी हैं। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं का नाम जीविका दीदी हमलोगों ने ही दिया है, जिससे प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने भी इसे अपनाया और उसका नाम आजीविका दिया। बिहार में अब शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन शुरू कराया गया है. जिनमें अब तक 26 हजार जीविका दीदियां जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे बढ़ाकर 12 लाख किया गया है। अब तक लाख लोगों को सरकारी नौकरी दे दी गई है। इसके अलावा 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अब तक 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है। वर्ष 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले 12 लाख लोगों को नौकरी तथा 34 लाख लोगों को रोजगार मुहैया करा दिया जाएगा। हमलोगों ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। मदरसों को सरकारी मान्यता दी गई है। हमलोगों ने बिहार में जाति आधारित गणना कराई जिसमें 94 लाख गरीब परिवारों को चिहिन्त किया गया है, जो हर जाति से जुड़े हैं। ऐसे गरीब परिवारों को प्रति परिवार 2 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है ताकि वे अपना रोजगार शुरू कर सकें।मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने चंपारण की धरती से ही सत्याग्रह की शुरूआत की थी, यह महत्वपूर्ण स्थल है। हम भी कोई भी काम यहीं से शुरू करते हैं। आज हम यहां पुनः लोगों के बीच जाकर उनसे बातचीत की है। यहां के लोगों ने अपनी जरूरतों से हमें अवगत कराया है।

## समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण घोषणायें



बेतिया स्टेडियम काफी पुराना हो गया है तथा यहां आधुनिक सुविधाओं के साथ इसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। अतः यहां पर आधुनिक सुविधाओं के साथ उच्च कोटि के स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। इससे राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल का आयोजन किया जा सकेगा, इससे खिलाड़ियों को बढ़ावा मिलेगा। आज हमने स्टेडियम जाने के क्रम में बरबत सेना से आईटीआई, सर्किट हाउस, स्टेडियम, प्रेक्षा गृह होते हुए राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बेतिया तक सड़क का भ्रमण किया है। यह सड़क अभी काफी संकीर्ण है। इसके चौड़ीकरण की पूर्व से भी मांग होती रही है। इस सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा। इससे मरीजों को अस्पताल आने-जाने में सुविधा होगी तथा लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। - यहां आने से पहले भी और आज भी कई गन्ना किसानों ने बताया है कि गन्ने का जो मूल्य उन्हें मिलता है, वह कम है। मैंने गन्ना उद्योग विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि गन्ना के मूल्य में कम से कम 20 रु प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की जाए। 10 रु० प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी पहले ही की जा चुकी है। इसके अलावा 10 रु० प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी इसी सीजन से और की जायेगी जिसका व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। मुझे खुशी है कि अब गन्ना किसानों को पिछले वर्ष की तुलना में 20 रु प्रति क्विंटल अधिक दाम मिलेगा। पूर्व से यह मांग रही है कि उत्तर प्रदेश से सटे गंडक नदी के पार वाले 4 प्रखंडों में पढ़ने वाले युवाओं के लिए एक डिग्री कॉलेज खुलना चाहिए। उस क्षेत्र में कोई भी सरकारी कॉलेज नहीं है इसलिए मैंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि इन 4 प्रखंडों के लिए अलग से एक डिग्री कॉलेज खोला जाय। बेतिया शहर का बाईपास नहीं होने की वजह से निश्चित रूप से जाम की गम्भीर समस्या होती होगी। इसके संबंध में वहीं उपस्थित लोगों से भी बातें हुई हैं। मैंने पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि बेतिया शहर के नये बाईपास का निर्माण कार्य शुरू कराया जाय।

बेतिया जिले के चनपटिया में उद्योग पर अच्छा काम हुआ है. सरकार यहाँ पर उद्योगों को और बढ़ावा देना चाहती है इसलिए यहाँ पर औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार किया जायेगा। मदनपुर से पनियहवा (उ०प्र०) तक सड़क (एन०एच०-727ए) का निर्माण किया जायेगा। इससे बगहा एवं गोरखपुर की बीच की दूरी कम हो जायेगी। इनरवा से वाल्मीकिनगर तक दोन कैनाल पर सड़क का निर्माण कराया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। अमवा मन (सेनुवारिया) / रूलही में विद्युत पावर ग्रिड का निर्माण होने से बेतिया क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति हो सकेगी। वाल्मीकिनगर में लव-कुश पार्क का निर्माण किया जायेगा। समीक्षा बैठक में पश्चिम चंपारण के जिलाधिकारी श्री दिनेश कुमार राय ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया।


## "राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस"

**24 दिसम्बर 2024**

बिहार सरकार

### संदेश

आप सभी अवगत हैं कि आज के आर्थिक उदारीकरण एवं भूमंडलीकरण के दौर में उपभोक्ता सामग्री/वस्तुओं एवं अन्य उपयोगी सेवायें यथा बैंक, बीमा, टेलीफोन/मोबाइल बिजली, स्वास्थ्य आदि की संख्या, मूल्य, गुणवत्ता, उपलब्धता आदि में व्यापक बदलाव एवं विविधता आयी है।

अतः यह आवश्यक हो गया है कि उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं से सम्बंधित वस्तुओं एवं सेवाओं के सभी व्यापारों में शुद्धता, गुणवत्ता, सही माप–तौल एवं मूल्य व अधिकारों तथा सेवाभाव के मानकों का दृढ़ता से पालन किया जाये। इसी बात को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा हेतु राज्य के प्रत्येक जिले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, राज्य स्तर पर राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का गठन किया गया है, जहाँ वादों का निस्तारण शीघ्र किया जा सकता है।

साथ ही उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन में पूरी सफलता के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों।

अतः राज्य के नागरिकों एवं अन्य नागरिक संगठनों से अपील है कि वे उपभोक्ता अधिकार को स्वयं समझें एवं उपभोक्ता जागृति आन्दोलन के प्रसार में अपना अमूल्य योगदान दें, जिससे उपभोक्ताओं के अधिकारों का संरक्षण व संवर्धन सफलतापूर्वक किया जा सके।

'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' के अवसर पर राज्य के सभी उपभोक्ताओं को हार्दिक बधाई।

(लेशी सिंह)
मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग,
बिहार, पटना

PR No.- 015425(Food) D. 2024-25

बिहार सरकार



मुख्यमंत्री
बिहार

### संदेश

समाज का प्रत्येक व्यक्ति एक उपभोक्ता भी है और पूरे तंत्र का यह दायित्व है कि उपभोक्ताओं को उसी गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध हों, जिस गुणवत्ता का भरोसा विक्रेताओं एवं सेवा प्रदाताओं ने उपभोक्ताओं को दिया हो। उत्पादक एवं सेवा प्रदाता कभी-कभी उस गुणवत्ता की वस्तुएँ एवं सेवाएँ उपलब्ध नहीं कराते हैं, जिसे वे विज्ञापित करते हैं। अतः उपभोक्ताओं के हितों एवं अधिकारों का समुचित संरक्षण नितांत आवश्यक है। इस संदर्भ में उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण हेतु जिला स्तर पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, राज्य स्तर पर राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग एवं राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का गठन किया गया है।

उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण मात्र कानून बनाने से ही संभव नहीं है। इसके लिए व्यापक स्तर पर जन जागरुकता की भी आवश्यकता है। मैं राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उपभोक्ता जागृति के पुनीत कार्य में सहयोग हेतु राज्य के बुद्धिजीवियों, स्वयं-सेवी संगठनों तथा आम नागरिकों से सहयोग का आह्वान करता हूँ।

इस अवसर पर मैं सभी उपभोक्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और आशा करता हूँ कि सभी उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहेंगे।

(नीतीश कुमार)

PR No - 015427(Food) D. 2024-25

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्य रेलखंड स्थित दादपुर के समीप रेलवे लाइन के किनारे मिला एक व्यक्ति का शव

जमुई [ झाझा ] सोमवार को झाझा-गिद्धौर मुख्य रेलखंड स्थित दादपुर के समीप भंवरा पुल के पास रेलवे लाइन के किनारे एक व्यक्ति का शव पाया गया। कुछ लोगों के द्वारा शव देखे जाने के बाद इसकी सूचना झाझा पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई करने में जुट गई। हालांकि शव की शिनाख्त समाचार प्रेषण तक नहीं हो सका। स्थानीय लोगों ने अनुमानित लगाया है कि ट्रेन से उक्त व्यक्ति के गिरने से मौत हुई है।

### 54 लीटर शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

मुंगेर। हेमजापुर पुलिस ने शिवकुड छर्रा पट्टी सिंधिया मानगढ़ रोड पर रविवार को एक टोटो बैन से 54 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान मुंगेर शहर स्थित चंडी स्थान मोहल्ला निवासी महेंद्र सिंह के पुत्र धनराज कुमार के रूप में हुई है। इसकी जानकारी देते हुए हेमजापुर थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि धरहरा से शराब की खेप लेकर राजमार्ग 80 पर टोटो से लेकर किसी दूसरे को डिलीवरी देने जा रहा है।

# पहल : सरकारी स्तर पर संयंत्र की खरीदारी पर 3.65 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा

## ड्रोन खरीदने को मिलेगा अनुदान, 26 तक आवेदन

प्रात: किरण, संवाददाता





गिद्धौर। बदलते दौर के साथ कृषि भी आधुनिक होती जा रही है। किसान खेती में नई तकनीक को अपना रहे हैं। सरकार इसके लिए लगातार जागरुक कर रही है। जिसका असर अब दिखने भी लगा है। अब किसान भाई खेती के काम में ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। आधुनिक तरीके से खेती करने के लिए बिहार सरकार किसानों को विभिन्न तरह की संचालित योजनाओं का लाभ अनुदानित दर पर दे रही है,ताकि किसान खेती कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें। तकनीकी विधि से खेती कराने में ड्रोन किसानों को उपयोगी साबित हो रहा है। ड्रोन का उपयोग खेती में दवा के छिड़काव में लागत कम करने के लिए किया जा रहा है। साथ ही यह रोजगार का साथी भी बन रहा है।जमुई जिले में भी सरकार किसानों व संगठन को ड्रोन की खरीद पर अनुदान दे रही है। जिससे किसानों को ड्रोन की खरीद के लिए अधिक राशि खर्च नहीं करनी पड़ेगी। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामाधार चौधरी ने बताया कि ड्रोन की खरीद पर अनुदान के लिए किसानों से आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक किसान कृषि विभाग के कृषि यांत्रीकरण के ओएफएमएस पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए पोर्टल पर 26 दिसंबर तक खुला है। लाभार्थियों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के निबंधित किसान निर्धारित तिथि तक ड्रोन के लिए विभाग की वेबसाइट पर जरूरी कागजात के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सरकारी स्तर पर संयंत्र की खरीदारी करने पर 60 प्रतिशत या अधिकतम 3.65 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। कृषि पदाधिकारी ने कहा कि किसानों के अलावा एफपीओ,कृषि यंत्र बैंक संचालक स्वयं सहायता समूह, लाइसेंसधारी खाद बीज विक्रेताओं के साथ ही पंजीकृत संस्था भी ड्रोन अनुदान के लिए आवेदन कर सकती है। अनुदान का भुगतान कृषि विभाग के द्वारा सीधे संबंधित ड्रोन विक्रेता कंपनी या एजेंसी के खाते में किया जाएगा।कृषि पदाधिकारी ने बताया कि चयनित लाभार्थी को कृषि विश्वविद्यालय सबौर या डॉ. राजेंद्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय पूसा में 15 दोनों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। लाभार्थियों का चयन लॉटरी से किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना में आवेदन के लिए इंटरमीडिएट विज्ञान का प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। किसानों को मिलेगा लाभ बता दें कि खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव करने के लिए किसान अभी भी पुराना तरीका ही अपना रहे हैं। किसान खेतों में जाकर दवा का छिड़काव करते हैं। इससे किसानों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। साथ ही, खेतों में जाने और दवा के छिड़काव के दौरान मात्रा कम ज्यादा होने से फसलों को भी नुकसान होता है। किसानों को नई तकनीक का प्रयोग करने से फसलों की अधिक पैदावार के साथ ही उनकी सेहत भी ठीक होगी।

# राजद कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सोमवार को राजद कार्यकर्ताओं ने अमित शाह के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शहर के अंबेडकर चौक पर पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संसद में संविधान पर चर्चा के दौरान डॉ.भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान को लेकर सियासत गरमा गई है। कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री से इस्तीफा देने की माँग की। आगे उनलोगों ने कहा की संविधान के शिल्पकार के प्रति ऐसी घृणित सोच का राजद सिपाही घोर निंदा करते हैं। अमित शाह को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए । देश के 90% से अधिक जनसंख्या शोषित, दलित, गरीब पिछड़ा, अपेक्षित और अल्पसंख्यकों की है। जो बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भगवान से कम नहीं मानते है। सदन में गृह मंत्री द्वारा दिए गए बयान से देश के 90% लोग अपने आप को अपमानित महसूस कर रहे हैं । मौके पर झाझा विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी राजेंद्र यादव, राजद नेता कामदेव यादव, श्रीकांत यादव, साधु शरण दास सहित अन्य लोगो ने कहा की संविधान निर्माता का अपमान पूरे अनुसूचित जाति जनजाति समाज का अपमान है। इसे राजद कार्यकर्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। मौके पर कई राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गिद्धौर बाजार में हर रोज लग रहा भीषण जाम

## दिन में मालवाहक ट्रकों के परिचालन से हो रही परेशानी

● यात्री व राहगीर हो रहे परेशान

प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। इन दिनों आये दिन मुख्य राजमार्ग के गिद्धौर बाजार के लार्ड मिंटो टॉवर चौक के निकट राजमार्ग पर बालू लदे ट्रकों एवं बेतरतीब ढंग से यात्री वाहनों के परिचालन से हर रोज यहां भीषण जाम यहां लग रहा। जिससे उक्त सड़क पर अन्य दोपहिया चारपहिया यात्री वाहनों एवं क्षेत्र के राहगीरों को घोर कठिनाई का सामना यहां करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि आये दिन आवागमन के क्रम में कुछ देर के लिए यहां कभी न कभी आवगमन ठप्प पड़ जाता है। बालू लदे ट्रकों के बाजार में दिन में भी परिचालन होने से ट्रैफिक जाम रहने के कारण छोटी बड़ी गाड़ियां जाम में बेतरतीब तरीके से फंसी रह जाती हैं। वहीं सोमवार को जाम के वजह से दो पहिया चार पहिया वाहन चालक एवं राहगीरों को बाजार में खरीददारी को ले तंग गलियों से गुजर अपने गंतव्य स्थान तक पहूंचना पड़ा। बतातें चले कि क्षेत्र में नो एंट्री नहीं लगने के कारण दिन रात बालू लदे ट्रक के परिचालन होने से हर दिन यहां जाम लगा रहता है। वहीं जाम को ले स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि दिन रात बालू लदे ट्रकों का परिचालन यहां मुख्य बाजार के निकट राजमार्ग पर देखा जा रहा है। जिसकी वजह से हर रोज यहां जाम लगा ही रहता है। उन्होंने आगे बताया कि जाम रहने की शिकायत जिले से लेकर स्थानीय प्रशासन को भी है मगर आज तक इस ओर किसी ने ध्यान नही दिया। लिहाजा इन दिनों गिद्धौर बाजार के लोग क्षेत्र के राहगीर प्रतिदिन जाम की समस्या से जूझने को विवश हैं लेकिन समस्या की सुधि ले जाम से निजात दिलाने वाला यहां कोई नही। क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय प्रशासन की ओर से यहां जाम से निजात दिलाने को ले कवायद सिफर है। लिहाजा यहां जाम की समस्या आम बनी हुई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से लार्ड मिंटो टॉवर के निकट लग रहे जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

# जमा राशि की तत्काल वापसी हो , लोगों ने शहीद स्मारक के पास आक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन किया

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। जमाराशि की तत्काल वापसी, जॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के बचे हुए फरार ठगों की अविलंब गिरफ्तारी, महाठग सीएमडी जीतेन्द्र कुमार राजीव के मास्टरमाइंडों और सफेदपोशों-मददगारों को बेनकाब करने की मांग को लेकर जॉलीवुड निवेशक संघर्ष मोर्चा के मुख्य संरक्षक संजय केशरी के नेतृत्व में चलाए जा रहे चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत आज किलान्तर्गत शहीद स्मारक के समक्ष आक्रोशपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता मोहम्मद तालिब हुसैन ने की। संचालन महासचिव रविरंजन कुमार कर रहे थे। धरना-प्रदर्शन में सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित निवेशकों को संबोधित करते हुए मुख्य संरक्षक संजय केशरी ने कहा कि पुलिस प्रशासन अगर चाह ले तो जमाराशि की वापसी के साथ-साथ फरार अभियुक्तों और उसके मददगारों को पाताल से भी खोजकर निकाल सकती है लेकिन रहस्यमय कारणों से पुलिस प्रशासन इस पर चुप्पी साधे हुए है। श्री केशरी ने ऐलान किया कि तीन दिनों के भीतर यानि 72 घंटों के अंदर फरार अभियुक्तों और उसके मददगारों की गिरफ्तारी तथा जमाराशि की वापसी की ठोस पहल नहीं हुई तो जेल भरो अभियान चलाकर पीड़ित निवेशकों के द्वारा एसपी कार्यालय में खुद अपनी ही गिरफ्तारी दी जाएगी। इस अवसर पर सैकड़ों निवेशक उपस्थित थे।

# कारोबार : जिले में सैकडो.से अधिक तिलकुट की दुकानें तिलकुट बनाने की शुरूआत भी झाझा व गिद्धौर से

## एक सीजन में होता है लगभग 20 करोड़ के तिलकुट का कारोबार

प्रात: किरण संवाददाता



गिद्धौर। गिद्धौर और झाझा का तिलकुट देश-विदेश में मशहूर है। तिलकुट जहां स्वाद और पर्व त्यौहार में आस्था का पर्याप्त है वहीं गिद्धौर व झाझा के लिए आर्थिक समृद्धि का साधन भी है। अनुमान के मुताबिक जमुई जिले में सिर्फ एक सीजन का करीब 20 करोड़ से भी अधिक का तिलकुट का कारोबार होता है। जमुई जिले में करीब सैकडो.से अधिक तिलकुट दुकान है जहां दिन-रात तिलकुट बना रहे हैं। इस तरह तिलकुट जहां देश की शान है,वही जमुई का सबसे अधिक का व्यापार देने वाला मिष्ठान भी है। तिलकुट बनाने की शुरूआत भी झाझा और गिद्धौर से जुड़ी है। जानकारी के अनुसार झाझा में तिलकुट का निर्माण झाझा थाना चौक व गिद्धौर मिंटो टावर चौक के मुसों हलवाई व कारेलाल गुप्ता ने शुरू किया था। तिलकुट बनाने की यह कला बाद में जमुई जिला बाजार में प्रसिद्ध तिलकुट मंडी के रूप में तब्दील हो गई। तिलकुट के है औषधीय महत्व गिद्धौर के चिकित्सक डॉ. शशिशेखर प्रसाद ने बताया कि तिल का सेवन स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी काफी महत्वपूर्ण है।गिद्धौर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर शशिशेखर प्रसाद के अनुसार तिल को सेवन ठंडे में शरीर को गर्मी प्रदान करता है। तिल में कैलोरी भी ज्यादा होती है ऐसे में थोड़ी मात्रा में भी तिल लेने से ज्यादा एनर्जी मिल सकती है। कुल मिलाकर तिलकुट का सेवन ठंड के समय में ज्यादा लाभकारी है। आयुर्वेद में भी तिल को त्वचा के लिए लाभकारी माना जाता है। बाजार में उपलब्ध है कई प्रकार के तिलकुट वक्त के साथ तकनीक बदलती गई और तिलकुट का जायका भी नए कलेवर में आता गया। फिलहाल बाजार में कई प्रकार के तिलकुट उपलब्ध है। इनमें साधारण तिलकुट 200 से 260 रुपये, गुड से बने तिलकुट 300 से 400 रूपए, खोया से बने तिलकुट 320 से 400 रुपए प्रति किलो बेचे जा रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार चीनी और खोवा महंगा हुआ है लेकिन इसमें फिलहाल तिलकुट के रेट में किसी प्रकार की वृद्धि की संभावना नहीं है।

# तीन किलो गांजा के साथ बाइक सवार 02 धंधेबाज गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। मादक पदार्थ तस्करी की गुप्त सूचना पर पूरब सराय थाना की पुलिस ने शनिवार की देर रात मुबारक चक मस्जिद के समीप 03 किलो 74 ग्राम गांजा के साथ बाइक सवार 02 धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गांजा के साथ पकड़ाए धंधेबाज की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी सुमित कुमार और कासिम बाजार थाना क्षेत्र के हसनगंज निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार दोनों धंधेबाज के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर रविवार को जेल भेज दिया गया। पूरब सराय थानाध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस जब मुबारक चक मस्जिद के समीप पहुंची तो दो बाइक सवार पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगे। जिसे खदेड़ कर दोनों को पुलिस ने पकड़ा। तलाशी के दौरान पुलिस ने बाइक सवार के पास रखे बैग से 03 किलो 74 ग्राम गांजा बरामद किया।पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे लोग खगड़िया जिलांतर्गत फरकिया माय जी स्थान के समीप से गांजा की खेप लेकर मुंगेर आए थे। दोनों गांजा की खेप किसी को डिलेवरी करने वाले थे। जिसका इंतजार दोनों बाइक सवार मुबारक चक के समीप कर रहे थे। इस बीच पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि गांजा के साथ गिरफ्तार दोनों युवकों से पूछताछ में गांजा की खेप डिलेवरी करने वाला और गांजा की खेप मंगाने वाले के बारे में कुछ क्लू मिला है, पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है। गिरफ्तार दोनों धंधेबाज का रिकार्ड पुलिस खंगाल रही है।

# किसानों की समस्या जिले में व्याप्त अराजकता को लेकर सपा ने दिया धरना

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। किसानों की समस्या जिले में व्याप्त अराजकता संसद में गृह मंत्री द्वारा बाबा साहब को अपमानित करने सहित 13 सूत्री मांगों को लेकर किसान दिवस पर समाजवादी पार्टी ने जिला मुख्यालय के शहीद स्मारक पर सोमवार को एक दिवसीय धरना पर बैठे और केंद्र व राज्य सरकार के साथ जिला प्रशासन को जमकर कोसा धरना के पूर्व सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में सपाईयों ने किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की तस्वीर पर श्रद्धांजलि निवेदित करते हुए जनहित में अनवरत लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया । धरना का संचालन जिला प्रवक्ता गणेश पोद्दार कर रहे थे। मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने शासन और प्रशासन पर हमला बोलते हुए कहा कि पूंजीपतियों के गोद में बैठी सरकार के इशारे पर अधिकारियों के कोख से भ्रष्टाचार जन्म ले रहा है और किसान मजदूर छात्र नौजवान आम आम के सुधी लेने के लिए चाहे वह केंद्र की सरकार हो या की राज्य सरकार कोई तैयार नहीं है श्री यादव ने किसानों के सवालों पर कहा की बोने के समय डीएपी नहीं पटवन के समय लाइट नहीं फसल बेचते समय एमएसपी नहीं और पूंजीपतियों के दलाल सरकार किसानों की दशा सुधारने की बात करतीं रहतीं हैं ऐसी निर्लज्ज और विध्वंसक व्यवस्था का समाजवादी पार्टी के द्वारा विरोध जारी रहेगी। लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा कि आम जनता महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार धर्म संप्रदाय के विध्वंसक चपेट में है सांसद कलंकित हो रहा है संविधान निमार्ता बाबा साहब को अपमानित किया जा रहा है और पीएम सीएम यात्रा के बहाने जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग कर रहा है जिसका जवाब जनता आज नहीं तो कल जरूर देगी वहीं सपा के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर ने कहा कि किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह का सपना था गांव गरीब की दशा सुधार की लेकिन दुर्भाग्य अब किसी को किसान दिवस याद नहीं चौधरी साहब याद नहीं किसान हलकान है आम जनता परेशान और जिला समाहरणालय से लेकर अंचल कार्यालय तक लूट में आकंठ डूबी है ऐसी परिस्थितियों में आम आदमी को आंदोलन के लिए सड़क पर आना होगा धरना को महासचिव मिथिलेश यादव मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम जमालपुर नगर अध्यक्ष अमर शक्ति वरिष्ठ नेता सुरेश यादव डॉ सुधीर गुप्ता वर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया और शासन प्रशासन को जमकर कोसा । धरना को उपरांत सपाईयों ने जिला पदाधिकारी को 13 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा जो राष्ट्रपति के नाम था जिसमें कृषि को उद्योग का दर्जा, किसानों को पेंशन, खाद की कालाबाजारी, नगर निगम में चल रहे सफाई घोटाला, दलित बस्ती में सड़क,बासगीत पर्चा, फसल मुआवजा, जिला मुख्यालय के निकट एम यू का भवन निर्माण, बाबा साहब को अपमानित करने वाले गृह मंत्री द्वारा सार्वजनिक माफी आदि मांगे शामिल थी । धरना पर जिला उपाध्यक्ष रामनाथ राय सहित काफी संख्या में सपाई उपस्थित थे।

# चार दिन पुर्व चोरी गई अष्टधातु के तेरह मूर्तियों में से सात लावारिस अवस्था में बरामद

बरियारपुर(मुंगेर)। बरियारपुर थाना क्षेत्र के राम-जानकी ठाकुरवाड़ी से चोरी गई तेरह अष्टधातु के मूर्ति में से सात मूर्ति बरामद कर लिया गया है। इस आशय की जानकारी थाना अध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक वीरभद्र कुमार सिंह ने दिया।उन्होने कहा कि अहले सुबह सूचना प्राप्त हुआ कि ऋषि कुण्ड हाल्ट के समीप महन्त बाबा स्थान के समीप लावारिस अवस्था में उजला झोला में वजनी समान रखा हुआ है। मौके ऐ बरदात थाना अध्यक्ष वीरभद्र कुमार सिंह सदल वल प्रस्थान कर घटनास्थल पहुंचे जहां संदिग्ध परिस्थितियों में एक झोला देख जॉच प्रारम्भ किया। जिसमें वजनदार समान प्राप्त हुआ।खोलने के बाद अष्टधातु के सात मूर्ति देख स्थानिय ग्रामीणों के समक्ष उसे बरियारपुर थाना परिसर ले आया गया। सूचक महन्त राजाराम दास को घटना कि सूचना दिया गया।

# ऑल इंडिया किसान मजदुर संगठन के आहवान पर प्रतिवाद दिवस मनाया गया

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर/बरियारपुर (मुंगेर) ।23 दिसंबर 2024 को ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के सैकड़ो कार्यकताओं ने पूरब सराय रेलवे स्टेशन के निकट से प्रतिवाद मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व जिला सचिव भारत मंडल , कामेश्वर रंजन कर रहे थे। जुलूस में कार्यकर्ता नारे लगा रहे थे। तीन काले कृषि कानूनों के नए प्रस्ताव कृषि विपणन पर नई राष्ट्रीय नीति को तत्काल वापस लो। पंजाब-हरियाणा की सीमा पर आंदोलन रत किसानों पर दमन करना बंद करो।

जेल में बंद ग्रेटर नोएडा के किसानों को रिहा करो का नारा लगा रहे थे। जुलूस शहीद स्मारक चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया।

कार्यकताओं ने प्रस्ताव की पत्तियों का दहन किया , मौके पर मौजूद जिला सचिव भारत मंडल ने कहां की केंद्र सरकार द्वारा जारी कृषि विपणन जैसे नए प्रस्ताव को पुनः लाकर पुराने तीन काले कानून को लागू करने की साजिश कर रही है उन्होंने इन प्रस्तावों को अभिलंब वापस लिए जाने की मांग की।

किसान नेट रामेश्वर रंजन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि करीब 2 साल पहले कॉपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के नियत से केंद्र की भाजपा सरकार 3 कृषि कानून को लाया था, जिसे संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में 13 माह की लंबी लड़ाई के फल स्वरुप केंद्र सरकार को वापस लेना पड़ा, आज पुण इस काले कानून को फिर से नए लिबास में लाने की तैयारी चल रही है उन्होंने सभा में उपस्थित किसान मजदूर से आह्वान करते हुए कहा आंदोलन की ताकत को मजबूत करते हुए जन्म विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ाई तेज करनी होगी। सभा में उपस्थित नारायण यादव, सुधीर यादव, उत्तम दास, इंद्रदेव पासवान, गंगा मंडल, प्रकाश बिनोद, सुधीर मंडल आदि उपस्थित थे।

# डीएम ने पंचायत सचिव को सरकारी राशि के गवन एवं अनियमितता के आरोप में निलंबित किया

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह वर्तमान में फूल एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। अभी एक सप्ताह पूर्व ही जहां उन्होंने एक राजस्व कर्मचारी को निलंबित कर दिया वहीं दो डाटा इंट्री ऑपरेटर की सेवा समाप्त कर दी थी। सोमवार को पुनः उनके द्वारा हवेली खड़गपुर के पंचायत सचिव को सरकारी राशि के गबन एवं अनियमितता के आरोप में दोषी पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि हवेली खड़गपुर के अग्रहण पंचायत में पंचायती राज विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में संचालित विभिन्न योजनाओं में गड़बड़ी एवं अनियमितता की शिकायत मिल रही थी। मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए स्थलीय जांच एवं निरीक्षण हेतु जिला पंचायती राज पदाधिकारी कुमार अभिषेक सहित कार्यपालक एवं सहायक अभियंता, भवन प्रमंडल, मुंगेर की त्रिस्तरीय जांच दल का गठन कर स्थलीय जांच एवं निरीक्षण कराया गया। जांच एवं निरीक्षण के पश्चात दिए गए जांच प्रतिवेदन में समीक्षोपरांत पाया गया कि हवेली खड़गपुर के अग्रहण पंचायत में वित्तीय वर्ष 2022-23 के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में घोर वित्तीय अनियमितता बरतते हुए अभिलेखों में छेड़छाड़ एवं सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है तथा योजनाओं में खर्च किए गए राशि के अलावा 10 से 12 लाख रुपए के अतिरिक्त राशि का व्यय किया गया है जो सरकारी राशि के निष्फल व्यय का मामला बनता है। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त मामले में दोषी पाए गए संबंधित पंचायत के वर्तमान पंचायत सचिव विकास कुमार वर्णवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया गया है तथा तत्कालीन पंचायत सचिव शंभु मंडल, तकनीकी सहायक ताबिश आलम एवं ग्राम पंचायत के मुखिया को भी इस मामले में दोषी पाते हुए प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी हवेली खड़गपुर को सभी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के अन्य प्रखंडों एवं पंचायतों में भी इन योजनाओं की जांच कराई जा रही है। कोई और दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा लगातार किए जा रहे इस तरह की कार्रवाई से पूरे जिले में हड़कंप मच गया है। बता दें कि विगत मंगलवार को भी सदर अंचल के दो डाटा इंट्री ऑपरेटर को अनियमितता एवं कर्तव्यहीनता के आरोप में सेवा समाप्त एवं एक राजस्व कर्मचारी को निलंबित कर दिया था। इधर जिलाधिकारी ने कहा है कि जिले में किसी भी कर्मियों के खिलाफ यदि कार्यों के प्रति अनियमितता अथवा कर्तव्यहीनता की शिकायत मिलेगी तो उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सख्त लहजे में सभी कर्मचारियों अथवा कर्मियों को आगाह करते हुए कहा कि यदि वे इस तरह का कार्य कर रहे हैं तो अभी ही खुद को ऐसे कृत्य से दूर कर लें, अन्यथा वैसे कर्मियों को न सिर्फ सेवा से बर्खास्त किया जाएगा बल्कि उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। इधर जिलाधिकारी द्वारा तीनों कर्मियों के खिलाफ किए गए कार्रवाई से सभी कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

# तैलिक साहू जिला कमेटी का हुआ विस्तार अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष का हुआ चयन

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। जिला तैलिक साहू सभा की एक बैठक रविवार को मुंगेर के दल हट्टा बाजार में स्थापित तैलिक साहू भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के जिला प्रभारी मनोज कुमार मंटू ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार गुड्डू उपस्थित रहे। जबकि, सभा के युवा प्रदेश महामंत्री अजीत कुमार छोटू विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल रहे। बैठक का उद्देश्य तैलिक साहू सभा का पुनर्गठन करने के साथ-साथ समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के उपाय पर चर्चा करना राजनीति में अधिक- से- अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा करना और आगामी फरवरी में पटना में आयोजित होने वाले समाज की रैली को सफल बनाने के उपायों पर विचार करना था। बैठक में इसके अलावा अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।नए पदाधिकारियों का हुआ सर्वसम्मति से चयन बैठक में सर्वसम्मति शैलेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना को तैलिक साहू सभा, मुंगेर का जिलाध्यक्ष , सुनील कुमार कनौजिया को जिला महासचिव एवं रघुवंश मनी उर्फ बबलू को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं, सभा के जिला युवा मोर्चा के पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। इसमें विकास कुमार आनंद युवा जिलाध्यक्ष, अमित कुमार को युवा जिला महासचिव एवं अनिल कुमार को युवा जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। इस बैठक में तैलिक साहू सभा के वरिष्ठ सदस्य एवं पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार गुप्ता और राजेश कुमार गुप्ता, पूर्व महासचिव दीपक कुमार, पूर्व कोषाध्यक्ष परमानंद साह, दलहट्टा के पूर्व अध्यक्ष हरिलाल साह और रवि भूषण साह प्रमुख थे। इस मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार गुड्डू ने अपने संबोधन में संगठन की एकता और सामुदायिक विकास पर जोर दिया। उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्व निभाने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि, इस बैठक का उद्देश्य समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ राजनीति में अधिक-से-अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक एकता पर जोर देने तथा इसके लिए पटना में आयोजित होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए विचार- विमर्श करना था। उन्होंने कहा कि, यह बैठक संगठन की मजबूती और समाज के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। मौके पर नव नियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया।बैठक में अन्य गणमान्यों की उपस्थिति बैठक में पिलेन्द्र भूषण (अध्यक्ष), अमित कुमार (सचिव), अजय कुमार (कोषाध्यक्ष), अविनाश कुमार (ज्योतिषाचार्य), राजन कुमार, सुधीर कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दिलीप कुमार मुन्ना, दिलीप कुमार दीवाना, सुबोध छवि, गुड्डू तेली और नितेश भारती जैसे कई सदस्य मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार प्रांतका 66 वां अधिवेशन का आयोजन आरा में होगा

## 24 से 27 दिसंबर तक अधिवेशन का आयोजन होगा

प्रात: किरण संवाददाता

● हवेली खड़गपुर से सैकड़ों की संख्या में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदस्यों व पदाधिकारी लेंगे भाग

मुंगेर। आरा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार प्रांत का 66 वां प्रांत अधिवेशन 24 से 27 दिसंबर तक होगा। जिसमें नगर के अभाविप कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसके लिए मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य को पदाधिकारी आरा रवाना होंगे। इस बात की जानकारी विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम केसरी ने प्रेस वार्ता में दिया है । उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को प्रदर्शनी उद्घाटन और 25 दिसंबर को अधिवेशन का उद्घाटन होगा। मुख्य अतिथि श्री श्री 108 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरि जी महाराज व विशिष्ट अतिथि एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री शिवांगनी खारवाल होंगे। 26 दिसंबर को शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभायात्रा और संध्या आठ बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें मुख्य अतिथि भोजपुरी गायक अभिनेता रितेश पांडेय मौजूद रहेंगे। 27 दिसंबर को इस प्रांतीय अधिवेशन का समापन होना है। शुभम केसरी ने आगे बताया कि इस अधिवेशन में विश्वविद्यालयों में फैले शैक्षणिक अराजकता, छात्र हित से जुड़े सामाजिक-राष्ट्रहित के कार्यों, स्वास्थ्य एवं रोजगार पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही एक मेनिफेस्टो भी तैयार होगा। नगर के कार्यकर्ता अधिवेशन में शामिल होने के लिए काफी उत्साहित है। इसमें से कई ऐसे कार्यकर्ता है जो पहली बार अधिवेशन में शामिल होने जा रहे हैं।

# गिग अर्थव्यवस्था की चुनौतियां

हाल ही में प्रकाशित फोरम फॉर प्रोग्रेसिव गिग वर्कर्स के द्वारा आयोजित एक वेबिनार में भारत की गिग अर्थव्यवस्था पर श्वेतपत्र प्रकाशित किया गया है। इसमें जहां भारत में तेजी से बढ़ती हुई गिग अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ती हुई नौकरियों और चुनौतियों का उल्लेख किया गया है, वहीं कहा गया है कि भारत में गिग अर्थव्यवस्था इस वर्ष 2024 तक 17 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 455 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। श्वेत पत्र के अनुसार भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में गिग अर्थव्यवस्था का योगदान वर्ष 2030 तक 1.25 प्रतिशत के स्तर पर होगा। गौरतलब है कि देश में सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में कमी आ रही है, लेकिन गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके छलांगे लगाकर बढ़ रहे हैं। गिग अर्थव्यवस्था का मतलब है अनुबंध आधारित या अस्थायी रोजगार (गिग वर्क) वाली अर्थव्यवस्था। गिग अर्थव्यवस्था के तहत गिग वर्कर प्रोजेक्ट दर प्रोजेक्ट आधार पर काम करते हैं और अपनी सेवाएं देते हैं। व्यापक तौर पर कोविड-19 के बाद डिजिटलीकरण के प्रसार ने गिग अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। जहां शहरी क्षेत्रों में गिग वर्कर को अभी तक कंस्ट्रक्शन, मैन्युफैक्चरिंग, डिलिवरीज जैसे श्रम आधारित और कम योग्यता आधारित कार्यों से जोड़कर देखा जाता रहा है, वहीं अब गिग वर्किंग के मौके व्हाइट कॉलर जॉब यानी ऐसे कामों में भी बढ़ रहे हैं, जहां उच्च स्तर के कौशल और शिक्षा की जरूरत होती है। उच्च स्तर के कौशल और शैक्षणिक योग्यता के साथ काम के ऐसे मौके ई-कॉमर्स, फिनटेक, हेल्थटेक, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे हैं। खास बात यह है कि गिग अर्थव्यवस्था के तहत अब महिलाएं भी पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। महिलाओं की भागीदारी गिग अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में दिख रही है। चाहे मार्केटिंग हो या फाइनेंस, महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। इसके साथ ही महिलाएं इस समय फ्रीलांसिंग में भी सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखा रही हैं। उल्लेखनीय है कि गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके बढ़े के संबंध में नीति आयोग के आंकड़े भी महत्वपूर्ण हैं। नीति आयोग के मुताबिक देश में इस समय 77 लाख गिग कर्मी हैं। ऐसे कर्मियों की संख्या तेजी से बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इसका कारण यह है कि गिग कर्मियों की व्यवस्था फिलहाल केवल शहरी क्षेत्र में ही है और मुख्य रूप से ये सेवा क्षेत्र में सक्रिय हैं। मगर अब इनका दायरा बढ़ेगा तो गिग कर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। नीति आयोग के आकलन के अनुसार भारत में गिग वर्कर्स की संख्या 2030 तक बढ़कर 2.3 करोड़ के लगभग हो जाएगी। देश में टियर-2 और टियर-3 शहरों में गिग अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। खासतौर से मुंबई, दिल्ली, पुणे, बेंगलूरु, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर और चेन्नई सहित देश के छोटे-बड़े शहरों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष गिग नौकरियां निर्मित होते हुए दिखाई दे रही हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इन दिनों देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और रोजगार से संबंधित विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि देश में गिग अर्थव्यवस्था के कारण विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर में तेजी से कमी आ रही है और रोजगार के नए मौके बढ़ रहे हैं। चूंकि गिग कर्मचारी अक्सर संगठित और असंगठित क्षेत्र के बीच ग्रे जोन में आते हैं, जिससे लाभ और संसाधन प्रभावित होते हैं, इसलिए बड़ी प्लेटफॉर्म कंपनियां तेजी से गिग श्रमिकों के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थितियों को प्राथमिकता दे रही हैं।

# समृद्ध किसान, समृद्ध भारत

एमएस स्वामीनाथन ने कहा था : ह्रअगर कृषि गलत हो गई, तो किसी और चीज को सही होने का मौका नहीं मिलेगा। ह्र किसान देश की पूंजी हैं। देश के घरेलू उत्पाद की वृद्धि में कृषि महत्वपूर्ण रोल अदा करती है। यदि किसान धनी हैं तो समूचा देश धनी है। भारत की अर्थव्यवस्था कृषि उत्पादन पर निर्भर करती है। इसलिए कृषि की भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुआयामी भूमिका है। प्राथमिक क्षेत्र, जिसमें कृषि आती है, द्वितीय एवं तृतीय क्षेत्र के लिए नींव है। कृषि ही सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाती है। भारत कृषि प्रधान देश है। यहां किसानों को अन्नदाता और धरती पुत्र कहा जाता है। किसान मौसम की परवाह किए बिना तपती धूप, बारिश और कड़कड़ाती ठंड में भी दिन-रात खेतों में काम करके इस देश की अर्थव्यवस्था के विकास और प्रगति में अपना अद्वितीय योगदान देते हैं। उनको अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी भी कहते हैं। हमारे देश में 60-70 प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर हैं। सकल घरेलू उत्पादन में कृषि का 20.2 प्रतिशत योगदान है। देश के कार्यबल में 47 प्रतिशित कृषि और किसानों का योगदान है। किसानों और कृषि की अहमियत समझते हुए किसानों के हित के लिए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने बहुत काम किए। उन्हीं के समय किसान सशक्त हुए हैं। उन्होंने ऋण मोचन विधेयक व भूमि जोत अधिनियम तथा अन्य किसान हित के बहुत से कार्य करवा कर किसानों को राहत प्रदान की। इसलिए प्रतिवर्ष 23 दिसंबर के दिन भारतवर्ष में राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है। इस दिन को किसानों के हिमायती और उनको सशक्त बनाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हर वर्ष नए थीम को घोषित कर उस पर काम किया जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के योगदान को देखते हुए ही अन्नदाताओं को सम्मान देने के लिए 2001 से प्रतिवर्ष देश भर में 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन किसानों तथा कृषि से संबंधित विषयों पर विभिन्न कार्यक्रमों, वाद-विवाद, सेमिनारों, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं, चर्चाओं, कार्यशालाओं, प्रदर्शनियों, निबंध लेखन प्रतियोगिताओं और समारोहों का आयोजन किया जाता है। सरकार कृषि और किसानों के लिए बहुत सी स्कीमें को ला रही है, परंतु फिर भी किसानों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। किसानों को उनके उत्पादन का बहुत कम हिस्सा प्राप्त होता है। भारतीय रिजर्व बैंक के एक अध्ययन के अनुसार किसान भारत में फलों और सब्जियों में एक-तिहाई खिदरा मूल्य प्राप्त करते हैं। थोक और परचून विक्रेता दो-तिहाई हिस्सा ले जाते हैं। किसानों का हिस्सा टमाटर, प्याज और आलू पर 33, 36 और 37 प्रतिशत क्रमशः रह जाता है। बहुत बार तो किसान लागत के बराबर मूल्य न मिलने पर अपनी फसलों को सड़कों पर फेंक देते हैं। यह सब कुशल आपूर्ति श्रृंखला एवं विपणन प्रणाली के न होने, फसलों की नाशवान प्रवृत्ति, भंडारण सुविधाओं की कमी तथा बहुत संख्या में बिचौलियों के होने के कारण है। इसलिए भारत में किसान बार-बार धरना-प्रदर्शन तथा आत्महत्याएं कर रहे हैं। भारत में 2014 से 2022 तक 100473 किसानों ने आत्महत्या की है। 4 दिसंबर 2023 को राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार साल 2022 में 11290 किसानों ने आत्महत्या की थी जो 2021 से 3.7 प्रतिशत ज्यादा है। 2021 वर्ष में 10281 आत्महत्या के केस थे। 2022 के आंकड़ों के अनुसार हर घंटे में एक किसान आत्महत्या करता है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा किसान आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या के मुख्य कारण हैं- सूखा, असामयिक बारिशों से खड़ी फसलों का बर्बाद होना, चारों और बढ़ती कीमतें एवं सरकारी नीतियां, उच्च ऋण बोझ, सार्वजनिक मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत और मानसिक मुद्दे आदि। इसलिए यह भी आवश्यक है कि इस दिन किसानों के स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए किसानों के आत्महत्या करने के कारणों का पता लगा कर, उन पर कार्य करना चाहिए। भारत को समृद्ध बनाना है तो किसानों और कृषि मजदूरों को समृद्ध करना होगा। इसके लिए जो स्कीमें वर्तमान में किसानों/कृषि क्षेत्र के लिए चल रही हैं, उनमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ये किसानों तक पहुंचनी भी चाहिए। अगर इनमें रिसाव है तो उसे रोकना चाहिए। इसके अतिरिक्त बहुत से फैसले लेने होंगे तथा उनका दायरा बढ़ाने की आवश्यकता है जिनमें सभी फसलों, सब्जियों, फलों पर गारंटीकृत न्यूनतम समर्थन मूल्य, ऋण माफी, भूमि सुधार, कम दरों पर उत्तम किस्म के बीज, खाद, कीटनाशक देना, सभी फसलों, सब्जियों व फलों का बीमा योजना के अंतर्गत लाया जाए, ताकि प्राकृतिक आपदा, अन्य कारणों से हुए नुकसान की किसानों की भरपाई हो सके। दूध आदि का भी समर्थन मूल्य घोषित हो। ग्रामीण इलाकों में सहकारी समितियों के गठन पर जोर दिया जाए तथा इनकी कार्यप्रणाली पारदर्शी की जाए। दूध प्रसंस्करण तथा दूध उत्पाद प्लांट सहकारी समितियों द्वारा स्थापित किए जाएं, जलवायु परिवर्तन तथा भूजलस्तर जो गिर रहा है।

# संसद के कलुषित परिवेश का जिम्मेवार कौन?

**जरा सोचिए कि छह करोड़ रुपए से क्या-क्या हो सकता है? हजारों गांवों की किस्मत संसद की एक दिन की कार्यवाही पर होने वाले खर्च से बदल सकती है। लाखों गरीब लड़कियों की शादी हो सकती है। लघु और कुटीर उद्योगों से हजारों नौजवानों की किस्मत संवर सकती है। लेकिन सांसद यह सब नहीं सोचते। विकास की योजनाएं भले न बनें, व्यक्तिगत हित जरूर सुधरने चाहिए। क्या सांसद देश से ऊपर हो गए हैं? एक बात और सारे सांसद हंगामेबाज हों, ऐसी बात नहीं हैं। जो कामकाज को लेकर गंभीर हैं, वे कुछ नहीं कर पाते। सवाल है कि सांसद हर बार माहौल क्यों नहीं बनाते? क्या सांसद केवल हंगामा करने के लिए ही पहुंचते हैं?**





**प्रियंका सौरभ**
**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार )**

पिछले कुछ दिनों से संसद में जो कुछ हो रहा है, उससे देश निराश है। संसद चलाकर ही सरकार विपक्ष के सवालों के जवाब सही ढंग से दे सकती है। हंगामे के माहौल में सांसदों को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं मिलता। कोई बच्चा भी समझ सकता है वेल में जाकर नारेबाजी और हंगामा कर सदन की कार्यवाही रोकने से कैसे विरोध जताया जा सकता है। अच्छी बात तो तब कही जाएगी, जब आप अपने सवाल साफ-साफ रखें और सरकार साफ-साफ जवाब दे पाए। लेकिन इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि संसद की कार्रवाई में बाधा अपवाद की बजाय नियम बन गया है और हमारे राजनेताओं को इस पर कोई पछतावा नहीं होता है। पिछले वर्षों में यह गिरावट बड़ी तेजी से आई है। सांसद एक-दूसरे पर चिल्लाते हैं, विधायी कागजों को छीनकर फाड़ देते हैं, छोटे से मुद्दे पर सदन के बीचों-बीच आ जाते हैं। पिछले वर्षों में ज्यादातर विधेयकों को बिना चर्चा के ही पारित किया गया है। यह संसदीय प्रणाली का दुरुपयोग है। अब विपक्षी पार्टियों और कुछ सांसदों ने संसद की दुर्गति कर रखी है। दोनों सदनों में निजी एजेंडों को लेकर अनुत्पादक हंगामा कर कार्यवाही ठप करा देना आम बात है। संसद में शोर-शराबा, वेल में जाकर नारेबाजी करना, एक-दूसरे पर निजी कटाक्ष करना यहां तक कि कई बार हाथापाई पर उतारू हो जाना आज संसद की आम तस्वीर है। आखिर सियासी पार्टियों और सांसदों का बर्ताव इतना अराजक क्यों हो गया है? क्या आज पार्टियों के निहित स्वार्थों ने संसद को मजाक बनाकर रख दिया है। सांसदों के रवैये को देखते हुए लगता नहीं है कि उसकी मंशा देश के विकास की योजनाएं बनने देने की है। ऐसा लग रहा है कि सांसदों ने पूरे संसदीय लोकतंत्र को बंधक बना लिया है। क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही आजकल टीवी पर लाइव दिखाई जाती है, लिहाजा देश का आम आदमी भी वह सब कुछ देखता है, जो संसद में रोज हो रहा है। आखिर सांसद लोगों के सामने अपनी क्या छवि पेश कर रहे हैं? जरा सोचिए कि देश के लोगों के मन में आपकी क्या छवि बनती जा रही है? यह सच है कि इस गिरावट का कारण यह है कि राजनीति आज संख्या का खेल बन गई है जिसके चलते क्षेत्रीय क्षत्रप अपनी मनमर्जी कराने के लिए दबाव डालते हैं। वे न केवल दादागिरी की राजनीति में विश्वास करते हैं अपितु सफल संसद सत्र के पैमाने को ह्यजिसकी लाठी, उसकी भैंसह्ण भी बनाते हैं। आज विषय-वस्तु की बजाय आकार महत्वपूर्ण बन गया है जिसके चलते संसद में गली-मोहल्लों के झगड़ों जैसे दृश्य देखने को मिलते हैं। इसलिए इस गिरती राजनीतिक संस्कृति और नैतिक मूल्यों में संसदीय कार्रवाई में राजनीति को प्रभावित करने वाली विषय सामग्री नहीं मिलती है। कुल मिलाकर ऐसा लगता है कि संसद अब महज एक स्कोरिंग क्लब बन कर रह गई है। बहुतों को पता होगा कि संसद की एक मिनट की कार्यवाही पर ढाई लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। इस तरह एक दिन की सामान्य कार्यवाही पर औसतन छह करोड़ रुपए का खर्च आता है। जिस दिन कार्यवाही लंबी चलती है, उस दिन खर्च और बढ़ जाता है। जरा सोचिए कि यह पैसा आता कहां से है। जाहिर है कि देश के आम लोगों की जेब से ही आता है। लोकतंत्र में इससे बड़ा और क्या मजाक होगा कि संसद की कार्यवाही लगातार ठप रहे या फिर दिन भर रह-रह कर हंगामा होता रहे, फिर भी एक दिन में छह करोड़ रुपए खर्च हो जाएं। जरा सोचिए कि छह करोड़ रुपए से क्या-क्या हो सकता है? हजारों गांवों की किस्मत संसद की एक दिन की कार्यवाही पर होने वाले खर्च से बदल सकती है। लाखों गरीब लड़कियों की शादी हो सकती है। लघु और कुटीर उद्योगों से हजारों नौजवानों की किस्मत संवर सकती है। लेकिन सांसद यह सब नहीं सोचते। विकास की योजनाएं भले न बनें, व्यक्तिगत हित जरूर सुधरने चाहिए। क्या सांसद देश से ऊपर हो गए हैं? एक बात और सारे सांसद हंगामेबाज हों, ऐसी बात नहीं हैं। जो कामकाज को लेकर गंभीर हैं, वे कुछ नहीं कर पाते। सवाल है कि सांसद हर बार माहौल क्यों नहीं बनाते? क्या सांसद केवल हंगामा करने के लिए ही पहुंचते हैं? सांसदों ने लोकसभा को पंगु बना कर रख दिया है। हकीकत यह है कि लोकतंत्र का लोक यानी देश की जनता लोकसभा का चुनाव सीधे तौर पर करती है। ऐसे में अप्रत्यक्ष रूप से चुने गए सदन को लोक के सदन यानी लोकसभा की गरिमा का सम्मान करना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि लोकसभा में हुए हर काम में अड़ंगा डाल दिया जाए। लोकसभा में तय दिनों में सभी सांसदों को तीन-तीन मिनट ही सही, अपने चुनाव क्षेत्र के बारे में बोलने दिया जाए। बार-बार हंगामा करने वाले सांसदों को चिन्हित किया जाए और उनकी सूची प्रचारित कराई जाए। ऐसे नियम बनाए जाएं कि वेल में आने या पर्चा लहराने या दूसरा किसी भी किस्म का हंगामा करने वाले सांसद के खिलाफ खुद-ब-खुद कोई तय कार्यवाही हो जाए। कुछ सांसद वॉकआउट करने के बाद दोबारा सदन में क्यों आ जाते हैं? केवल दिखावा करने के लिए ऐसा करते हैं, उन्हें देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। वे संसद में कुछ कर नहीं पा रहे हैं और उधर उनके लोकसभा क्षेत्र की जनता त्रस्त, क्योंकि वे उनकी समस्याएं सुलझा ही नहीं पा रहे हैं, क्योंकि संसद में केवल हंगामा हो रहा है। इसलिए संसद को अखाड़ा बनने से रोकें। नेतृत्व को भी अपनी बात समझाएं, उनके हर गलत-सही आदेश का आंख मूंदकर पालन न करें। लोकतंत्र के पवित्र मंदिर की गरिमा बचाए रखना सांसदों का प्रथम काम है। संसद को महत्वहीन बनाने के खतरनाक आयामों को शायद ये लोग नहीं समझते हैं। हमारी संसद हमारे राष्ट्र की आधारशिला है जो जनता का प्रतिनिधित्व करती है और जिससे अपेक्षा की जाती है कि वह हमारे राष्ट्रीय हितों पर संप्रभु निगरानी रखे। सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी है और सरकार का अस्तित्व उस पर लोकसभा के विश्वास पर निर्भर करता है। अतः समय आ गया है कि हमारे सभी सांसद इस बात पर ध्यान दें कि संसदीय लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है। अन्यथा जनता ही उसका उपहास करने लगेगी। हमारे सांसदों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि वे किस तरह की विरासत छोड़ कर जा रहे हैं। क्या वे संसद को इसके पतन के भार के नीचे दबने देंगे? आज जो हो रहा है, वो हम देख ही रहे हैं। उम्मीद है कि देश के सांसदों को, सांसद चलाने वालों को इस बात का भान जल्द हो कि देश का नागरिक उन्हें कितनी उम्मीद के साथ देखता है। साथ ही उन्हें कई मौकों पर उदाहरण की तरह रखता है।

# भारत, वीटो और भारत की चेतावनी

**सवाल ये है कि क्या जयशंकर इतना नहीं जानते की वीटो का इस्तेमाल किसी से पूछकर नहीं किया जाता। जिसके पास वीटो पावर है वो इसका इस्तेमाल करता ही है। 1970 से लेकर अब तक अमेरिका 82 बार वीटो पावर का इस्तेमाल कर चुका है, रूस ने सबसे ज्यादा 294 बार वीटो पावर का इस्तेमाल किया है। रूस के राजदूत व्यचेस्लाव मोलोतोव को तो दुनिया मिस्टर वीटो के नाम से ही पुकारने लगी थी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद विश्व आवश्यक बल प्रयोग करने का अधिकार भी रखती वीटो का इस्तेमाल किया था**





**राकेश अचल**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)**

भारत के पास वीटो पावर नहीं है फिर भी भारत अब पहले वाला भारत नहीं है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर ह्यवीटोह्ण लगाने की अनुमति नहीं देगा और वह किसी डर की परवाह किए बिना राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा वह करेगा.। एस जयशंकर ने भले ही किसी का नाम न लिया हो, लेकिन उनका इशारा सीधे तौर पर चीन की ओर था. दरअसल, यूएन में चीन भारत से जुड़े प्रस्ताव वर वीटो का इस्तेमाल कर अड़ंगा लगाता रहा है।

सबसे पहले तो ये जान लीजिये कि ये वीटो पावर है क्या बला? दरअसल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य देशो को मिला हुआ विशेषाधिकार ही वीटो पॉवर ह कहलाता हैं. जिन देशों के पास यह विशेषाधिकार होता हैं वो परिषद् में प्रस्तावित किसी भी प्रस्ताव को रोक सकते हैं या उसे नकार सकते हैं, भले ही उसके पक्ष में कितने भी वोट पड़े हों। किसी प्रस्ताव को पारित करने के लिए परिषद् के सारे स्थायी सदस्यों का वोट और 4 अस्थाई सदस्यों का वोट मिलना जरूरी होता हैं. सुरक्षा परिषद् के पाँच स्थायी सदस्य जिन्हें वीटो पॉवर ह प्राप्त हैं उनमें महाबली अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन शामिल है। भारत को अभी तक ये विशेषाधिकार नहीं मिला है।

भारत की विदेश नीति में इस समय स्पष्टता का अभाव है। भारत कभी अमेरिका के साथ खड़ा दिखाई देता है तो कभी रूस के साथ। भारत ने अपने पारंरिक विरोधी चीन के साथ भी रिश्ते सुधरने के प्रयास भी किये हैं लेकिन उसे हमेशा खतरा बना रहता है की यदि संयुक्त राष्ट्र में भारत के खिलाफ कोई मामला गया तो चीन उस पर अपने वीटो का इस्तेमाल कर सकता है।

भारत के खिलाफ अभी हालाँकि कोई प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में नहीं है लेकिन ऐसे तमाम मामले हैं जो वहां उठाये जा सकते हैं, इसीलिए शायद विदेशमंत्री जयशंकर ने अपनी और से कहा कि ह्लस्वतंत्रता को कभी भी तटस्थता के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए. हम ह्यसंगतह्ण होने के किसी डर की परवाह किए बिना अपने राष्ट्रीय हित और वैश्विक भलाई के लिए जो भी सही होगा, वह करेंगे। भारत कभी भी दूसरों को अपने फैसलों पर वीटो लगाने की अनुमति नहीं दे सकता। ह्व जयशंकर ने कहा कि भारत आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है.। एक तरफ, पिछले दशक ने दिखाया है कि उसके पास क्षमताएं, आत्मविश्वास और सबसे महत्वपूर्ण बात, व्यापक मोर्चों पर विकास को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता ह।

सवाल ये है कि क्या जयशंकर इतना नहीं जानते की वीटो का इस्तेमाल किसी से पूछकर नहीं किया जाता। जिसके पास वीटो पावर है वो इसका इस्तेमाल करता ही है। 1970 से लेकर अब तक अमेरिका 82 बार वीटो पावर का इस्तेमाल कर चुका है, क्या उसने किसी से पूछकर इस विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया? रूस ने ही भारत के पक्ष में 4 बार अपने वीटो पावर का इस्तेमाल किया। रूस ने सबसे ज्यादा 294 बार वीटो पावर का इस्तेमाल किया है। रूस के राजदूत व्यचेस्लाव मोलोतोव को तो दुनिया मिस्टर वीटो के नाम से ही पुकारने लगी थी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद विश्व शांति के लिए प्रतिबंधों के साथ ही आवश्यक बल प्रयोग करने का अधिकार भी रखती है। रूस ने 1957, 1961, 1962 और 1971 में भारत के पक्ष में अपने वीटो का इस्तेमाल किया था

विश्व गुरु बनने का प्रयास कर रहे भारत को अभी तक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता और वीटो पावर नहीं मिली है, जबकि भारत आबादी के लिहाज से अब दुनिया का नंबर वन देश है, लेकिन न कांग्रेस और न भाजपा की सरकारें वीटो पावर हासिल करने में कामयाब हो पायीं। भूटान और पुर्तगाल ने भारत के पक्ष में आवाज उठाई है। भारत कि पड़ौसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश म्यांमार, श्रीलंका यहाँ तक की मालदीव से भारत की अनबन है अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस पहले ही भारत का समर्थन कर चुके हैं. हालाँकि चीन, भारत की स्थायी सदस्यता में सबसे बड़ी बाधा बन रहा है। जब तक चीन नहीं मानता तब तक भारत को वीटो पर नहीं मिल सकती और बिना वीटो पावर के भारत बिना सुदर्शन चक्रधारी विष्णु जैसा है। भारत 2021 में सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य बन चुका है लेकिन उसे अभी तक स्थाई सदस्यता नहीं दी गयी है। परिषद में 9 और देश अस्थाई सदस्य हैं।

भारत ने वीटो के बारे में अचानक जो कुछ कहा है उससे ये आशंका होने लगी है कि संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद में कोई न कोई प्रस्ताव भारत के खिलाफ आने वाला है, यदि ऐसा नहीं है तो विदेशमंत्री को वीटो पावर के बारे में जिक्र करने की क्या जरूरत थी? संसद में तो इस बारे में कोई जिक्र हुआ नही। देश के आम चुनावों में किसी दल ने भारत को वीटो दिलाने की बात अपने चुनाव घोषणा पत्र में की नहीं। फिर अचानक ये वीटो राग कहाँ से श्रुरू हो गया? लगता है की सरकार देश के अंदरूनी मुद्दों से जनता का ध्यान बंटाने के लिए वीटो-वीटो गा उठी है। भारत को विश्वगुरु बनने की सनक छोड़कर वीटो हासिल करने कि लिए काम करना चाहिए।

# पत्रकारिता के अपराधीकरण का दौर

**कुमार कृष्णन**

राजनीति का अपराधीकरण और अपराध का राजनीतिकरण इस देश में विमर्श का बड़ा मुद्दा रहा है लेकिन पत्रकारिता के अपराधीकरण पर कभी कोई चर्चा नहीं होती। हां, शोर तब मचता है जब कोई पत्रकार वसूली या भयादोहन करते, अपराधियों या पुलिस के साथ मिलकर अपहरण, फिरौती या रंगदारी जैसे संगीन जुर्म मे पकड़ा अथवा शामिल पाया जाता है। पत्रकारिता में आला दर्ज के ब्लैकमेलर, बदमाश, लफूआ व पत्रकारिता के नाम पर ठेकेदारी करने वालों लूटेरों की फौज आ गई है जो गांधी, अम्बेडकर, माखनलाल जी की इस पवित्र पत्रकारिता का भी नाश करने में लगे हैं। मुझे याद है कि एक प्रतिष्ठित अखबार के कार्यलय में अचानक एक कट्टर ईमानदार भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी आक्रोशित मुद्रा में प्रधान संपादक के कार्यालय में घुस गए उक्त आक्रोशित भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ने कड़े शब्दों में उनके अखबार में लिखित समाचार का खंडन किया और संपादक ने शांत मुद्रा में उनकी बातों को सुना क्योंकि उन्हें सच्चाई मालूम हो गई थी। अब सवाल उठता है कि राज्य में कितने ऐसे अधिकारी हैं, जो संपादक के कार्यालय में जाकर अपना आक्रोश प्रकट कर सकें और यहीं सवाल कितने पत्रकारों से भी हे की क्या आप में इतनी दम है कि एक ईमानदार अधिकारी के आक्रोश को झेल लें, उत्तर नहीं है। ये बाते लिखने का मतलब क्या है? आज का अधिकारी और आज का पत्रकार, दोनों समझ गये हैं कि दोनों क्या है? दोनों भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। दोनों एक दूसरे के पोषक हो गये हैं? बिहार में मुंगेर जिले के पत्रकार खतरनाक अपराधियों से सुपारी लेकर हत्याकांड को अंजाम दे रहे हैं। इसका खुलासा मुंगेर के पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने किया है कि मनजीत मंडल और उसके वाहन चालक चंदन मंडल की हत्या में जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उसमें एक पत्रकार को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए पत्रकार हैं अभिषेक कुमार, पिता गुणानंद ठाकुर, सकिन जगन्नाथ टोला, गांव फरदा, थाना सफियासराय, जिला मुंगेर। हाल में ही जिला प्रशासन ने एक पखवारा पूर्व मैराथन दौड़ के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भागीदारी के लिए उसे अन्य पत्रकारों का साथ सम्मानित भी किया था। जिन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है उसमें यह सफियासराय थाना क्षेत्र के जगन्नाथ टोला फरदा ग्राम निवासी अमरजीत उर्फ डेविड, पिता अशोक सिंह और सन्नी उर्फ भानु, पिता प्रमोद कुमार और मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के नया टोला मुबारकचक गांव निवासी नवीन तांती उर्फ लुला, पिता प्रेम प्रकाश गांधी। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि सभी गिरफ्तार चारों अभियुक्तों ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने के लिए उन लोगों ने खतरनाक अपराधी पवन मंडल से पांच पांच लाख रुपए की सुपारी ली थी। इस सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड में अभी दोनों शूटर फरार चल रहे हैं जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। विदित है कि 13 जुलाई 2024 को दिनदहाड़े मुंगेर भागलपुर सड़क मार्ग में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के संगीता लाइन होटल के पास मनजीत मंडल और उसके चालक चंदन मंडल की हत्या गोलियों से अपराधियों ने भून कर कर दी थी। मंजीत मंडल को यह पता नहीं था कि उसका दोस्त ही उसके हत्या की पटकथा लिख देगा। उसने अपने खास दोस्त पत्रकार अभिषेक कुमार को कुख्यात पवन से मिलाया था जिसने पवन के इशारे पर पैसे के लिए अपने ही दोस्त मंजीत के हत्या की पूरी पटकथा तैयार कर दिया। यह किसी ओर ने नहीं, बल्कि गिरफ्तार अभिषेक ने पुलिस को दिये अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है। अभिषेक ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वर्ष 2021 में पवन मंडल की बहन रूबी कुमारी की शादी हुई थी। उस समय मंजीत और पवन में गहरी दोस्ती थी। मंजीत ने ही पवन मंडल के बहन की शादी का कार्ड अभिषेक को देकर शादी में आमंत्रित किया था। इस शादी में अभिषेक ने मंजीत के साथ भाग लिया था जहां उसकी पहचान पवन मंडल से हुई थी। जिसके बाद धीरे-धीरे पवन और अभिषेक के बीच दोस्ती गहरी हो गयी। इसी बीच जमीन कारोबार में हिस्सेदारी और रूपयों के लैन-देन को लेकर पवन और मंजीत की दोस्ती में दरार हो गया। पवन ने अभिषेक को अपने पक्ष में लेकर मंजीत की हत्या करने के लिए तैयार किया क्योंकि अभिषेक दोनों का दोस्त बना हुआ था। जिसका फायदा उठा कर अभिषेक ने मंजित मंडल हत्याकांड की पूरी पटकथा लिख दी। जब मंजीत मंडल हत्याकांड की पूरी पटकथा तैयार हो गयी तो उसे पूरा करने के लिए रूपयो की जरूरत हुई। अभिषेक ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि पवन मंडल का भाई सुधीर मंडल उर्फ सुब्बा ने 5 लाख रूपया अभिषेक को दिया। 5 लाख की रकम गिरफ्तार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नयाटोला मुबारकचक निवासी नवीन तांती उर्फ लुल्हा को दिया गया था। अभिषेक ने अपनी स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि पवन मंडल किसी कांड में पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हो गया। जिसके बाद पवन मंडल से उसकी बहन रूबी उसका बात कराती थी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना,मंगलवार ,24 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### न्यायालय के नए कोर्ट बिल्डिंग की लिफ्ट फंसी, मची अफरा तफरी

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कोर्ट व्यवहार न्यायालय परिसर में बनी नई चार मंजिला कोर्ट के लिफ्ट में बिजली चली जाने के कारण दोनों लिफ्ट में अधिवक्ता और मोकिल फंस गए। जिससे अफरा तफरी मच गई। अंदर से लोग चिल्ला रहे थे। बाहर टेक्नीशियन द्वारा कोशिश की जा रही थी की दरवाजा खुल जाए। परंतु बहुत कोशिश करने पर दरवाजा खुला परंतु अंदर का बेस बीच मे फंस गया था। जिसके कारण लिफ्ट के अंदर के लोगो को हाथ से खींच कर बाहर निकाला गया। तब लोगो के जान में जान आई। अंदर फंसे लोगों को सांस लेने में भी परेशानी हो रही थी। बताते चलें कि न्यायालय परिसर के नए बिल्डिंग में लगे लिफ्ट में अक्सर तकनीकी खराबी हो जाती है। जिसके कारण यह अक्सर खराब रहता है और कभी-कभी बिजली चली जाने पर फस जाती है। जबकि नियम के अनुसार बिजली जाने के बाद उसे अगले फ्लोर पर पहुंचकर दरवाजा खुल जाना चाहिए। परंतु ऐसा नहीं हुआ जिसके कारण आज की घटना हुई।

### श्री चित्रगुप्त सेवा समिति की बैठक संपन्न

छपरा कार्यालय। श्री चित्रगुप्त सेवा समिति की कार्यकारिणी की बैठक में आगामी वर्ष में सामाजिक,सांस्कृतिक,शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यों को धरातल पर उतारने एवं नई कार्यसमिति के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा सदस्यों से बहुमूल्य सुझाव लिया गया।

समिति के संस्थापक संरक्षक कैलाशपति प्रसाद के मोहननगर स्थित आवास पर आयोजित बैठक में सदस्यों के सुझाव के बाद विचारोपरांत समिति के नये सिरे से पुनर्गठन का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया , जो आगामी 19 जनवरी को आम सभा के माध्यम से सम्पन्न होगा।' साथ ही,वर्ष2023_ 2024 का लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष रूपेश नंदन के द्वारा प्रस्तुत किया गया ' वर्ष 2025 में विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों को करने की जिम्मेदारी नई कार्यसमिति को दिए जाने पर सहमति जताई गई ' बैठक के अंत में चित्रांश समिति,छपरा के संस्थापक महासचिव विकास बहादुर चांद के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर प्रति।भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके समर्पण ,आदर्श एवं चित्रांशो के लिए कार्यों को सभी ने एक स्वर से याद किया तथा कहा कि उनका निधन चित्रांश समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। समिति के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता अंजनी कुमार पांडे की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संरक्षक कैलाशपति प्रसाद, प्राचार्य प्रोफेसर के. पी. श्रीवास्तव,इंजीनियर सुरेंद्र प्रसाद, बासुकीनाथ पांडे, आशुतोष कुमार वकील ,शंभू प्रसाद वर्मा, राजवर्धन कुमार दीपक, रंजन कुमार वर्मा, रंगकर्मी एवं संगीत शिक्षक विश्वनेक समदर्शी और भूपेश नंदन आदि उपस्थित थे।

### आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नही करने के विरोध में नोनिया सेना के बैनर तले थाने पर प्रदर्शन



पानापुर(सारण)गत 17 दिसंबर की शाम थाना क्षेत्र के कोंधभगवानपुर गांव में गेंहू पिसवाकर घर लौट रही मां बेटी को पीट पीटकर घायल कर देने के मामले में आरोपितों के खिलाफ अबतक कोई पुलिसिया कार्रवाई नही होने के विरोध में सोमवार को नोनिया सेना के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों ने थाने के सामने जमकर प्रदर्शन किया।प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि मारपीट के मामले में 17 दिसंबर को ही प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी लेकिन 6 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।पीड़ितों के साथ आरोपितों ने पूर्व में भी मारपीट की थी।पुलिस में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नही की गयी जिससे आरोपितों का मनोबल बढ़ गया है और वे खुलेआम गांव में घूम रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस घुस लेकर उन्हें बचा रही है।मालूम हो कि 17 दिसंबर की शाम मोहन महतो की पत्नी चंपा देवी अपनी पुत्री काजल कुमारी के साथ गेंहू पिसवाकर घर लौट रही थी इसी दौरान कामेश्वर साह के परिजनों ने हमला कर दिया था जिसमे मां बेटी घायल हो गयी थीं।मौके पर उपस्थित अपर थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने आरोपितों पर जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तब जाकर प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# सीएम ने करोड़ों की सरकारी योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया

## दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र दोन के लिए 139.4 करोड़ की योजना पावर ग्रिड का सौगात दिया

घनश्याम

बगहा। प्रगति यात्रा की वाल्मीकिनगर के घोठवा टोला से मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने शुरूआत की है। हर बार की तरह इस बार भी सीएम अपने 15 वीं यात्रा की शुरूआत वाल्मीकिनगर स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के घने जंगलों के बीच स्थित आदिवासी बहुल्य सन्तपुर घोठवा टोला पहुँचे जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंत्री विजय चौधरी और डीएम दिनेश कुमार राय समेत वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार और विधायक रिंकू सिंह मौजूद रहें।



### सरकारी योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

इस दौरान करोड़ों की सरकारी योजनाओं का सीएम नें शिलान्यास और लोकार्पण किया। खास बात यह है की दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र दोन के लिए 139.4 करोड़ की योजना से बनने वाले विधुत ग्रीड की सौगात दिया जिससे उम्मीद जताई जा रही है की नेपाल के तराई इलाका जल्द हीं रौशन होगा।

आदिवासी महिलाओं ने फूलों की बारिश कर स्वागत किया,गोद भराई रस्म में हुए शामिल।वहीं आदिवासी महिलाओं ने सरकार के स्वागत में जमकर फूलों की बारिश की तो जीविका दीदी समूह और हस्तकरघा स्टॉल का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया और ग्रामीणों समेत महिलाओं के कार्यों की उन्होंने सराहना कर लोगों के अभिवादन स्वीकार किये।इधर सीएम नीतीश घोठवा टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिला की गोद भराई रस्म में शामिल हुए जिससे सेविकाओं और आईसीडीएस विभाग की सीडीपीओ के खुशी का ठिकाना नहीं था।

### रपौधरोपण कर सरकारी योजनाओं का बारीकी से जायजा लिया

बाद में मुख्यमंत्री ने हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर देखा फिर सीएम थरूहट पार्क पहुँचे और पौधरोपण कर एक एक सरकारी योजनाओं का बारीकी से जायजा लेकर संतोष जताया।

उधर वाल्मीकिनगर के जेडीयू सांसद सुनील कुमार ने कहा की सीएम अपनी सारी यात्राएं इसी धरती से शुरू करते हैं और अबकी बार भी मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा में करोड़ों का सौगात मिला अब जल्द ही वाल्मीकिनगर राजस्व जिला बनेगा जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार है।ऐसे में सियासत के पिच पर सीएम की यह प्रगति यात्रा 2025 विधानसभा चुनाव में क्या रंग लाती है और बगहा को कब तक राजस्व जिला बनाया जाता है देखने वाली बात होंगी।

### डुमरिया पंचायत के ग्रामीणों व स्कूली बच्चों ने पंचायत सरकारी भवन का काम रोका,सीएम से लगाई गुहार: अंकल हमारे खेल मैदान को बचा लीजिये

बेतिया मोहन सिंह। मुख्यमंत्री अंकल हमारे खेल मैदान को बचा लीजिये। हम बच्चों के खेलने की जगह पर प्रशासन पंचायत सरकार भवन बना रही है। यह गुहार रामपुर-सकरौल उत्क्रमित मध्य विद्यालय व वार्ड संख्या दस के आंगनबाड़ी के बच्चों ने लगाते हुए कार्य रोक दिया है। इस आशय का वीडियो व मेल मुख्यमंत्री को भेजा है। सोमवार को आक्रोशित बच्चों व ग्रामीण जेसीबी के सामने आ गए और काम नही शुरू करने दिया। मामला नरकटियागंज प्रखंड के डुमरिया पंचायत के रामपुर गाँव का है। बता दें कि पंचायत सरकार भवन के लिये प्रस्तावित मैदान का उपयोग बच्चों के खेल ग्राउंड के लिये होता आ रहा है।

### सीएम ने प्रगति यात्रा का शुभारंभ किया बाल्मीकि नगर से

पश्चिम चंपारण। प्रगति यात्रा की वाल्मीकिनगर के घोठवा टोला से मुख्यमंत्री नितीश कुमार नें शुरूआत की है। हर बार की तरह इस बार भी सीएम अपने 15 वीं यात्रा की शुरूआत वाल्मीकिनगर स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के घने जंगलों के बीच स्थित आदिवासी बहुल्य सन्तपुर घोठवा टोला पहुँचे जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंत्री विजय चौधरी और डीएम दिनेश कुमार राय समेत वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार और विधायक रिंकू सिंह मौजूद रहें। इस दौरान करोड़ों की सरकारी योजनाओं का सीएम नें शिलान्यास और लोकार्पण किया। खास बात यह है की दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र दोन के लिए 139.4 करोड़ की योजना से बनने वाले विधुत ग्रीड की सौगात दिया जिससे उम्मीद जताई जा रही है की नेपाल के तराई इलाका जल्द हीं रौशन होगा.वहीं आदिवासी महिलाओं नें सरकार के स्वागत में जमकर फूलों की बारिश की तो जीविका दीदी समूह और हस्तकरघा स्टॉल का मुख्यमंत्री नें जायजा लिया और महिलाओं के कार्यों को सराहा। इधर सीएम नीतीश घोठवा टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती महिला की गोद भराई रस्म में शामिल हुए ।

### प्रगति यात्रा पर मझौलिया के धोकराहा पंचायत पहुंचे सीएम नीतीश

बेतिया(मोहन सिंह/घनश्याम)।सीएम नीतीश कुमार सोमवार को वाल्मीकिनगर के बाद मझौलिया प्रखण्ड के धोकराहा पंचायत पहुंचे। वहां उन्होंने मनरेगा पार्क का अवलोकन किया और शिकारपुर में जीविका के अंतर्गत जीविका उद्यमियों के स्टाल का निरीक्षण किया । वहां इस दौरान उन्होंने कुछ महिलाओं और पुरुषों को उद्यमी योजनाओं के चेक प्रदान किए। जीवीका दीदियों और ग्रामीण महिलाओं ने मुख्यमंत्री का फूलों से स्वागत किया।

## शारदा कला केन्द्र एवं राइज द्वारा फन फेयर का भव्य आयोजन 25 को

■ सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंग -बिरंगे स्टॉल व स्वास्थ्य शिविर होंगे विशेष आकर्षण

प्रातः किरण, संवाददाता

रक्सौल। शहर के मुख्य पथ स्थित हजारीमल हाई स्कूल परिसर में 25 दिसम्बर बुधवार को हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शारदा कला केन्द्र एवं राइज संस्था के संयुक्त तत्वावधान में फन फेयर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देती हुई शारदा कला केन्द्र की संचालिका एवं राइज संस्था की सचिव शिखा रंजन ने बताया कि कार्यक्रम में रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ सुस्वादु खान-पान एवं मनोरंजन के लिए रंग-बिरंगे स्टॉल लगाये जायेंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर व चिकित्सीय परामर्श के लिए भी स्टॉल लगाया जाएगा जिसका लाभ फनफेयर मेला में आने वाले सभी लोग ले सकते हैं । युवाओं के मनोरंजन के लिए रंग-बिरंगे स्टॉल के साथ सेल्फी प्वाइंट भी विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। शिखारंजन ने इस बात को भी रेखांकित किया कि ऐसे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि बच्चों में रचनात्मकता को और अधिक बढ़ावा तथा परिवार, समाज एवं राष्ट्र के प्रति उच्च चारित्रिक मूल्यों की स्थापना के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है । उन्होंने उम्मीद जताया कि इस कार्यक्रम में समस्त नगरवासियों की पूर्व की भाँति सहयोग , समर्थन एवं गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

## नवनिर्वाचित भाजपा मंडल अध्यक्ष को वैश्य समाज ने किया सम्मानित

प्रात: किरण, संवाददाता

दिघवारा नगर।स्थानीय दिघवारा बाजार के जानकी मार्केट परिसर में वैश्य समाज द्वारा एक बैठक आयोजित कर भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता सदर अध्यक्ष सुनील कुमार को सम्मानित किया गया।वैश्य समाज के तरफ से दोनो अध्यक्षों को भाजपा का मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए भाजपा के प्रदेश नेतृत्व जिला नेतृत्व एवं पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया गया।बैठक की अध्यक्षता डॉ अरविंद कुमार तथा संचालन महेश स्वर्णकार ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए डॉ अरविन्द कुमार ने कहा कि भाजपा



के प्रदेश नेतृत्व दिघवारा सदर मंडल में सुनिल कुमार एवं नगर मंडल में दीपक गुप्ता को अध्यक्ष बनाकर हमारे वैश्य समाज का मान सम्मान बढ़ाया है इसके लिए भाजपा के पूर्व विधायक विनय सिंह के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को कोटी कोटी धन्यवाद।बैठक में मूल रूप से बिहार प्रदेश के नेता हेम नारायण सिंह पूर्व सदर मंडल अध्यक्ष उमाशंकर सिंह,महाराज शरण, प्रहलाद प्रसाद सीताराम प्रसाद, सूर्य नारायण प्रसाद, दिनेश प्रसाद,अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश युवा मंत्री विकास कुमार गुप्ता,अमरेन्द्र चौरसिया,राममूर्ति,जुगल किशोर,अजय कुमार,अनुपम कुमार,केशरी प्रिय नन्दन सहित प्रखंड के सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल थे।

## पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

छपरा कार्यालय।जलालपुर थाना को गुप्त सूचना मिली की ग्राम अशोक नगर के व्यक्ति द्वारा चोरी का पिकअप का नंबर प्लेट बदल कर उपयोग किया जा रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम अशोक नगर पहुँच कर उक्त व्यक्ति के घर छापामारी प्रारंभ किया। छपामारी के क्रम में चोरी का पिकअप जप्त कर 01 अभियुक्त फरिन्द्र सिंह, पिता स्व० रामाशंकर सिंह, साकिन- अशोकनगर, थाना जलालपुर, जिला- सारण को गिरफ्तार किया। इस संदर्भ में जलालपुर थाना कांड सं0-284/24 दिनांक-22.12.2024 धारा 318(4)/338/ 336(3)/317(2) बी०एन०एस० दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त फरिन्द्र सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों में फरिन्द्र सिंह, पिता स्व० रामाशंकर सिंह, साकिन- अशोकनगर, थाना जलालपुर, जिला- सारण।वहीं जब्त ओर बरामद सामानों मेंचोरी की गयी पिकअप-01 है। जबकि पुलिस टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों में पु०अ०नि० राहुल कुमार थानाध्यक्ष जलालपुर थाना स०अ०नि० अवधेश कुमार एवं थाना के अन्य कर्मी शामिल थे।

## किशोरी के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज

दिघवारा नगर। थाना क्षेत्र के सीतलपुर बाजार से एक लड़की के अपहरण के प्राथमिकी उसके पिता ने दर्ज करवाई है।जिसमें उसने बताया मेरे पुत्री बीते 18 दिसंबर को दस बजे दिन में स्कूल जाने के लिए निकली थी जो शाम तक घर वापस नहीं आई।दर्ज प्राथमिकी में अपने पुत्री की दो सहेली व सोनपुर थाना क्षेत्र के गोविंदचक गांव निवासी बिजली प्रसाद राय के पुत्र अजय कुमार तथा रंजन सिंह के पुत्र गुलशन कुमार को आरोपित किया है।पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## नाबालिग दुष्कर्म मामले में सजा एवं अर्थ दंड

छपरा कोर्ट।स्थानीय व्यवहार न्यायालय के विशेष न्यायाधीश पोक्सो सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश 6 स्मिता राज ने पॉक्सो सत्र वाद संख्या 16/22 के सुनवाई के बाद अमनौर थाना के मनोरपुर निवासी मनोज कुमार को नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म मामले में पोक्सो की धारा 4 में चौदह वर्ष सशर्म कारावास एवं पच्चीस हजार अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा और 366 (अ) में दस वर्ष की सजा और बीस हजार अर्थ दंड नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा एवं 376 भादवी में चौदह साल कठोर कारावास एवं पच्चीस हजार अर्थ नहीं देने पर अतिरिक्त छह माह की सजा सुनाई है। सभी सजाए साथ साथ चलेंगी। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो सह लोक अभियोजक सुरेंद्रनाथ सिंह एवं उनके सहयोगी सहयोगी अश्वनी कुमार ने न्यायालय में सरकार का पक्ष रखा और कुल सात गवाहों की गवाही न्यायालय में कराई। बताते चले की पीड़िता की मां ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें उसने कहा था कि उसकी लड़की की शादी हो गई थी ।परंतु अभियुक्त ने उसे बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर भाग गया था। पुनः 15 दिन के बाद लड़की घर आई तो पता चला अभियुक्त मनोज उसे दिल्ली लेकर चला गया था। जिसको लेकर सूचिका ने अमनौर थाना मे थाना कांड संख्या 38/ 2022 12 फरवरी 2022 को दर्ज कराई थी।

## राखी गुप्ता वरुण प्रकाश ने इनई गांव में लगाया नि:शुल्क आँख जांच शिविर

### चार सौ से अधिक लोगों ने पाया परामर्श, दवा और चश्मा दिया गया नि:शुल्क

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। शहर के बाद अब गांव में उषा श्रीप्रकाश मेमोरियल एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर ट्रस्ट और क्लियर दृस्टि के द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन छपरा विधानसभा के इनई गांव में किया गया। शिविर का उद्घाटन छपरा नगर निगम की पूर्व मेयर राखी गुप्ता द्वारा किया गया। शिविर के माध्यम से लगभग चार सौ से अधिक लोगों ने चिकित्सीय परामर्श पाया। दवा और चश्मा निशुल्क लोगों को दिया गया।

भारतीय जनता पार्टी की नगर निकाय प्रकोष्ठ भाजपा बिहार की प्रदेश उपाध्यक्ष व छपरा नगर निगम की पूर्व मेयर राखी गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन 20 वीं बार किया



गया है। शहर के बाद गांव की जनता की बारी है। बहुत सारे लोग गांव से मेरे घर पहुंचकर लाभ लेते थे। अब गांव की जनता का सेवा करना है। जनता की सेवा के लिए लगातार कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मेरे द्वारा चुनाव से पहले और चुनाव के बाद भी लगातार आम जनता के लिए कैंप लगाकर लोगों को सेवा प्रदान किया जा रहा है। अब तक लगभग दो हजार से अधिक लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क कराया जा चुका है। जिन लोगों को मेजर प्रॉब्लम आंखों से है उन लोगों का ऑपरेशन भी प्राइवेट अस्पताल में कराया गया है। जनता की सेवा में हम तत्पर हैं।

राखी गुप्ता ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मेरे द्वारा चलाए जा रहे कैंप में लोगों को दिया जा रहा है। सरकार की सभी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं जो जनता को जानकारी नहीं है इस कैंप के माध्यम से सभी लोगों को सभी योजनाओं के बारे में बताया भी जा रहा है। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आयुष्मान बनाया जा रहा है। पिछली बार आवास पर कैंप का आयोजन किया गया था जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया था। दो सौ से अधिक लोगों का ऑपरेशन भी कराया गया था।

## श्याम वार्षिक महोत्सव का हुआ आयोजन

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। शहर में धूम धाम से श्याम वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया इस दौरान मारवाड़ी समाज और मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में शहर के होटल सेंटर प्वाइंट में श्री श्याम वार्षिक महोत्सव पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया.

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम प्रभु का आलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योति, सवामणी प्रसाद एवं भजनों की अमृतवर्षा का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर लोगों ने भजन कीर्तन भी किया. जिसमें बाहर से आये भजन गायकों ने अपने भजनों से लोगों को भाव विभोर कर दिया. भजन गायकी में भजन गायक चंद्र प्रकाश ढांढन (मुंबई), रवि शर्मा सूरज (कोलकाता),अभिषेक शर्मा (कटिहार),किशन कुमार



(कोलकाता)

ने अपने श्याम ने अपने भजनों से समां बांध दिया.देर संध्या तक चले इस भजन कार्यक्रम मौजूद भक्तो को झुमने पर मजबूर कर दिया। साथ ही साथ इस मौके पर भव्य दरबार का भी आयोजन हुआ. इसके अलावें सवामणी व छप्पन भोग लगाकर उत्सव मनाया गया.

भजन के बाद मौजुद भक्तो के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया ' इस संगीतमयी भजन कार्यक्रम मे शहर के अलावा दुसरे शहर और राज्य से भक्त भी आये थे श्याम रस मे डुबने के लिये ।

## मंटू गुप्ता बने बीजेपी नगर अध्यक्षता, पार्टी ने किया स्वागत

रक्सौल। बीजेपी रक्सौल के नवमनोनित नगर अध्यक्ष मंटू गुप्ता का पार्टी की नगर कार्यलय में भाजपा नेता कमलेश कुमार की अध्यक्षता में भव्य स्वागत समारोह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंटू गुप्ता ने कहा कि पार्टी मेरे ऊपर जो भरोसा किया है, उसको हम अपने कार्य से हमेशा पूरा करेंगे, वही कमलेश कुमार ने कहा कि मंटू गुप्ता के अध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं में नया साल में नए जोश के साथ कदम से कदम मिला कम काम करेंगे और पार्टी को मजबूत करेंगे। आने वाले समय में विधानसभा चुनाव होने वाला इस चुनाव में नगर कमेटी की अहम भूमिका रहेगा। मौके पर मौजूद, दीपू श्रीवास्तव, प्रेम गुप्ता, प्रवीण सिंह, कुन्दन गुप्ता, शुशील गुप्ता, गिरी जी, देशबन्धु गुप्ता, हिमांशु अग्रवाल, संजीत कुशवाहा, प्रदीप कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नरायणपुर में खुला एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र,पूर्व विधायक व शाखा प्रबंधक ने किया उद्घाटन

तरैया। प्रखंड के नरायणपुर गांव में एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र खुला।जिसका उद्घाटन सोमवार को पूर्व विधायक मुद्रिका प्रसाद राय व एसबीआई तरैया के शाखा प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।मौके पर मुखिया अमित कुमार सिंह,पूर्व मुखिया तारकेश्वर राय,पूर्व बीडीसी नागेन्द्र प्रसाद,जयनाथ राय, छोटेलाल राय,विजय कुमार यादव,दुर्गा शंकर सिंह, धूपनारायण राय,ओमप्रकाश यादव सहित अन्य शामिल थे।

## जीवन को आगे बढ़ाने का संदेश लेकर ज्योति कलश यात्रा पहुंचा खैरा

■ दण्ड के नहीं-पारितोषिक के पात्र बनें : शांतिकुंज

प्रातः किरण, संवाददाता

खैरा । शांतिकुंज हरिद्वार से चला ज्योति कलश यात्रा सोमवार को खैरा पहुंचा । इस कलश यात्रा के माध्यम से शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा जन जन तक यह संदेश पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है कि इंसान अपनी जीवन को किस तरह सार्थक रूप से आगे बढ़ाए । पाने संदेश में कलश यात्रा के दौरान बताया जा रहा है कि समय , युग , कर्तव्य, उत्तरदायित्व, विवेक, पौरुष ने हमें पुकारा है। यह पुकार अनसुनी न की जा सकेगी। आत्मनिर्माण के लिए,



नव निर्माण के लिए हम काँटों से भरे रास्तों का स्वागत करे और आगे बढ़ें। लोग क्या कहते और क्या करते हैं, इसकी चिन्ता नहीं करनी है ? अपनी आत्मा ही मार्गदर्शन के लिए पर्याप्त है। लोग अँधेरे में भटकते हैं-भटकते रहे, हम अपने विवेक के प्रकाश का अवलम्बन कर आगे बढ़ेंगे। कौन विरोध करता है, कौन समर्थन, इसकी गणना नहीं करनी है। अपनी अन्तरात्मा, अपना साहस अपने साथ है। सत्य , धर्म और, न्याय के लिए हम अकेले आगे बढ़ें और वही करें, जो करना अपने जैसे सजग व्यक्ति के लिए उचित और उपयुक्त है। अपने संदेश के माध्यम से कलश यात्रा के दौरान यह बताया गया कि व्यक्ति ऐसा कार्य करे ताकि उन्हें दंड नहीं पारितोषिक मिले।

परिवर्तन के लिए समर्थ साहस की अपेक्षा होती है। संसार में साहस मिट गया है, यौवन की उमंगें भीरुता ने ग्रस ली हैं, हम स्वयं को इस कलंक से कलंकित न होने दें और कोई न सही हम अकेले ही आगे बढ़ें।, वहाँ तक बढ़ते जाए जहाँ तक की प्रस्तुत अवांछनीय परिस्थितियों, विडम्बनाओं और विचारणाओं का अन्त न हो जाए। युग को बदलना है

इसलिए अपने - दृष्टिकोण और क्रियाकलाप का परिवर्तन साहस या दुस्साहस पूर्वक करना होगा। इसके अलावा कोई मार्ग नहीं है।

हम युग की पुकार का बार-बार उद्घोष कर रहे हैं। उचित है कि समय रहते इस युग पुकार को सुन लिया जाय। न सुना जायेगा तो हम अधिक क्या कहें सिर्फ चेतावनी भर देते हैं कि अगले ही दिनों महाकाल प्रतिभाओं को व्यक्तिगत स्वार्थ साधना में जुते रहने से मुक्त करा लेगा।

कोई धन का मनमान अपव्यय न कर सकेगा। किसी की बुद्धि व्यक्तिगत तृष्णा की पूर्ति में न लग रहने पायेगी, किसी का बल वासना की पूर्ति में संलग्न न रहने दिया जायेगा। इन संदेशों को देते हुए यह कलश यात्रा को बढ़ गई। इस आवास पर खैरा पंचायत के पूर्व मुखिया शत्रुघ्न भक्त सहित क्षेत्र के गायत्री परिवार से जुड़े दर्जनों स्त्री और पुरुष उपस्थित थे।

## कायाकल्प योजना के तहत दरियापुर सीएचसी का राज्य स्तरीय टीम ने मरीजों को दी जानेवाली स्वास्थ्य सुविधाओं का किया समीक्षा

प्रातः किरण, संवाददाता

छपरा। कायाकल्प योजना भारत सरकार के स्वास्थ्य व कल्याण विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता व संक्रमण नियंत्रण संबंधी मानकों को मजबूती प्रदान करना है। योजना के तहत जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरियापुर का कायाकल्प की टीम ने एसेसमेंट किया।टीम में राज्य स्वास्थ्य समिति के डॉ अनुपम सिंह, पिरामल से डॉ उत्तम कुमार शामिल थे। जिसमें अस्पताल में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, और मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का गहन मूल्यांकन किया गया। इस दौरान कई बिंदुओं पर सुधार का सुझाव दिया गया। कायाकल्प योजना का उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण संबंधी मानकों को मजबूती से लागू करना है, जिससे मरीजों को सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। टीम ने अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं के अलावा, अस्पताल के साफ-सफाई इंतजाम, दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों के रख-रखाव, और चिकित्सा कर्मियों के व्यवहार का भी मूल्यांकन किया। साथ ही, अस्पताल में दिए जा रहे अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं जैसे टीकाकरण, प्रसव कक्ष, एएनसी रूम, ओपीडी, और जांच घर की गहनता से जांच की गई।। इन मानकों के आधार पर अस्पतालों का मूल्यांकन किया जाता है और अच्छे प्रदर्शन पर उन्हें पुरस्कृत भी किया जाता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों को स्वच्छ



और सुरक्षित बनाना और मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण पर विशेष ध्यान

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी रमेश चंद्र कुमार ने बताया कि कायाकल्प योजना का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों की स्वच्छता, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और संक्रमण नियंत्रण में सुधार करना है। इसके अतिरिक्त, मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों के बीच अच्छे व्यवहार को भी सुनिश्चित किया जा रहा है। अस्पतालों की रैंकिंग उन्हीं मानकों के आधार पर तय की जाती है, और जिन अस्पतालों का प्रदर्शन अच्छा होता है, उन्हें पुरस्कार दिया जाता है।

### मरीजों को मिल रही है गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह ने कहा कि ‟कायाकल्प योजना से न केवल स्वास्थ्य संस्थानों की छवि में सुधार हो रहा है, बल्कि इससे मरीजों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं भी मिल रही हैं। हम सीएचसी दरियापुर में पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और हम इस अंकेक्षण में उच्च अंक प्राप्त करने के लिए तत्पर हैं।‟ अस्पताल में सेनिटाइजेशन और हाइजीन के मानकों का पालन किया जा रहा है। वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कचरे के सही तरीके से निस्तारण के प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण, पीने का पानी, स्वच्छ चादर, तकिया, और बेड की उचित व्यवस्था की जा रही है, ताकि मरीजों को एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में इलाज मिल सके। असेसमेंट के आधार पर अस्पतालों की रैंकिंग की जाएगी और रैंकिंग में प्रथम स्थान पाने वाले अस्पताल को 15 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। द्वितीय स्थान के लिए 10 लाख रुपये और तृतीय स्थान के लिए 5 लाख रुपये का पुरस्कार निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, 70 प्रतिशत अंक पाने वाले अस्पतालों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा। इस मौके पर डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह, सिफार के डीपीसी गनपत आर्यन, बीसीएम ध्रुप मेहरा, बीएमएनई विश्वजीत कुमार, वीबीडीएस घनश्याम यादव, अकाउंटेंट जय नारायण समेत सभी नर्स और कर्मी मौजूद थे।

## कॉलेजियम हटाओ, देश बचाओ

प्रातः किरण, संवाददाता

लहलादपुर। प्रखंड क्षेत्र के पंडितपुर (नदिया पार) स्थित श्रीराम चौधरी के प्रतिष्ठान परिसर में कॉलेजियम के विरुद्ध एक बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता राजबल सिंह कुशवाहा ने किया, जबकि संचालन श्रीराम चौधरी ने किया. बैठक में कॉलेजियम का विरोध करते हुए वक्ताओं ने कॉलेजियम तथा प्रजातंत्र पर तुलात्मक चचार्यें की. बैठक के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने कॉलेजियम के विरुद्ध नारे लगवाये. बैठक में श्रीराम चौधरी, विनय कुमार पांडेय, सुजीत कुमार कुशवाहा, सरफुद्दीन अंसारी, शम्भु शरण पांडेय, अखिलेश यादव, दीपक कुमार सिंह, संदीप पांडेय, मोह्म्म कूदूस सहित दर्जनों लोगों ने भाग लिया.

# ग्रीन फील्ड परियोजना का किसान कर रहे विरोध

## राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 119 ए बनने के पहले विरोध शुरू



प्रातः किरण संवाददाता

नासरीगंज(रोहतास)। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 119 ए ग्रीनफील्ड परियोजना जो पटना भोजपुर रोहतास में निर्माण कार्य होने वाली है परंतु इस परियोजना के निर्माण से पहले किसानों का विरोध शुरू हो गया है।। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना कार्य को लेकर किसानों को नोटिस भी दे दी गई है तथा नोटिस के साथ जमीन संबंधित सभी दस्तावेजों की मांग की गई है ताकि समय पर भुगतान हो सके और इस ग्रीनफील्ड परियोजना का शिलान्यास हो सके। परंतु नासरीगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मौना के किसानों ने इस परियोजना का विरोध करना शुरू कर दिया है तथा जमीन के बदले काम रुपए मिलने का आरोप लगाते हुए सड़क पर उतर कर प्रदर्शन भी करना शुरू कर दिया है। किसान कृष्णा साहब सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने आरोप लगाया कि वर्तमान में यह जमीन को बेचा जाए तो लाखों रुपए डिसमिल बिकेगा परंतु सरकार इस जमीन को 10 से 20000 रुपए प्रति डिसमिल खरीद रही है जो कि किसानों के साथ बेईमानी है। परवेज आलम देवेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में अपनी शिकायत,असहमति पत्र को जिला भू अर्जन पदाधिकारी को सौंप दिया गया है तथा इस संबंध में जिला के संबंधित अधिकारियों से भी मिलकर अपनी समस्याओं को रखा गया है। किसान संजय शाह सुनील शाह बृजेश कुमार राय केसर निहाल ने कहा कि इसी जमीन पर खेती करके हमारा पालन पोषण होता है परंतु जिस तरह से सरकार किसानों का जमीन का दाम दे रही है वह किसान विरोधी है या तो सरकार हमें जमीन के बदले जमीन दे या कम से कम एक लाख या जरूरत अनुसार 2 लाख प्रति डिसमिल जमीन हमारा खरीदे। विदित हो कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 119 ए पटना से चलकर भोजपुर जिला होते हुए रोहतास जिला में कार्य निर्माण होगा। किसानों ने कहा कि सरकार हमारी मांगे नहीं सुनेगी तो हम लोग सड़क पर उतरने के लिए तैयार है। मौके पर राजेश कुमार खादिम हुसैन सत्येंद्र चौधरी अब्दुल है सैयद महमूद हसन बृजेश कुमार राय केसर नेहाल सुनील शाह सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# आलू पराठा बनवाकर खाया फिर मारी 12 गोलियां, हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

## बड़े भाई ने जताई आशंकाः साल 2021 में गांव में एक डांस प्रोग्राम में वर्चस्व को लेकर हुआ था विवाद

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । भोजपुर में रविवार की देर रात हथियारबंद अपराधियों ने एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। 32 साल के प्राइवेट टीचर को 12 गोलियां मारी गई हैं। मौके पर ही मौत हो गई। बड़े भाई ने बताया कि भाई का गांव के कुछ लोगों से 2021 में डांस प्रोग्राम में विवाद हुआ था। उस वक्त भी उसे 5 गोली मारी गई थी, लेकिन वो बच गया। फायरिंग मामले में परिवार ने गांव के कुछ लोगों पर केस किया था। जिसे वो वापस लेने का दबाव बना रहे थे।

टीचर को सिर में तीन, गर्दन पर एक, एक गोली पेट में, दो गोली बाएं हाथ और एक सीने समेत अन्य जगहों पर लगी है। मृतक की पहचान कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के उदयभानपुर गांव निवासी विजय शंकर सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार की रात में हथियारबंद दो बदमाश विजय शंकर के घर आए और भूख लगने की बात कही। विजय शंकर ने अपने घर पर आलू का पराठा बनवाया। खाना खाने के बाद दोनों बदमाश समेत 5 लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिससे विजय शंकर की मौके पर मौत हो गई। फायरिंग करने वाले सभी आरोपी गांव के ही हैं। मृतक के बड़े भाई अशोक सिंह ने बताया कि साल 2021 में गांव में एक डांस प्रोग्राम में वर्चस्व को लेकर विवाद हुआ था। उसी विवाद को लेकर 27 दिसंबर 2021 को विजय शंकर सिंह को इटहाना मोड़ के पास सिगरेट पीने के बहाने चाय की दुकान पर बुलाकर हथियारबंद अपराधियों ताबड़तोड़ फायरिंग कर पांच गोली मारी थी। जिसके बाद आरा शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भाई के बयान पर पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसके बाद अपराधी कभी सोशल मीडिया के जरिए तो कभी सामने से आकर केस खत्म करने की बात कहते थे। बयान वापस नहीं लेने पर उन लोगों ने साल 2022 में भी हमला किया था। वहीं, केस मैनेज करने के लिए पिछले कई महीनों से वे लोग दबाव बना रहे थे। सोशल मीडिया पर आकर गाली-गलौज भी की थी। रविवार की रात हम अपने दालान में सो रहे थे। तभी बलवंत सिंह, शंकर, गणेश सिंह, रोहित घर के पास आया। इस दौरान चंदन पहले से कमरे में बैठा था। जैसे ही गोली की आवाज सुने उसके बाद हम भगाकर मौके पर पहुंचे सभी आरोपी भागकर रहे थे। मेरे पहुंचते ही उन लोगों ने मुझ पर भी तीन बार फायरिंग की और हथियार लहराते मौके से फरार हो गए।

घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद मौके पर एसपी राज पहुंचे और पूरे मामले की छानबीन में जुट गए हैं। उन्होंने बताया कि ह्यविजय को उनके चाचा के घर पर गोली मारी गई है। कमरे से एक पिस्टल, एक खोखा और अन्य कुछ सामान बरामद किया गया है। अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही सभी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# भारत भूषण सम्मान से सम्मानित हुए अविनाश कुमार



प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुर। जिलान्तर्गत कोईलवर प्रखंड के चाँदी थाना क्षेत्र के रूपचकिया गाँव के मध्यमवर्गीय परिवार में जन्में अविनाश कुमार आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए, अविनाश कुमारको *विश्व विख्यात पद्म श्री डॉड्ड विजय कुमार शाह, जिनकी सराहना सभी प्रधानमंत्रियों द्वारा की गई है, उनके कर कमलों द्वारा मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में भारत भूषण अवार्ड- 2024 से सम्मानित किया गया । बता दें की अविनाश बचपन से ही अविलक्षण प्रतिभा के धनी हैं, साथ ही सभी कक्षाओं में अव्वल आते थें। मैट्रिक उत्तीर्ण करने के बाद से ही वे अपने दादाजी स्वड्ड बद्रीनाथ सिंह एवं अपने पिता श्री राजेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा बताये-सिखाये हुए पदचिन्हों पर चलते हुए, ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा का अलख जगाने हेतु मुफ्त, दस रुपये, बीस रुपये ट्यूशन फी लेकर गरीब बच्चों को पढ़ाने का काम शुरू किया ' इन्होंने ग्रामीण क्षेत्र चाँदी में न्यू स्काईलार्क इंस्टिच्यूट के बैनर तले बहुतायत छात्रों को मेधावी बनाते हुए कई उच्च पदों पर पहुँचाने का कार्य किया, क्लब चला गांव की ओर कार्यक्रम के तहत पच्चीस गाँवों में जाकर फ्री में छात्रों का मोटीवेशनल क्लास लेकर पढाई के प्रति जागरूक किया ' आज ग्रामीण क्षेत्र के चाँदी में *कैम्ब्रिज नाईटिंगेल पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में अंग्रेजी माध्यम से सीबीएसई के तर्ज पर शहरों जैसी शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं ' आज अविनाश स्काईलॉर्क यूथ क्लब, नाईटिंगेल वेलफेयर सोसाइटी सहित कई संगठनों में मुख्य पद पर रहते हुए प्राईवेट स्कूल्स एसोशिएसन भोजपुर के जिला उपाध्यक्ष हैं ' इन्हें शिक्षा के क्षेत्र में पहले भी जिला और राज्य स्तर पर कई दैनिक समाचार पत्रों एवं संगठनों के द्वारा ज्ञान रत्न पुरस्कार, प्रतिभा सम्मान पुरस्कार, शिक्षक सम्मान पुरस्कार सहित देश स्तर पर अंडर सिक्सटी बेस्ट एजुकेशनलिस्ट अवार्ड, दिल्ली में मिल चुका है । इन्होंने बताया की जैसे ही हमारें संगठन से जुड़े लोगों और शुभचिंतको को अवार्ड पाने की सूचना मिली उनके बधाई और शुभकामनाओं का तांता लगा हुआ

# व्यवहार न्यायालय, के कर्मचारियों ने अपने कार्यविधि के दौरान काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्वक किया कार्य

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। व्यवहार न्यायालय, के सभी कर्मचारीगण द्वारा आज अपने कार्यविधि के दौरान काला पट्टी बांधकर शांतिपूर्वक न्यायिक कार्य किया गया, साथ ही बिहार सरकार के विधि विभाग द्वारा पारित दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को बिहार व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों के विरुद्ध वेतन से संबंधित सरकार आदेश की प्रति जलाकर शांतिपूर्वक विरोध जाहिर किया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय आरा संघ के अध्यक्ष, सुशील कुमार राय ने बताया कि यह सकारण आदेश कर्मचारियों के विरुद्ध मैग्नाकार्टा है, जिस आधार पर राज्य सरकार के समतुल्य कर्मचारियों से विभेद किया जा रहा है। अर्थात सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।

यदि वेतन विसंगति दूर एवं अन्य मांगे पूरा नहीं किया जाता है तो हम सभी कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए बाध्य है।

इस अवसर पर संघ के सचिव बसावन राम द्वारा सकारण आदेश की घोर भर्त्सना की गई एवं कड़ी निंदा की गई साथ ही कहा गया कि अगर कर्मचारियों के हित में सरकार द्वारा उचित कदम नहीं उठाया जाता है तो हम सभी कर्मचारीगण सड़क से सदन तक जाने के लिए विवश होंगे। इस अवसर पर सुभाष सिंह, सुधाकर चौबे, राज्य संघ के भावी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रत्याशी निक्कू सिंह एवं भावी महासचिव प्रत्याशी रूपेश कुमार ओझा के साथ सिंधू, रिंकू, दीपू, उमेश, रूपेश, अमृत गौतम, सौरभ, संतोष, सागर, उज्जवल, दीपक गौतम, सत्य प्रकाश, विनय, श्वेता, ज्योति, दिलीप सिंह, प्रभंजन ठाकुर के साथ सभी कर्मी उपस्थित थे।

### आरा यातायात थाना अध्यक्ष नागेंद्र राम के नेतृत्व में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

आरा। बिना हेलमेट ट्रिपल लोडिंग गाड़ी चलाते समय मोबाइल एवं फोर व्हीलर में बैठे हैं तो बेल्ट नहीं लगाने पर होगी करवाई हों जाएं सावधान एक्शन में दिखे यातायात थाना अध्यक्ष नागेंद्र राम , यातायात थाना अध्यक्ष नागेंद्र राम के नेतृत्व में आरा शहर में विभिन्न जगहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया धरहरा शीश महल चौक जज कोठी के पास चलाया यातायात थाना अध्यक्ष ने बताया कि बिना हेलमेट के चलने वाले पर कार्रवाई की जा रही है और लगातार यह अभियान चलता रहेगा कोई भी व्यक्ति यातायात नियम को तोड़ता है तो उसे पर हम लोग उचित कार्रवाई करते हैं और फाइन का भी हम लोग जुमार्ना असूल करेंते है लोगों से अपील करते हैं कि आप लोग यातायात नियम का पालन करें यातायात थाना अध्यक्ष नागेंद्र राम ने बताया कि लोगों से अपील किया कि आम जनता से बिना हेलमेट के नहीं चले ट्रिपल लोडिंग नहीं चले और गाड़ी चलाते समय हेडफोन मोबाइल का उपयोग नहीं करें वाहन चेकिंग अभियान में सिपाही श्रीनिवास अरकअखिलेश कुमार अरकअरविंद कुमार के सहयोग से अभियान चलाया जा रहा है

### बिहार राज्य विधि परिवार के वरीय सदस्य सुदामा राय के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई

डेहरी(रोहतास) । डिहरी विधिज्ञ संघ में बिहार राज्य विधि परिवार के वरीय सदस्य सुदामा राय के निधन पर शोक सभा आयोजन की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने किया अध्यक्ष पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि सुदामा राय आरा के मुल निवासी थे, जो अनेक बार बिहार राज्य विधि के सदस्य निवार्चित हुए तो बार कॉसिंल ऑफ इण्डिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा के बहुत करीबी थे, जो पुरे बिहार में लोकप्रिय थे। शोक सभा में संघ के सचिव रितेश कुमार, को अध्यक्ष विनोद प्रसाद पाल, कमल सिन्हा, मुनमुन पाण्डेय, अजय कुमार मनिषा दुबे,एस.पी. तिवारी, शिव जी, काशीनाथ गुप्ता विनोद सिह, नागेन्द्र सिह, महेद्र पाण्डेय, बलराम तिवारी, विजय कुमार अरूण, सुखदेव शर्मा, गीता कुमारी अभय दूबे, विनय कुमार पाण्डेय, विजय शंकर यादव प्रवीण कुमार दूबे, रंजीत दूबे, रामनाथ राम, रविन्द्र कुमार, अर्जुन सिंह, अंकिता कुमारी, ओम प्रकाश पाण्डेय, रामाशंकर ओझा, प्रमोद कुमार सिह, पवन सिंह, सुधीर सिंह, जाबेद अख्तार आदि, बहुत अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### केविके बिक्रमगंज में पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत

बिक्रमगंज(रोहतास) । केविके बिक्रमगंज में वरीय वैज्ञानिक और प्रधान डॉक्टर शोभा रानी की अध्यक्षता में पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया ।जिसमें जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए किसानों एवं महिलाओं ने भाग लिया । साथ ही उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को सरसों के समूह प्रत्यक्षण के बारे में बताया गया एवं उत्तम प्रभेदों की जानकारी दी गई ।मशरूम उत्पादन पर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न मशरूम के विभिन्न प्रभीदों की जानकारी दी जाएगी । साथ ही प्रैक्टिकल कोर्स के माध्यम से उत्पादन करने का तरीका भी सिखाया जाएगा ताकि किसान भाई इसे अपने घरों में व्यावहारिक रूप से उत्पादन करके स्वयं भी उपयोग करें एवं अच्छी तरह से सीखने के बाद बाजार में बेचकर आए । आज का यह दिन कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया गया । इस अवसर पर मशरूम उत्पादन के मुख्य प्रशिक्षक डॉ रामाकांत सिंह के अलावे डॉ आर के जलज,डॉ रतन कुमार एवं केंद्र के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया ।

### कछवां पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान काटा ऑनलाइन चालान



नासरीगंज(रोहतास) । पुलिस ने वरीय पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया । कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि स्टेट हाईवे 81 मुख्य पथ पर थाना मोड़ के समीप स्थानीय थाना के पुलिस पदाधिकारी पीएसआई शालू कुमारी एवं एएसआई प्रवेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के जवान द्वारा वाहन चेकिंग किया गया । वाहन चेकिंग के क्रम में बाइक का डिक्की,हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण जांच समेत अन्य बिंदुओं पर बारीकी से जांच की गई । थानाध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि वाहन जांच के क्रम में पुलिस पदाधिकारी द्वारा वाहन चालकों से कुल 11 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा गया । श्री कुमार ने कहा कि वाहन चेकिंग अभियान थाना क्षेत्र के सभी मार्गों पर लगातार चलाया जाएगा ।

### 10.8 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी धराया

नासरीगंज(रोहतास) ।पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को धर दबोचा । कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत सवारी गांव निवासी प्रभु दयाल सिंह के पुत्र रवि कुमार को 10.8 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया । श्री कुमार ने कहा कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

### 12 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक महिला कारोबारी गिरफ्तार

बिक्रमगंज(रोहतास) । बिक्रमगंज पुलिस ने देसी महुआ शराब के साथ एक महिला कारोबारी को धर दबोचा । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत बिसेनिया बाल निवासी रामजी मुसहर की पत्नी फोटो देवी को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 12 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार महिला कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया ।

## संक्षिप्त खबरें

### पैक्स अध्यक्ष के द्वारा उपसभापति धनजी सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

नोखा नगर परिषद उपसभापति धनजी सिंह के कार्यलय में नोखा दो पैक्स अध्यक्ष उमेश सिंह के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया उन्होंने लगातार चौथा बार पैक्स अध्यक्ष बनने से खुश होकर अपने समर्थकों के साथ उपसभापति को सम्मानित किया इस मौके पर उपस्थित अखिलेश कुशवाहा,संजय सिंह, मनोज, सिंह, सुरेन्द्र कुमार, आरिफ अंसारी, जगदानंद सिंह सहित कई लोग मौजूद थे!

### काराकाट पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

काराकाट(रोहतास) : काराकाट थाना क्षेत्र की पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि 18 वर्ष पूर्व दर्ज कांड संख्या 235/06 मामले में न्यायालय से वारंट निर्गत था । वारंटी थाना क्षेत्र के महुअरी गांव निवासी गुप्तेश्वर सिंह के पुत्र वीरेंद्र सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया । उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था । जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया ।

### सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

काराकाट(रोहतास) । काराकाट पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपी को गिरफ्तार किया है । इन दोनों ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाया था । बताया गया कि 15 नवंबर को देव पंचायत के मुखिया पति अजय कुमार सिंह ने पंचायत सरकार भवन के निर्माण में बाधा डालने के संबंध में दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध थाने में आवेदन दिया था । थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि देव पंचायत के मुखिया पति और पंचायत सचिव द्वारा नवंबर माह में देव पंचायत सरकार भवन निर्माण में बाधा उत्पन्न करने के संबंध में दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध आवेदन दिया गया था । जिसके बाद सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का मामला दर्ज किया गया । पुलिस को केस अनुसंधान दौरान देव गांव निवासी जय गोविंद सिंह के पुत्र योगेंद्र सिंह उर्फ डब्बू यादव और कल्टू सिंह के पुत्र अशोक सिंह उर्फ मिथुन सिंह का नाम सामने आया । जिसे सोमवार के दोपहर प्रखंड मुख्यालय परिसर से गिरफ्तार किया गया । दोनों आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर जेल भेज दिया गया है ।

# पूर्व प्रधानमंत्री व किसान नेता चौधरी चरण सिंह का मनाया गया जयन्ति समारोह



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। पूर्व प्रधानमंत्री व किसान नेता चौधरी चरण सिंह के जयन्ति समारोह शहीद अकली देवी नगर में यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया के अध्यक्षता में मनाया गया।कार्यक्रम के संचालन सुदर्शन यादव के किया

समारोह के उद्घाटन राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह ,डॉ रघुबर प्रसाद चन्द्रवँशी एवं प्रो विजय सिंह मुखिया ने संयुक्त रूप से चौधरी चरण सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया।अपने सम्बोधन में मनोज सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्म23दिसम्बर1902में उतर प्रदेश के मेरठ जिले के नूरपुर एक साधारण किसान परिवार में हुआ था।उन्होंने1923में विज्ञान से स्नातक की एवम1925में आगरा विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की थी।कानून के प्रशक्षित श्री सिंह ने गजियाबाद से अपने पेशे की शुरूआत की थी।डॉ रघुबर प्रसाद चन्द्रवँशी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह समाजवाद के प्रखर प्रहरी एवम आजादी के अग्रदूत थे उन्होंने आजादी के लड़ाई में महात्मा गांधी जी के भारत छोड़ो आंदोलन में चढ़ बढ़ कर हिस्सा लिया था जिसे उन्होंने अनेको बार जेल जाना पड़ा है।प्रो विजय सिंह मुखिया ने कहा कि चौधरी साहब जब उतर प्रदेश सरकार में मंत्री थे उस समय किसानों के हक में अनेको कार्य किया था।

उतर प्रदेश में भूमि सुधार का श्रेय उन्हें जाता है।ग्रामीण देनदारों को राहत प्रदान करने वाला विभागीय ऋण मुक्त विधयेक1939को तैयार करने एवं अंतिम रूप देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी।समारोह को सम्बोधित करने वाले लोगो मे निर्मल सिंह शक्रवार वार्ड पार्षद प्रयाग यादव विनोद चन्द्रवँशी भुनेश्वर यादव सत्यनारायण यादव महन्थ मुखिया डॉ सुखदेव शर्मा रामशंकर सिंह साधु यादव भुटेली सिंह आकाश पासवान भिखारी यादव जगदीश यादव ओमप्रकाष यादव दिनेश्वर यादव बिरेन्द्र सिंह कामेश्वर सिंह जोगेन्द्र यादव मंतोष यादव सुखदेव सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे

# शहीद नायक प्रमोद कुमार सिंह का मनाया गया दूसरा पुण्यतिथि



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। चंदवा स्थित ग्रीन रिसोर्ट मे शहीद नायक प्रमोद कुमार सिंह का दूसरा पुण्य तिथि जनरल कृष्णा सिंह के अध्यक्षाता मे मनाया गया इस श्रद्धाजली सभा मे पूर्व वाईस चांसलर अचार्ज धर्मेंद महाराज। बखोरापुर मदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और मौर्य होटल के मैनेजिंग डायरेक्टर बी डी सिंह बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष कर्नल राणा प्रताप सिंह भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष इंजीनियर धीरेन्द्र सिंह डॉक्टर कुमार जीतेन्द्र सनोज कुमार जिला सैनिक कल्याण ऑफिसर सतीश चंद पांडे पूर्व मुखिया संतोष कुमार और पूर्व सैनिक और वीरांगनाओ और शहिद प्रमोद कुमार सिंह के यूनिट से आये जे सी ओ और है हवलदार मौजूद थे। सबसे पहले कर्नल राणा प्रताप सिंह ने सभी आए हुए अगिथियों उनका स्वागत किया।

उससे पहले प्रमोद के फोटो पर पंडितो द्वारा पूजा पाठ किया गया।सबसे पहले अचार्ज धर्मेंद्र ने पूजा पाठ कर फूल चढ़ा कर श्रद्धाजली दिया उसके बाद जनरल श्री कृष्णा सिंह ने तैल चित्र पर श्रद्धांजलि दी उसके बाद सभी लोगों ने बारी बारी से श्रद्धांजलि दी।शहीद की पत्नी श्रीमती निरमा सिंह को जनरल कृष्णा सिंह बी डी सिंह अचार्ज धर्मेंद्र डॉक्टर कुमार जीतेन्द्र पूर्व मुखिया संतोष सिंह ने सम्मान अंग वस्त्र से सम्मानित किया उसके बाद शहिद के तरफ से सभी आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया गया।

उसके बाद सभी अतिथियों ने ने बारी. बारी अपना विचार रखें जनरल कृष्णा सिंह ने अंत मे बताया की मुझे यहां आकर बहुत ही खुशी हो रही है की भारतीय सेना के सहीदो को सम्मान भोजपुर के धरत्ती पर दिया जा रहा है।।शहीद हमेशा जिंदा रहते है।हमलोग बदल जाते है पर शहीद हमेशा जिंदा रहते है।अमर हो जाते है और वर्षों वर्षों हमलोग याद करते है।

इस मौके पर भोजपुर के पूर्व सैनिक और रोहित सिंह के पूर्व सैनिक मौजूद थे।जिसमे सूबेदार मेजर कन्हैया सिंह शंकर शर्मा शंकर भगवान सिंह कर्माकर शिव शजनकर सिंह शहीद के ससुर शाले आदि मौजूद थे

# हरिवंश को भोजपुरी सेवक सम्मान से किया गया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता



आराःराज्यसभा के उप सभापति, सांसद और वरिष्ठ पत्रकार हरिवंश को भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान, आरा द्वारा भोजपुरी सेवक सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें पटना स्थित बिहार म्यूजियम में दिया गया। ह्यआखरह्न द्वारा बिहार म्यूजियम में शारदा सिन्हा स्मरण कार्यक्रम आयोजित था, जहां बतौर मुख्य अतिथि हरिवंश उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद उपस्थित भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के सदस्यों अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, कमलेश व्यास, सोहित सिन्हा, डॉ भीम सिंह भवेश, राजेश कुमार तथा रवि प्रकाश सूरज ने हरिवंश से मुलाकात की तथा संविधान में भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता के लिए उचित सहयोग का अनुरोध किया। ज्ञात हो कि अभी हाल में आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने भी लोकसभा में भोजपुरी की संवैधानिक मान्यता का मुद्दा उठाया था। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान की पहल पर भोजपुरी संयुक्त संघर्ष मोर्चा का भी गठन किया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का मनाया गया जयंती समारोह

आरा। राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर, सिंगही, आरा में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के पावन अवसर पर विद्यालय के बाल गणितज्ञों द्वारा विद्यालय परिसर में भव्य गणित मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ विजय कुमार सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा, विशिष्ट अतिथि श्री महेश्वर सिंह, ऑनरेरी फ्लाईंग ऑफिसर, भारतीय वायु सेना, समिति के उपाध्यक्ष अनिल कुमार आदि थे।

# अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द का मनाया गया 98वाँ बलिदान दिवस

प्रातः किरण संवाददाता

भोजपुर। आरा आर्य समाज मंदिर आरा में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 23 दिसम्बर को परम श्रद्धेय स्वामी श्रद्धानन्दजी का बलिदान दिवस एवं आर्य महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया सम्माननीय देवियों एवं सज्जनों स्वामी श्रद्धानन्दजी, गुरूकुल कांगड़ी, हरिद्वार के संस्थापक, स्वाधीनता के आंदोलन में आध्यात्मिक चेतना जगाने वाले, नारी शिक्षा के विस्तारक, शुद्धि-प्रथा के पोषक एवं कुरीतियों के नाश में अग्रणी भूमिका निभाने वाले राष्ट्र पुरूष के रूप में जाने जाते हैं।सबसे पहले वैदिक मंत्रोचारण के साथ पंञ्चमहायज्ञ एवं झंडोतोलन उसके बाद मंच पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान किया और सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रस्तुत की आए हुए अतिथियों ने अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द बारे में लोगों ने विचार



रखा और उनके रास्ते पर चलने का संकल्प लिया आर्य समाज के अध्यक्ष अवध बिहारी मेहता ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र से किया सम्मानित भोजपुर जिले के डीएवी के स्कूल सभी छात्र शिक्षक इस कार्यक्रम में उपस्थित थे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम की मेयर इंदु देवी संजय जी भागलपुर रामानंद प्रसाद आर्य बिहार राज्य प्रतिनिधि सभा उप प्रधान आर्य समाज मंदिर भूषण सुखदेव अग्निहोत्री सुखलाल प्रसाद महावीर विद्यासागर संजय श्रीवास्तव अभय हिमांशु इंद्रमणि सिंह आरबीसी विक्रमादित्य धीरज कुमार आशीष कुमार अरुण कुमार रामनारायण शास्त्री श्री संजय वर्मा श्री विनोद जी ओमप्रकाश गणेश्वर प्रसाद सिद्धेश्वर शर्मा ओमनाथ शास्त्री रामनाथ प्रसाद सुरेंद्र प्रसाद हरिनारायण प्रसाद कोषाध्यक्ष निरज कुमार प्रकाश रंजन मंत्री अवध बिहारी मेहता अध्यक्ष कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग भरपूर रहा

## गया और रांची के मध्य परीक्षा स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

हाजीपुर। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा टेक्नीशियन पद के लिए आयोजित परीक्षा के मद्देनजर परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु कोडरमा-नेसुबो गोमो-धनबाद-बोकारो स्टील सिटी-मुरी के रास्ते गया और रांची के मध्य 02 जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा ।गाड़ी संख्या 08602 रांची-गया परीक्षा स्पेशल दिनांक 24.12.2024 को रांची से 23.45 बजे खुलकर अगले दिन 25.12.2024 को 08.30 बजे गया पहुंचेगी । गया से वापसी में गाड़ी संख्या 08601 गया-रांची परीक्षा स्पेशल 25.12.2024 को गया से 10.00 बजे खुलेगी तथा 18.50 बजे रांची पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 08604 रांची-गया परीक्षा स्पेशल दिनांक 29.12.2024 को रांची से 23.45 बजे खुलकर अगले दिन 30.12.2024 को 08.30 बजे गया पहुंचेगी । गया से वापसी में गाड़ी संख्या 08603 गया-रांची परीक्षा स्पेशल 30.12.2024 को गया से 14.45 बजे खुलेगी।

# अनाज का स्टॉक एंट्री के साथ साथ प्रदर्शित न करने वाले जन वितरण प्रणाली दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करें : डीएम

**डीएम ने अनुमण्डल पदाधिकारी एव खाद्य निरीक्षक एमओ,सहायक आपूर्ति पदाधिकारी के साथ की आपूर्ति विभाग की मासिक बैठक**

प्रातः किरण संवाददाता



गया।जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने समाहरणालय सभागार में सभी अनुमण्डल पदाधिकारी एव खाद्य निरीक्षक एमओ, सभी सहायक आपूर्ति पदाधिकारी के साथ आपूर्ति विभाग की मासिक बैठक की गई है।

डीएम ने सभी अनुमण्डल पदाधिकारी एव खाद्य निरीक्षक पदाधिकारी को निर्देश दिया है हर माह हर सप्ताह नियमित रूप से जन वितरण प्रणाली दुकानों की जांच करें। निर्धारित मात्रा के कम अनाज या अधिक शुल्क लेना या हर माह अनाज न वितरण करना, अनाज का स्टॉक एंट्री के साथ साथ प्रदर्शित न करने वाले जन वितरण प्रणाली दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई करे। नए राशन कार्ड के समीक्षा में डीएम ने कहा कि जो राशन कार्ड बन गए हैं उन कार्डो को विकास मित्र के माध्यम से डोर टू डोर वितरित करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा जिस पंचायत में अधिक संख्या में राशन कार्ड हैं उसे स्थिति में उस पंचायत में कैंप लगाकर राशन कार्ड का वितरण करवाये साथ ही यह सुनिश्चित करवाये की राशन कार्ड वितरण की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता रहे हैं।

डीएम ने अभी अनुमण्डल पदाधिकारी एव एमओ को निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र के अनुसूचित टोलो में विशेष रूप से कैम्प लगाकर राशन कार्ड निर्माण हेतु आवेदन प्राप्त करें। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि आपके क्षेत्र के वैसे सलम एरिया जहां राशन कार्ड नहीं बना है उन क्षेत्र को चिन्हित कर इस क्षेत्र में कैंप लगाकर उन्हें राशन कार्ड जोड़ने की कार्रवाई करें। इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी अनुमण्डल पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# गया कॉलेज द्वारा पंजाबी पार्क में स्वच्छता एवं पार्क के मरम्मत का किया गया कार्य

प्रातः किरण संवाददाता



गया राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार,राष्ट्रीय सेवा योजना ,क्षेत्रीय निदेशालय पटना, बिहार एवं झारखंड के निर्देश पर कम्युनिटी इंगेजमेंट प्रोग्राम के तहत गया कॉलेज, गया के द्वारा गोद लिए गए ए. पी कॉलोनी स्थित पंजाबी पार्क में स्वच्छता एवं पार्क के मरम्मत का कार्य किया गया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ गया कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ)सतीश सिंह चंद्र के द्वारा किया गया है इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर स्वच्छता अभियान चलाया गया है। पार्क को पूरी तरीके से साफ करने के पश्चात वहां पर टूटे-फूटे सामानों को इकट्ठा किया गया और एक जगह उसको रखा गया ताकि नगर निगम की की गाड़ियों में अपलोड किया जा सके। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य के साथ-साथ एनसीसी के ऑफिसर डॉ संजय तिवारी , स्पोर्ट के विशाल कुमार सिंह ,आरव उपस्थित थे । इस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि भारत सरकार आसपास में स्थित पार्कों एवं सरकारी संस्थाओं की साफ सफाई एवं रख रखाव के लिए अभियान चला रही है ,जिसके तहत प्रत्येक महाविद्यालय जिन्हें नॉलेज इंस्टीट्यूट के रूप में मान्यता दी गई है उन्हें कोई पार्क या सार्वजनिक स्थल गोद लेना है जिसकी साफ सफाई और मरम्मत का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा किया जाएगा और वहां पर वृक्षारोपण एवं पौधों को लगाया जाएगा, उसी के तहत गया कॉलेज के द्वारा गोद लिए गए पंजाबी पार्क में स्वच्छता एवं रख रखाव अभियान चलाया गया है। इस कार्यक्रम से आसपास के रहने वाले निवासी काफी प्रभावित हुए उन्होंने बच्चों की सराहना की और आश्वासन दिया कि यहां के लोग भी स्वच्छता पर ध्यान देंगे। अभियान पूरी तरीके से सफल रहा इसमें भाग लेने वाले स्वयंसेवकों में आरव , आर्यन कुमार , मो. इश्तियाक,सौरव कुमार, रोहित रंजन,पल्लवी कुमारी, आरुही कुमारी,शालू गुप्ता,रिया कुमारी, आकांक्षा कुमारी, सृष्टि कुमारी,महक भार्गव, वैष्णो कुमारी, ईशा गुप्ता, अंजलि कुमारी, ईशा कुमारी, सोनू राज,शुभम सिंह,अंकुर कुमार,साहिल राज, आशीष कुमार , नीरज कुमार, आदित्य नारायण, आलोक कुमार, अंकित कुमार उपस्थित थे।

# कुर्था में गायत्री शक्तिपीठ की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल)। हम बदलेंगे युग बदलेगा,,, सावधान नया युग आ रहा है,,,, सरीखे गगन भेदी नारों के साथ सोमवार को गायत्री शक्तिपीठ में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो गायत्री शक्तिपीठ कुर्था से चलकर कुर्था गया मुख्य मार्ग होते हुए राणानगर गांव पहुंचा जहां सैकड़ो की संख्या में महिलाएं गायत्री माता की जय, दुर्गा माता की जय, लक्ष्मी माता की जय जैसे नारे लगाते दिख रहे थे उक्त बातों की जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के डॉ० रामविनय यादव ने बताया कि कुर्था प्रखंड में गायत्री शक्तिपीठ के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शोभायात्रा निकाली जा रही है उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में 28 अप्रैल से 2 मई तक कुर्था प्रखंड के गायत्री शक्तिपीठ में मानव में देवत्व का जागरण एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण हेतु युग ऋषि वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु कुर्था प्रखंड के गायत्री नगर में नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है ।,

इस देवी महा अभियान में शांतिकुंज हरिद्वार से कई संत महात्मा पधारेंगे जहां वैदिक मंत्रोचारण के साथ गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा जिसको लेकर कुर्था में कलश यात्रा निकाली गई।

इस मौके पर गायत्री परिवार के बीणा देवी, रविंद्र प्रसाद अग्रवाल जितेंद्र कुमार गुड्डू अग्रवाल मीना देवी आदित्य अनिकेत समेत सैकड़ो की संख्या में पुरुष महिला शामिल थी।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद मध्य भारत के मंत्री ने रामकुमार बारीक को किया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता

गया।अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के मध्य भारत के मंत्री कुबेर चंद्र गर्ग ने गया जी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के दौरान गया तीर्थ पुरोहित सोना के कड़ा वाले पंडा रामकुमार बारीक को अंग वस्त्र भेंटकर जोरदार स्वागत किया है। इस अवसर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय महिला परिषद से जुड़ी महिलाओं को अंग वस्त्र प्रदान कर अभिनंदन किया गया है। देर शाम भागवत कथा में परिषद से जुड़े सदस्यों ने कथा का रसपान किया है।कथा के प्रथम दिन बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कलश यात्रा में भी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर अपनी भूमिका निभाई है।



प्रांत महामंत्री रामकुमार बारिक ने कहा कि गयाजी में मिनी पितृपक्ष चल रहा है पितृपक्ष के दिनों में गया श्राद्ध के दौरान श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करने से पितरों को शांति मिलती है। कथा की पूणार्हुति 30 दिसंबर को होगी। बताते चलें कि मध्य प्रदेश के मुरैना से अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ता श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जी ने करवा रहे है।

# अरवल ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बने जितेंद्र कुशवाहा व कलेर पूर्वी मंडल अध्यक्ष बने मनोज कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। भाजपा संगठन महापर्व अभियान के तहत अरवल ग्रामीण और कलेर पूर्वी मण्डल के लिए पार्टी के नए मंडल अध्यक्ष की घोषणा कोर कमिटी एवं वरिष्ट नेताओं के सहमति एवं सवार्नुमति से भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी की मौजूदगी में चुनाव सह अधिकारी राम विनय शर्मा के द्वारा सर्वसम्मति से किया गया । अरवल ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष का दायित्व जितेंद्र कुमार कुशवाहा को सौंपा गया । वहीं कलेर पूर्वी मण्डल के लिए अध्यक्ष का दायित्व मनोज कुमार को दिया गया ।दोनों नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष को बधाई देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पार्टी के लिए संगठन हित में कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी अपनी नजर बनाए रखती है और उन्हें अवसर जरूर देती है, इसलिए आप दोनों को पूरी तनमयता और निष्ठा के साथ भारतीय जनता पार्टी के मजबूती के लिए कार्य करते रहने की शुभकामना देता हूं । वहीं पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रो. राम किशोर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है । आज आप जैसे कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी के बलबूते पर भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है । आगामी कार्यक्रमों में प्रदेश द्वारा निर्देशन कार्य को 100 प्रतिशत हम सब पूरा करें और आगामी 2025 में बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बने इसके लिए एकदम पूरी ताकत के साथ मजबूती के साथ बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना है

## पूर्व विधायक दुलारचंद यादव का 11 वीं पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई जायेगी: सत्येन्द्र रंजन

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल । लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि आगामी 28 दिसम्बर 2024 को अरवल विधानसभा के पूर्व विधायक दिवंगत दुलारचंद सिंह यादव का 11वीं पुण्यतिथि उनके आवास ग्राम - मोथा में श्रद्धा पूर्वक मनाई जायेगी। उक्त पुण्यतिथि समारोह में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अरवल जिला से संबंधित प्रदेश पदाधिकारीगण , पार्टी के सभी पदाधिकारीगण , सभी कार्यकर्तागण एवं सभी शुभचिंतक सादर आमंत्रित है । आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है ।

# सहज और मृदु स्वभाव के लिये हमेशा याद किये जाएंगे पं कन्हैयालाल मेहरवार

**शोकसभा में मंच ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

प्रातः किरण संवाददाता



गया।रविवार को विष्णुपद मार्ग स्थित राजस्थान भवन में महारानी अहिल्याबाई होल्कर विचार मंच की ओर से मंच के अध्यक्ष रहे कन्हैया लाल मेहवार के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। इसके साथ ही दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई है। मंच के संरक्षक स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य के सानिध्य एवं मंच के अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद प्रेमी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ है।

कवि सुरेंद्र पांडेय सौरभ ने अपनी मार्मिक गीतों से कन्हैया बाबू को काव्यांजलि दी।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में मंच के अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद प्रेमी ने कहा कि मेहवार जी मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उनका चले जाना मगही साहित्य के लिए अपूरणीय क्षति है,जिसकी भरपाई निकट भविष्य में असंभव है। मंच के संरक्षक स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहा की कन्हैया बाबू सद्भावना के प्रतिमूर्ति थे। उनसे हमारा गहरा लगाव था। उनके निधन से व्यक्तिगत क्षति हुई है। भले ही पंच भौतिक शरीर चले गए हो लेकिन उनकी स्मृतियां हमेशा हम सबके बीच अनंत काल तक रहेगी। राजन सिजुआर ने कहा की कन्हैया बाबू के अप्रकाशित गीतों को प्रकाशित कराया जाए तभी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डॉ रश्मि ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि उनका आकस्मात निधन गया के साहित्यिक समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वे हम सबो के बीच हमेशा रहेंगे।मणिलाल बारिक ने कहा कि सभी संस्थाओं से जुड़कर साहित्य की सेवा की है।

उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर इनके अप्रकाशित कृतियों को प्रकाशन करने का निर्णय लिया है।इस अवसर पर संरक्षक स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज, देवनाथ मेहरवार,राजन सिजुआर,डॉ राम सिहांसन सिंह, कुमरकांत, डॉ रामकृष्ण मिश्र, मणिलाल बारीक, अनिल स्वामी,अनंत धीश अमन,डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, प्रदुमन कुमार सिंह,सुदर्शन शर्मा, रामस्वरूप विद्यार्थी,स्वर्ण किरण मिश्रा, जॉनी यादव,ऋषिकेश गुर्दा, सुरेंद्र पांडेय सौरभ, रामकुमार बारिक, सरिता त्रिपाठी, सरिता सिंह, अर्पणा मिश्रा, सविता देवी, काजल कुमारी, मीडिया प्रमुख अश्वनी कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 25 को आयोजित होगा अटल बिहारी वाजपेयी का श्रद्धांजलि समारोह




औरंगाबाद। अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह को अंतिम रूप देते चाणक्य परिषद के कार्यकर्ता चाणक्य परिषद के अध्यक्ष रामानुज पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि इस वर्ष भारत के विकास पुरुष कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी का 100वाँ जन्मदिन है। इस अवसर पर चाणक्य परिषद ने औरंगाबाद आई एम ए हाल में जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर भव्य श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया है और इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए सभी प्रखंडों में चाणक्य परिषद के कार्यकर्ता निमंत्रण पत्र का वितरण करने में लगे हुए हैं और सभी प्रखंडों में बैठक का दौर भी चल रहा है साथ ही कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए कार्यक्रम स्थल की तैयारी भी प्रारंभ कर दी गई है अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह के पूर्व सांसद श्री रविंद्र कुमार पाण्डेय जी आएंगे मुख्य मार्गदर्शक प्रोफेसर चंद्रशेखर पाण्डेय जी एवं मुख्य संरक्षक अवकाश प्राप्त अपर समाहर्ता भैरवनाथ पाठक जी सहित जिले के सभी गणमान्य बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल होंगे इस कार्यक्रम के अवसर पर जिले के सभी विविध क्षेत्र के प्रतिभाओं को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्मानित किया जाएगा इसके लिए भी सूची तैयार की जा रही है इस वर्ष भारतरत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के 162 वाँ जयंती समारोह है चाणक्य परिषद ने जयंती समारोह का कार्यक्रम 2011 में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के 150वें जयंती के अवसर से सार्वजनिक कार्यक्रम प्रारंभ किया था और इस वर्ष भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर यह कार्यक्रम अनवरत होता चला रहा है और आगे भी यह कार्यक्रम इसी प्रकार से संगठन के द्वारा आयोजित किया जाएगा संगठन का मानना है कि ऐसे महापुरुषों के व्यक्तित्व विचार एवं उनके कार्यों को जनता और आम लोगों के बीच में रखना ताकि इस देश में उनसे प्रेरणा लेकर उनकी जो सोच थी जिस प्रकार का देश बनाने का और जिस प्रकार की व्यवस्थाएं स्थापित करने की वे सोच रखते थे वह कार्य अनवरत चलता रहे ताकि यह देश पुनः विश्वगुरु के सिंहासन पर स्थापित होकर दुनिया को मार्गदर्शन और नेतृत्व कर सके भारतवर्ष की ओर आज दुनिया आशा भरी नजरों से इसलिए देखते हैं कि इस देश ने दुनिया को सभी क्षेत्रों में एक से एक प्रतिभावान व्यक्तित्व देने का काम किया है भारत ही है जिसकी विचारधारा वसुधैव कुटुंबकम की रही है जो दुनिया को धर्म नस्ल की हिंसा प्रतिहिंसा से निकालकर शांति और भाईचारा के मार्ग पर दुनिया को लेकर चलने की क्षमता रखता है दोनों ही महापुरुषों ने दुनिया को और देश को अपने-अपने समय में नेतृत्व कर देशभक्ति की भावना जन-जन तक भरने का काम किया, महामना पंडित मदन मोहन मालवीय ने स्वाधीनता संग्राम में कांग्रेस के चार बार अध्यक्ष होकर घर-घर तक स्वाधीनता संग्राम की अलख जगाई और देशभक्ति की भावना जगाने का काम किया क्रांतिकारियों को संरक्षण देने का काम किया

## हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में 9 प्रस्ताव पारित




गया।हम सोमवार को हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, दिल्ली हुई है। पार्टी के संस्थापक और केंद्रीय लघु उधोग मंत्री जीतनराम मांझी व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने दीप प्रज्जवलित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का शुभारंभ किया है। केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष सुमन की अध्यक्षता में हुई है। इस कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के सभी विधायक, एवं सभी वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों को पारित हुए नौ प्रस्तावों की जानकारी दी गयी है। वहीं,बैठक में आगामी बिहार विधानसभा, दिल्ली चुनाव और समेत संगठन की मजूबती पर भी चर्चा की गई है।इस बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के संस्थापक जीतन राम मांझी ने कहा कि पार्टी के संगठन का लगातार विस्तार किया जा रहा है। आगामी चुनाव एनडीए के नेतृत्व में पार्टी लड़ेगी। हम सेक्यूलर अब बिहार की पार्टी ही नहीं देश स्तर की पार्टी हो गई है। कार्यकर्त्ता मजबूती से काम करें आनेवाले समय में पार्टी और बड़ी होगी।हम सेक्युलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि पार्टी का लगातार विस्तार हो रहा है। देशभर करीब सभी के राज्यों के लोग पार्टी से लगातार जुड़ रहे हैं। पार्टी आगामी चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पीएम मोदी के नेतृत्व में लड़ेगी। 2025 में दो तिहाई बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। साथ ही उन्होंने दिल्ली चुनाव को लेकर कहा कि हम पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में कमिटी भाजपा के दिल्ली यूनिट से मिलेगी।

## जीकेसी के प्रदेश युवा अध्यक्ष बने राहुल मणि बिहार प्रदेश को मिलेगी मजबूती : रागिनी रंजन



पटना। जीकेसी (ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस) के बिहार प्रदेश युवा अध्यक्ष राहुल मणि को बनाया गया है। इसकी जानकारी पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सह जीकेसी के ग्लोबल उपाध्यक्ष - सह - बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त अवसर पर प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने राहुल मणि को सम्मानित करते हुए कहा कि बिहार प्रदेश युवा अध्यक्ष बनने से जीकेसी की बिहार प्रदेश को मजबूती मिलेगी और जिस प्रकार जीकेसी अपनी सदस्यता अभियान चला रहा है, उसमें युवाओं को जोड़ने में गति और तेज होगी।दीपक अभिषेक ने बताया कि बिहार प्रदेश युवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बिहार प्रदेश युवा अध्यक्ष राहुल मणि को मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि श्री मणि बिहार के युवाओं को जीकेसी से जोड़कर संगठन को मजबूती देंगे।दीपक अभिषेक ने बताया कि श्री मणि की सक्रीय सहभागिता को देखते हुए बिहार प्रदेश युवा अध्यक्ष मनोनीत होने के उपरांत राहुल मणि ने अपने पद का कार्यभार संभाल लिया है। उक्त अवसर पर प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, ग्लोबल उपाध्यक्ष सह बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक बिहार प्रदेश महासचिव संजय कुमार सिन्हा सहित ऋतिक आदि थे।

# चौधरी चरणसिंह ने भारत की आवाज को राष्ट्रीय मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत किया

प्रातः किरण संवाददाता

गया।भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जयंती पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय में जयंती समारोह मनाया गया सर्वप्रथम उनके चित्र पर माला पुष्प चढ़कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने नमन करते हुए कि कहा भारतीय राजनीति के एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने किसानों और ग्रामीण भारत की आवाज को राष्ट्रीय मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है। 23 दिसंबर, 1902 को उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में जन्मे चौधरी चरण सिंह की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके संघर्षशील और सादगीपूर्ण जीवन ने उन्हें किसानों का मसीहा बना दिया है।चौधरी चरण सिंह ने 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया है। उन्होंने अपने कार्यकाल में कृषि क्षेत्र और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी। उन्होंने गरीब किसानों के कर्ज.माफी और भूमि सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए। उनकी नीतियां कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए जानी जाती हैं।चौधरी चरण सिंह ने आर्थिक नीतियों में संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया है, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता को कम करना उनका प्रमुख लक्ष्य था। उन्होंने अंत्योदय का नारा देकर समाज के सबसे गरीब वर्ग के उत्थान पर जोर दिया। उनकी जमींदारी उन्मूलन अधिनियम और भूमि सुधार के प्रयासों ने भारतीय किसानों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न प्रदान करने के लिए हृदय से आभार। यह निर्णय देश के किसानों और गरीबों के प्रति उनकी सेवा और योगदान की सच्ची श्रद्धांजलि है। एक छोटे से कस्बा से आकर देश के प्रधानमंत्री पद का गौरव प्राप्त किया किसानों के उत्थान के लिए संघर्षील करते रहे जयंती पर उन्हें कहा कि उनकी नीतियां और दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने और न्यायपूर्ण व्यवस्था स्थापित करने के लिए अपने जीवन को समर्पित किया है। उनके आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की है। जिससे समाज में समानता और विकास का संदेश फैलाया जा सके। नमन करने वालों में राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता राणा रणजीत सिंह संतोष ठाकुर दीपक पांडेय अनिल यादव अजय भट्टाचार्य, ललन कुमार प्रसादी कुमार,नीरज सिंह,धर्मेंद्र पांडे,हीरा यादव महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता इत्यादि।

## न्यायालय ने आईओ को शोकोज कर जवाब मांगा

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे तीन सुनील कुमार सिंह ने जम्होर थाना कांड संख्या -82/23 में आई ओ को शोकोज किया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि लंबित जमानत याचिका -1068/24 में सुनवाई करते हुए न्यायधीश ने कहा कि यह याचिका लम्बे समय से केस डायरी वास्ते लम्बित है। काफी दिनों से जांच पुलिस अधिकारी से केस डायरी की मांग की जाती रही है किन परिस्थितियों में केस डायरी न्यायालय प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। इसकी भी जानकारी कोर्ट को नहीं दी जा रही है। इसलिए केस के आई ओ 06/01/25 को न्यायालय में सदेह उपस्थित होकर कारण पृच्छा का प्रतिउत्तर और केस डायरी प्रस्तुत करें ऐसा नहीं करने पर उचित कानूनी कार्रवाई शुरू किया जा सकता है।

# बेटी बचाओ योजना अंतर्गत नई चेतना 3.0 पहल बदलाव पर कार्यक्रम किया गया आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




गया। गया शहर के जिला परिषद कार्यालय में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी महिला एवं बाल विकास निगम गया की अध्यक्षता में,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत नई चेतना 3.0 पहल बदलाव की ओर दीप प्रज्ज्वलित कर जिला परिषद सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लैंगिक समानता एवं लैंगिक आधारित हिंसा रोकने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर करके सभी लोगों को जागरूक करना है। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई सी डी एस द्वारा बताया गया कि जेंडर आधारित हिंसा को पहचाने और रोकें। जेन्डर आधारित हिंसा यथा घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़,बाल विवाह आदि के रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया है। वन स्टॉप सेंटर की सेंटर प्रशासक आरती कुमारी ने वन स्टॉप सेंटर के क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि घर, परिवार,समाज, कार्यस्थल कहीं भी जेंडर आधारित हिंसा न करें और न सहे। जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के जिला समन्वयक के द्वारा बताया गया कि किशोरी और महिलाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी हेतु जिला समाहरणालय परिसर में संचालित डी एच इ डब्ल्यू कार्यालय से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।इस कार्यक्रम के उपरांत बच्चियों के साथ जिला परिषद के परिसर से गांधी मैदान तक जागरुकता रैली को जिला प्रोग्राम पदाधिकारी -आई सी डी एस के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है।जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कल्याण पदाधिकारी,बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जीविका डीपीएम,श्रम अधिक्षक, एक्शन एड उड़ान के जिला समन्वयक,हब के जेंडर स्पेशलिस्ट,वन स्टॉप सेंटर की परामर्शी, विभिन्न पंचायतों के किशोरियों, विकास मित्र आदि उपस्थित थे। राजनीतिक कार्यकताओं में काफी हर्ष देखा जा रहा है। मालूम हो कि श्री सुमन पिछले 31 वर्षों से लगातार सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पर्यावरण, सामाजिक कुप्रथा जैसे दहेज प्रथा, बाल विवाह, मृत्यु भोज, नशा मुक्ति के विरुद्ध समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर पूर्ण मनोयोग से कार्य करते रहे हैं। पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये अब तक सैकड़ों पुरस्कार एवं अंतरराष्ट्रीय संगठन द्वारा आधे दर्जन ऑनरेरी डॉक्टरट्रेट की उपाधि पा चुके हैं। श्री सुमन सामाजिक हितार्थ कई सामाजिक संगठनों से जुड़ कर समाज को एक नई दिशा देकर युवाओं को जागरूक कर रहे हैं। पर्यावरण के क्षेत्र में भी इनका अहम योगदान रहा है।लगातार पौधारोपण कर रहे हैं।इनके उत्कृष्ट कार्यों को लेकर ग्रेस इंडिया एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एसडी मेहता रत्नम एवं राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर संजय कुमार बेस्ट अटल गौरव अवॉर्ड 2024 से श्री सुमन को सम्मानित किया है। श्रीसुमन के सम्मानित होने पर युवा समाजसेवी सत्यप्रकाश गुप्ता विदुरजी, मनोज शर्मा, आशीष कुमार, मुकेश मंडल निशाद आदि थे।

# बैडमिंटन प्लेयर सिंधु ने बिजनेसमैन वेंकट दत्ता से शादी के बंधन में बंधी

## उदयपुर में 7 फेरे लिए, शादी का रिसेप्शन आज हैदराबाद में होगा





**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारत की स्टार महिला बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधु शादी के बंधन में बंध गई। उन्होंने बिजनेसमैन वेंकट साई दत्ता के साथ 22 दिसंबर को शादी की थी। दोनों ने उदयपुर के उदय सागर झील पर बने फाइव स्टार होटल राफेल्स में सात फेरे लिए। शादी में खेल, राजनीति और फिल्मी दुनिया की कई हस्तियां शामिल हुईं।

सिंधु के पति वेंकट पोसाइडेक्स टेक्नोलॉजीस में कार्यकारी निदेशक हैं। शादी में पीवी सिंधु क्रीम रंग की साड़ी पहनी नजर आईं। वहीं वेंकट दत्ता साई ने मैचिंग क्रीम रंग की शेरवानी पहनी। शादी का रिसेप्शन 24 दिसंबर को हैदराबाद में होगा।

### उदयपुर की 3 जगह पर शादी, वेन्यू की सजावट में राजस्थानी झलक


सिंधु के वेडिंग फेस्टिव की शुरुआत 20 दिसंबर को संगीत कार्यक्रम के साथ हुई। जिसके बाद अगले दिन हल्दी, पेल्लिकुथुरु और मेहंदी की रस्में हुईं।जिस होटल में पीवी सिंधु ने शादी की उसी में भारतीय टीम के स्टार क्रिकेटर हार्दिक पंड्या ने भी शादी की थी। शादी समारोह उदयपुर के 3 अलग-अलग जगहों पर हुई। इसके लिए झील महल, लीला महल और जग मंदिर को चुना गया। वेन्यू की सजावट में राजस्थानी शाही झलक देखने मिली। हर मेहमान को नाव से वेन्यू तक पहुंचाया गया। भारतीय और विदेशी मेहमानों के लिए शादी में कई तरह के राजस्थानी और मेवाड़ी स्टाइल डिश रखे गए।

### सिंधू का रिसेप्शन 24 दिसंबर को हैदराबाद में, कई हस्ती शामिल होंगी

सिंधु ने अपनी शादी के लिए खेल, राजनीति, फिल्मी दुनिया की मशहूर हस्तियों को न्योता दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीवी सिंधु की शादी में भारत के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, आंध्रप्रदेश के सीएम चंद्रबाबु नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण समेत कई राजनीतिक चेहरे और सिनेमा जगत के चेहरे शामिल हुए।

# मिल गया अश्विन का विकल्प !

## अनकैप्ड ऑलराउंडर तनुश कोटियन बीजीटी सीरीज के लिए भारतीय टीम में होगा शामिल



**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** ब्रिसबेन टेस्ट के बाद अनुभवी रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद टीम इंडिया ने अपनी टेस्ट टीम में एक आश्चर्यजनक बदलाव किया है। मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे मैच से पहले मुंबई के स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर और अनकैप्ड खिलाड़ी तनुश कोटियन को ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल होने के लिए तैयार किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार कोटियन को मेलबर्न में भारतीय टीम में शामिल होने के लिए पहली बार बुलाया गया है और वह मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे। जब उन्हें बुलाया गया, तब ऑफ स्पिनर अहमदाबाद में थे और मुंबई के लिए विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे थे। हालांकि आधिकारिक घोषणा अभी भी बाकी है।

कोटियन ने खुद को भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक बेहतरीन ऑफ-स्पिनिंग ऑलराउंडर के रूप में स्थापित किया है। उनके कौशल ने उन्हें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली इंडिया ए टीम में जगह दिलाई। तनुष कोटियन एक होनहार ऑफ-स्पिनिंग ऑलराउंडर हैं जो भारतीय घरेलू क्रिकेट में धूम मचा रहे हैं। अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए मशहूर वह मुंबई के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से योगदान दिया है।

दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की कोटियन की क्षमता ने उन्हें भारतीय क्रिकेट सर्किट में उभरते सितारे के रूप में पहचान दिलाई है। 26 वर्षीय कोटियन ने 33 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और 25.70 की औसत से 101 विकेट लिए हैं। उन्होंने हाल ही में बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के रणजी ट्रॉफी मैच में गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया और पांच विकेट लिए। पिछले रणजी सीजन में वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे, जब मुंबई ने विदर्भ को 169 रनों से हराकर 43वां खिताब जीता था। कोटियन ने 10 मैचों में 502 रन बनाए थे और 29 विकेट लिए थे।

# 2024, भारतीय भारोत्तोलन और मीराबाई के लिए उथल–पुथल वाला रहा यह साल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बहुत कम ऐसे खेल हैं जिन्हें किसी एक खिलाड़ी से जोड़कर देखा जाता है लेकिन भारतीय भारोत्तोलन में मीराबाई चानू एक ऐसा नाम है जो पिछले कई वर्षों से भारत में इस खेल की पर्याय बनी हुई है और वर्ष 2024 भी कोई अपवाद नहीं रहा। तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली मीराबाई पेरिस ओलंपिक में यह कारनामा नहीं दोहरा पाई जो भारत के लिए सबसे बड़ा झटका था। भारतीय भारोत्तोलन के लिए यह इसलिए भी निराशाजनक साल रहा क्योंकि वह इस वर्ष भी मीराबाई का उत्तराधिकारी ढूंढने में नाकाम रहा।

मीराबाई ने तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीत कर इस खेल में भारत का 21 साल से चला आ रहा सूखा खत्म किया था। जहां तक पेरिस ओलंपिक की बात है तो मीराबाई एकमात्र भारोत्तोलक थी जिन्होंने इन खेलों के लिए क्वालीफाई किया था। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को ओलंपिक से पहले कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा। चोटिल होने के कारण वह कुछ प्रमुख प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाई जिसका मतलब था कि वह ओलंपिक के लिए अपेक्षित तैयारी नहीं कर सकी थी।



# टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली हॉस्पिटल में भर्ती, स्थिति नाजुक !

**मुंबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली की तबियत शनिवार देर रात अचानक खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें ठाणे के आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर उनकी देखभाल में जुटे हुए हैं और उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में उनके सभी आवश्यक परीक्षण किए जा रहे हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर विनोद कांबली का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह सचिन तेंदुलकर से बात करते हुए नजर आए। वीडियो में उनकी तबियत ठीक नहीं लग रही थी। इस घटना के बाद कई पूर्व क्रिकेटरों ने कांबली की मदद के लिए हाथ बढ़ाया था।

**1991 में किया था क्रिकेट डेब्यू** – विनोद कांबली ने 1991 में वनडे और 1993 में टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत शानदार तरीके से की थी और 14 पारियों में सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने। हालांकि, बाद के समय में उनका प्रदर्शन गिरता गया।

**कांबली का क्रिकेट करियर** – विनोद कांबली ने भारत के लिए कुल 17 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 1084 रन बनाए। उनके टेस्ट करियर में 4 शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। वनडे क्रिकेट में उन्होंने 104 मैचों में 2477 रन बनाए, जिसमें 2 शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। लगातार खराब प्रदर्शन के चलते उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने अपना आखिरी वनडे मैच 2000 में श्रीलंका के खिलाफ खेला।

विजय हजारे ट्रॉफी

# 9वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए श्रेयस अय्यर, हारा मैच मुंबई को जितवाया

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**हैदराबाद** – तन्मय अग्रवाल, अभिरथ रेड्डी, तिलक वर्मा (कप्तान), एलेगनी वरुण गौड़, रोहित रायडू, अरवेल्ली अवनीश (विकेटकीपर), तनय त्यागराजन, चामा वी मिलिंद, अजय देव गौड़, मोहम्मद मुद्दस्सिर, सरनु निशांत

**मुंबई** – अंगकृष रघुवंशी, आयुष म्हात्रे, हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, शार्दुल ठाकुर, अथर्व अंकोलेकर, तनुष कोटियन, एम जुनेद खान



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद के मैदान पर विजय हजारे ट्रॉफी के तहत खेले गए अहम मुकाबले में कप्तान श्रेयस अय्यर ने ताबड़तोड़ पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिल दी। हैदराबाद के खिलाफ 170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई के एक समय 67 रन पर ही 6 विकेट गिर चुके थे। कप्तान श्रेयस ने बल्लेबाजी के लिए हार्दिक, शेडगे और शार्दुल को ऊपर भेजा लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। आखिर 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए श्रेयस ने मात्र 20 गेंदों पर 4 चौके और तीन छक्कों की मदद से 44 रन बनाकर अपनी टीम को 26वें ओवर में जीत दिला दी। कप्तान को तनुष कोटिया का भी सहयोग मिला जिन्होंने 37 गेंदों पर 39 रन बनाए। मुंबई टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में 383 रन बनाने के बावजूद हार गई थी। कप्तान श्रेयस अय्यर ने ताबड़तोड़ शतक लगाया था लेकिन कर्नाटक इस लक्ष्य का पीछा करने में सफल रही थी। यह मैच विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में सबसे बड़े रन चेज में एक भी था।

**हैदराबाद 169 (38.1 ओवर)** – तन्मय अग्रवाल और अभिरथ रेड्डी ने हैदराबाद को अच्छी शुरूआत दी। दोनाों ने पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े। रेड्डी 58 गेंदों पर 35 रन बनाकर आऊट हुए कि इसी ओवर में तिलक वर्मा भी 0 पर आऊट हो गए। अगले ओवर में गौड़ 1 तो एक ओवर बाद ही रोहित रायुडू भी 1 रन बनाकर आऊट हो गए। तन्मय अग्रवाल ने एक छोर संभाला और 74 गेंदों पर 9 चौके और एक छक्के की मदद से 64 रन बनाए और स्कोर 125 तक ले गए। उनका विकेट गिरने के बाद अवनीश ने एक छोर संभाला और 47 गेंदों पर 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए और टीम का स्कोर 169 तक ले गए। हैदराबाद के पुछल्ले बल्लेबाज बुरी तरह फ्लॉप रहे। मुंबई के लिए अंकोलेकर ने 55 रन देकर 4, तनुष ने 38 रन देकर 2 तो आयुश ने 17 रन देकर 3 विकेट लिए।

**मुंबई : 175/7 (25.2 ओवर)** – जवाब में खेलने उतरी मुंबई को रघुवंशी और आयुष म्हात्रे ने सधी हुई शुरूआत की। रघुवंशी ने 19 तो आयुष ने 16 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की मदद से 28 रन बनाए। इसके बाद मुंबई को लगातार झटके लगे। हार्दिक 0, शेडगे 6, अंकोलेकर 5, शार्दुल 0 पर आऊट हो गए। तनुष कोटियन ने एक छोर संभाला और 37 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 39 रन बनाए। सूर्यकुमार 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए और 23 गेंदों पर 18 रन बनाकर गौड़ का शिकार हो गए। स्कोर जब 105 रन पर 7 विकेट हो गया था तब श्रेयस अय्यर क्रीज पर आ गए। उन्होंने आते ही ताबड़तोड़ शॉट लगाए और 20 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 44 रन बनाकर अपनी टीम को 3 विकेट से जीत दिला दी।

# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए वनडे टीम की घोषणा की

## कुमारा, मलिंगा और हसरंगा टीम में



**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच जनवरी से शुरु होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी हैं। चैरिथ असलांका की अगुआई वाली इस टीम में लाहिरू कुमारा, ईशान मलिंगा और वानिंदु हसरंगा को शामिल किया गया है।

**श्रीलंका बनाम न्यूजीलैंड सीरीज का शेड्यूल**

पहला मैच - 5 जनवरी, वेलिंगटन
दूसरा मैच - 8 जनवरी, हैमिल्टन
तीसरा मैच - 11 जनवरी, ऑकलैंड

**न्यूजीलैंड दौरे के लिए श्रीलंका एकदिवसीय टीम**

चैरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, निशान मदुष्का, कुसल मेंडिस, कामिंदु मेंडिस, जेनिथ लियानगे, नुवानिदु फर्नांडो, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, जेफरी वांडरसे, चामिदु विक्रमसिंघे, असिथा फर्नांडो, मोहम्मद शिराज, लाहिरू कुमारा तथा ईशान मलिंगा।

# रोहित में आत्मविश्वास की कमी, वह खुद पर संदेह करते हैं : संजय मांजरेकर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट के करीब आते ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने आलोचनाओं से घिरे कप्तान रोहित शर्मा को ऑस्ट्रेलिया के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ अपनी आक्रामक बल्लेबाजी शैली पर पुनर्विचार करने को कहा है। इस साल टेस्ट क्रिकेट में निरंतरता के लिए संघर्ष कर रहे शर्मा को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के अभियान में सार्थक योगदान देने के लिए अपने दृष्टिकोण को फिर से समायोजित करने की आवश्यकता है, जो वर्तमान में 1-1 से बराबर है।

2024 में टेस्ट क्रिकेट में रोहित का फॉर्म निराशाजनक रहा है। 13 मैचों में उनका औसत 26.39 है, जो उनके आम तौर पर विश्वसनीय मानकों से काफी कम है। वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण श्रृंखला के पहले टेस्ट से चूक गए लेकिन एडिलेड में गुलाबी गेंद के टेस्ट के लिए लौटने के बाद दो पारियों में केवल 9 रन ही बना सके। ब्रिसबेन के बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट में उन्होंने नंबर 6 पर बल्लेबाजी की और अपने एकमात्र आउटिंग में सिर्फ 10 रन बनाए।

मांजरेकर ने कहा, उसने वह बड़ा खेल खेला है। दक्षिण अफ्रीका में उसने एक पारी में ऐसा खेला था, जिसमें एक छोटा लक्ष्य था और पीछे चले गए, और रोहित शर्मा वास्तव में अच्छा दिखे। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच में गेंदबाजों से वह जूझ रहे हैं, सभी शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं, उन लोगों का सामना करना आसान नहीं है क्योंकि उनके शॉट वास्तव में उच्च जोखिम वाले शॉट हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी गेंदबाजों को परेशान करने के लिए ऐसा करने की कोशिश की, लेकिन आक्रामक शॉट खेलते हुए आउट हो गए।

मांजरेकर ने कहा, उसमें आत्मविश्वास की कमी है और वह खुद पर संदेह करता है। जब वह न्यूजीलैंड के खिलाफ उस घरेलू श्रृंखला में खेले और भारतीय पिचों पर उनका डिफेंस टूट रहा था, तो यह थोड़ा चौंकाने वाला था। मांजरेकर के अनुसार, शर्मा की ठोस रक्षात्मक नींव पर ध्यान केंद्रित करने में असमर्थता टेस्ट क्रिकेट में महंगी पड़ रही है। उन्होंने रोहित के मौजूदा संघर्षों की तुलना 2021 के इंग्लैंड दौरे के दौरान उनके प्रदर्शन से की, जहां उन्होंने अनुशासन और रक्षा-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ बल्लेबाजी की।

# बॉक्सिंग डे टेस्ट में इन बड़े रिकॉर्ड्स पर स्मिथ और कमिंस की नजरें



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई स्टार स्टीव स्मिथ और कप्तान पैट कमिंस के लिए भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान बड़ी उपलब्धियां हासिल करने का मौका है। श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ दोनों टीमें 26 दिसंबर से बहुप्रतीक्षित बॉक्सिंग डे टेस्ट खेलेंगी और लक्ष्य सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में होने वाले अंतिम टेस्ट से पहले महत्वपूर्ण बढ़त और बढ़त हासिल करना होगा।

स्मिथ 'बॉक्सिंग डे' के धुरंधर हैं और आंकड़े इसे साबित करते हैं। उनके सभी बॉक्सिंग डे मैच एमसीजी में हुए हैं। उन्होंने 11 मैचों में 78.07 की औसत से 1,093 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम चार शतक और पांच अर्द्धशतक हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर भारत के खिलाफ 192 रन है। भारत के खिलाफ 192 रनों की पारी शायद बॉक्सिंग डे टेस्ट में उनका सबसे यादगार प्रदर्शन है। 305 गेंदों में 15 चौकों और दो छक्कों की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को लगभग दो दिनों तक बल्लेबाजी करने के बाद पहली पारी में 530 रनों के विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

विराट कोहली के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ जिनकी 169 और 54 रनों की पारियों ने भारत को जीत की ओर अग्रसर रखा। ब्रिसबेन में 25 पारियों के बाद फॉर्म में वापसी करने वाले शतक के बाद तरोताजा स्मिथ 10,000 टेस्ट रन से 191 रन दूर हैं और वह रिकी पोंटिंग, एलन बॉर्डर और स्टीव वॉ के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे बल्लेबाज बन जाएंगे। स्मिथ ने 112 टेस्ट और 200 पारियों में 56.05 की औसत से 9,809 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम 33 शतक और 41 अर्द्धशतक हैं और 239 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

दूसरी ओर, कप्तान कमिंस भी अपने शानदार करियर के एक बड़े मील के पत्थर के करीब पहुंच रहे हैं, जो 2020 के दशक में कप्तानी और 50 ओवर और टेस्ट प्रारूप में दो विश्व खिताब जीतने के बाद बड़ी ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। कमिंस अगर 8 और विकेट ले लेते हैं तो ऑस्ट्रेलिया के लिए 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बन सकते हैं।

वर्तमान में उन्होंने 212 मैचों में 24.53 की औसत से 492 विकेट लिए हैं जिसमें 6/23 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े और कुल 14 बार 5 विकेट लिए हैं। 11 और विकेट लेने के बाद वह आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में 200 विकेट लेने वाले पहले क्रिकेटर बन जाएंगे जो 2019 में लीग के रूप में लॉन्च होने के बाद से है।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान अपने कुछ बेहतरीन प्रदर्शन किए हैं, अब तक 7 टेस्ट में 17.00 की औसत से 35 विकेट लिए हैं। उनके सभी 7 बॉक्सिंग डे टेस्ट एमसीजी पर आए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भारत के खिलाफ 6/27 है। उन्होंने टेस्ट में इस स्थल पर चार बार 5 विकेट भी लिए है।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम** – पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, ट्रैविस हेड (उप-कप्तान), जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, झे रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ (उप-कप्तान), मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर

**भारतीय टीम**– रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रित बुमरा (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, शुबमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर। रिजर्व- मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, यश दयाल।

# अमेरिकी एफ/ए-18 लड़ाकू विमान को हमने मार गिराया : हूती ग्रुप

प्रात : किरण/एजेंसी

अदन। यमन के हूती ग्रुप ने एक अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर पर आठ क्रूज मिसाइलों और 17 ड्रोनों से हमला करने और एक अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराने का दावा किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने अल-मसीरा टीवी पर एक बयान में कहा कि ग्रुप ने एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन और उसके एस्कॉर्ट्स पर सफलतापूर्वक हमला किया, जिससे यमन पर अमेरिका-ब्रिटिश संयुक्त हमले को नाकाम कर दिया गया। बता दें अल-मसीरा टीवी को हूती ग्रुप संचालित करता है। सरिया ने कहा, हमारे बलों ने ऑपरेशन के दौरान एक अमेरिकी एफ/ए-18 लड़ाकू विमान को मार गिराया, क्योंकि उसने हमारी मिसाइलों और ड्रोन को रोकने की कोशिश की थी।



सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक इससे पहले रविवार को, यूएस सेंट्रल कमांड (सीईएनटीसीओएम) ने एक बयान में कहा कि दो अमेरिकी नौसेना पायलट सुरक्षित रूप से बच गए, जब उनका लड़ाकू जेट लाल सागर के ऊपर गलती से हुई गोलीबारी का निशाना बना। सीईएनटीसीओएम ने कहा, गाइडेड-मिसाइल क्रूजर यूएसएस गेटीसबर्ग, जो यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है, ने गलती से एफ/ए-18 पर गोली चला दी और उसे टक्कर मार दी। सीईएनटीसीओएम के एक अलग बयान के मुताबिक, यह घटना उसी दिन हुई जब अमेरिकी सेना ने सना के भीतर एक मिसाइल भंडारण सुविधा और एक कमांड-एंड-कंट्रोल सुविधा पर हवाई हमले किए। इन साइट्स को कथित तौर पर हूती ग्रुप ऑपरेट कर रहा था। इसके साथ ही लाल सागर के ऊपर कई हूती ड्रोन और एक एंटी शिप क्रूज मिसाइल को मार गिराया। इससे पहले स्थानीय मीडिया ने बताया कि अमेरिकी-ब्रिटिश नौसेना गठबंधन ने यमन के लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह में हूती साइट पर एक नया हवाई हमला किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हमले ने होदेइदाह के अल-लुहय्याह क्षेत्र में स्थित साइट को निशाना बनाया। इससे अधिक कोई और विवरण या किसी हताहत की सूचना नहीं दी गई। हूती ग्रुप का यमन के उत्तरी इलाकों के अधिकांश हिस्सों पर नियंत्रण कायम है। इसमें सना और रणनीतिक रूप से अहम लाल सागर बंदरगाह होदेइदाह शामिल हैं। नवंबर 2023 से, हूती ग्रुप इजरायली शहरों के खिलाफ रॉकेट और ड्रोन हमले कर रहा है और लाल सागर में इजरायल से जुड़े जहाज को निशाना रहा है। इसका कहना है कि वह यह ऑपरेशन इजरायली हमलों का सामना कर रहे गाजावासियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए कर रहा है। जवाब में, क्षेत्र में तैनात अमेरिकी नेतृत्व वाली नौसेना गठबंधन सशस्त्र समूह को रोकने के प्रयास में जनवरी से ही हूती ठिकानों पर नियमित हवाई हमले कर कर रहा है।

# हूती ग्रुप का अंजाम दूसरे आतंकी समूहों जैसा होगा : पीएम नेतन्याहू

**इजरायली पीएम ने इस बात पर जोर दिया कि इजरायल अकेले कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य राष्ट्र इजरायल के साथ यह विचार साझा करते हैं कि हूती न केवल अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के लिए बल्कि वैश्विक व्यवस्था के लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं।**

प्रात : किरण/एजेंसी

यरूशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल यमन में हूती ग्रुप के खिलाफ बलपूर्वक कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि हूती ग्रुप का अंजाम दूसरे आतंकी समहों की तरह होगा। उनका यह बयान हूती ग्रुप की ओर से तेल अवीव क्षेत्र में मिसाइल दागे जाने के एक दिन बाद आया।

नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, जिस तरह हमने ईरान के (अन्य) सहयोगियों के खिलाफ बलपूर्वक कार्रवाई की, उसी तरह हम हूती ग्रुप के खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे। इजरायली पीएम ने इस बात पर जोर दिया कि इजरायल अकेले कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य राष्ट्र इजरायल के साथ यह विचार साझा करते हैं कि हूती न केवल अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के लिए बल्कि वैश्विक व्यवस्था के लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं। नेतन्याहू ने



कहा, इसलिए हम ताकत, दृढ़ संकल्प और चतुराई के साथ काम करेंगे। भले ही इसमें समय लगे, लेकिन परिणाम अन्य आतंकवादी समूहों की तरह ही होंगे। ईरान समर्थित हूती ग्रुप ने शनिवार को दक्षिण तेल अवीव के एक खेल के मैदान में बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी।, जिसमें 16 लोग घायल हो गए।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक मिसाइल को रोकने की कोशिश नाकाम होने के बाद व्यापक क्षति हुई। इजरायल की मैगन डेविड एडोम रेस्क्यू सर्विस के नवीनतम अपडेट के अनुसार, शुक्रवार और शनिवार की रात को तेल अवीव में एक हूती मिसाइल ने खेल के मैदान और एक इमारत को निशाना बनाया, जिसकी वजह से लोग घायल हुए और इमारत को नुकसान पहुंचा।

हूती हमला गुरुवार को इजरायली हवाई हमलों की एक श्रृंखला के बाद हुआ। इसमें यमन की राजधानी सना के साथ-साथ होदेइदाह, अस-सलिफ और रास इस्सा के बंदरगाहों को निशाना बनाया गया। इजरायली सेना ने कहा कि ये हमले हूती बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए थे, जिसमें कम से कम नौ लोग मारे गए। हाल के समय में यह दूसरी बार है जब हूती मिसाइल की वजह से आधी रात को देश में सायरन बजा। इससे पहले गुरुवार को दागा गया एक बम इजरायली हवाई क्षेत्र के बाहर आंशिक रूप से बाधित हो गया था और रमत गन शहर में एक खाली स्कूल की इमारत में जा गिरा, जिससे भारी क्षति हुई, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

# नेपाल-चीन के बीच प्रस्तावित रेलमार्ग पर हलचल तेज

प्रात : किरण/एजेंसी

काठमांडू,। नेपाल और चीन के बीच बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव कार्यान्वयन समझौते पर हालिया हस्ताक्षर के बाद दोनों देशों के मध्य रेलमार्ग निर्माण पर हलचल तेज हो गई है। इस समझौते में चीन की सीमा करूंग से काठमांडू को जोड़ने के लिए रेलमार्ग निर्माण की परियोजना को शामिल किया गया है।दोनों देशों के विभिन्न मंत्रालयों से जुड़े उच्चस्तरीय कर्मचारियों की मौजूदगी में हुई चर्चा में रेलवे परियोजना की प्री-फिजिबिलिटी स्टडी के दौरान आने वाली समस्याओं और समाधानों की तलाश की गई।

नेपाल परिवहन मंत्रालय के सचिव केशव कुमार शर्मा के नेतृत्व में टीम चीन के शंघाई पहुंची है। शर्मा के साथ इस टीम में परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव भीमार्जुन अधिकारी, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, कानून मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव शामिल हैं।शंघाई में शुक्रवार से शुरू हुई बैठक




रविवार तक चली। चीन की टीम ने बताया कि काठमांडू-केरुंग रेलवे का निर्माण चुनौतीपूर्ण है। इस बैठक में काठमांडू करूंग रेलमार्ग के प्री फिजीबिलिटी अध्ययन में शामिल चीनी राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी चाइना रेलवे फर्स्ट सर्वे एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट के तकनीशियनों ने भी बैठक में हिस्सा लिया।बैठक में सहभागी परिवहन मंत्रालय के संयुक्त सचिव भीमार्जुन अधिकारी ने कहा कि इस पूरे रेलमार्ग पर 98 प्रतिशत हिस्सा पहाड़ी होने के कारण निर्माण लागत काफी महंगी होने वाली है। बैठक में चीनी पक्ष ने बताया कि भौगोलिक परिस्थितियों के कारण करीब 95 फीसदी मार्ग में सिर्फ सुरंगों और पुलों का ही निर्माण होगा।अध्ययन के हिस्से के रूप में वर्तमान में काठमांडू, नुवाकोट और रसुवा में मिट्टी का परीक्षण किया जा रहा है। रेलवे लाइन के संभावित स्थान पर ड्रिलिंग कर भूमिगत मिट्टी निकालने का अध्ययन किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि व्यवहार्यता अध्ययन पूरा होने के बाद सभी विषय आ जाएंगे। ड्रिल करने में अभी और समय लगेगा।नेपाल ने चीनी अधिकारियों को सूचित कर दिया है कि अध्ययन के लिए आवश्यक प्रशासनिक सहायता प्रदान की जाएगी। नेपाल की टीम ने रेलवे का अध्ययन कर रहे फर्स्ट सर्वे एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट की तकनीकी टीम से अलग से बातचीत की। बताया गया कि अध्ययन दल में शामिल तकनीशियन ने अध्ययन के दौरान आने वाली छोटी-मोटी समस्याओं का मामला उठाया और इसके समाधान के लिए समन्वय स्थापित करने को तैयार हैं।

## ट्रंप ने पनामा नहर वापस लेने की धमकी दी, पनामा के राष्ट्रपति ने जताई आपत्ति



प्रात : किरण/एजेंसी

फीनिक्स। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि उनका प्रशासन पनामा नहर पर नियंत्रण हासिल करने का प्रयास कर सकता है जिसे मेरिका ने मूर्खतापूर्ण तरीके से अपने मध्य अमेरिकी सहयोगी को सौंप दिया था। ट्रंप ने अपनी इस बात के पीछे तर्क दिया कि अटलांटिक और प्रशांत महासागरों को जोड़ने वाली इस अहम नहर से गुजरने के लिए जहाजों से बेवजह शुल्क वसूला जाता है। वहीं पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने इस धारणा को अपने देश की संप्रभुता का अपमान बताते हुए इसे सिरे से खारिज कर दिया।

रिपब्लिकन पार्टी के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने यह टिप्पणी पांच नवंबर को चुनाव जीतने के बाद अपनी पहली बड़ी रैली में की। एरिजोना में टर्निंग प्वाइंट यूएसए अमेरिकाफेस्ट में समर्थकों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि उनका प्रशासन अर्थव्यवस्था का तेजी से विकास करेगा, अमेरिकी सीमाओं को सील करेगा और पश्चिम एशिया एवं यूक्रेन में युद्धों को तत्काल बंद कराएगा। ट्रंप ने कहा, मैं गर्व से यह कह सकता हूं कि अमेरिका का स्वर्णिम युग हमारे सामने है। हमारे अंदर अब एक ऐसी भावना है जो कुछ समय पहले तक नहीं थी। ट्रंप ने अपने संबोधन में कहा, हम सभी को एक साथ लाने की कोशिश करना चाहते हैं। हम कोशिश करने जा रहे हैं। हम वास्तव में इसे एक मौका देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने अपना आत्मविश्वास खो दिया है और चुनाव के बाद भ्रमित हैं लेकिन वे अंततः हमारे पक्ष में आएंगे क्योंकि हम चाहते हैं कि वे हमारे साथ आए। ट्रंप ने इस दौरान अनेक नए एवं पुराने मुद्दों पर अपनी राय रखी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, हमें पनामा नहर से वंचित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि अमेरिका ने मूर्खतापूर्ण तरीके से इसे अपने मध्य अमेरिकी सहयोगी को सौंप दिया था। अमेरिका ने 1900 के दशक की शुरूआत में इस नहर का निर्माण किया था और उसका मकसद अपने तटों के बीच वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों के आवागमन को सुविधाजनक बनाना था। वाशिंगटन ने 1977 में राष्ट्रपति जिमी कार्टर द्वारा हस्ताक्षरित एक संधि के तहत 31 दिसंबर 1999 को जलमार्ग का नियंत्रण पनामा को सौंप दिया था। यह नहर जलाशयों पर निर्भर है और 2023 में पड़े सूखे से यह काफी प्रभावित हुई थी, जिसके कारण देश को इससे गुजरने वाले जहाजों की संख्या को सीमित करना पड़ा था। इसके अलावा नौकाओं से लिया जाने वाला शुल्क भी बढ़ा दिया गया था। इस वर्ष के बाद के महीनों में मौसम सामान्य होने के साथ नहर पर पारगमन सामान्य हो गया है लेकिन शुल्क में वृद्धि अगले वर्ष भी कायम रहने की उम्मीद है।पनामा अमेरिका का एक अहम सहयोगी है और नहर इसकी अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। पनामा के राष्ट्रपति ने समय-समय पर अनेक मुद्दों पर ट्रंप का साथ दिया है। ट्रंप ने अपने संबोधन में कहा कि जब उनका दूसरा कार्यकाल शुरू होगा और उस दौरान यदि कुछ सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया तो वह पनामा नहर को अमेरिका को पूर्ण रूप से, शीघ्रता से और बिना किसी प्रश्न के वापस करने की मांग करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### लाहौर में हाउसिंग कॉलोनी के सशस्त्र गार्ड ने पालतू शेर को मार डाला

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर में एक प्राइवेट हाउसिंग सोसाइटी के सशस्त्र सुरक्षा गार्ड ने एक शेर को मार डाला। पुलिस और वन्यजीव अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह पालतू शेर सड़क पर कैसे पहुंचा। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार, पुलिस ने बताया कि शालीमार हाउसिंग सोसाइटी हरबंसपुरा के निवासी अली इमरान ने इस शेर को पाला था। वह शनिवार को अचानक घर से निकलकर सड़क पर पहुंच गया। उसने दहाड़ लगाई तो लोग डरकर इधर-उधर भागने लगे। ग्रीनबेल्ट पर खेल रहे बच्चे भी चिल्लाने लगे। यह देखकर सोसाइटी के एक सशस्त्र सुरक्षा गार्ड ने दहाड़ते हुए शेर पर गोलियां दाग दीं। पालतू शेर मौके पर ढेर हो गया। उल्लेखनीय है कि लाहौर, कराची के बाद पाकिस्तान में दूसरा सबसे बडा आबादी वाला शहर है। इसे पाकिस्तान का दिल भी कहा जाता है।

### अमेरिका : लिफ्ट में दरार आने के बाद 174 पर्यटकों को सुरक्षित नीचे उतारा गया

विंटर पार्क (कोलोराडो)। अमेरिकी राज्य कोलोराडो में स्की लिफ्टमें दरार आने के कारण उसमें फंसे 174 लोगों को बचाया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि इस बात का पता लगाया जा रहा है कि स्की लिफ्ट में दरार कैसे आई। यह घटना बर्फबारी का आनंद उठाने के लिए स्कीइंग के वास्ते जाने के दौरान हुई। डेनवर से लगभग 113 किलोमीटर पश्चिम में स्थित विंटर पार्क रिजॉर्ट की प्रवक्ता जेन मिलर ने बताया रिजॉर्ट में लिफ्ट शनिवार को दोपहर के बाद अपने आप बंद हो गई। लिफ्ट के एक हिस्से में दरार का पता चला था। उन्होंने बताया कि लिफ्ट में सवार लोगों को लगभग पांच घंटे की मशक्कत के बाद रस्सियों के सहारे नीचे उतारा गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मिलर ने बताया कि रविवार को लिफ्ट के जिस हिस्से में दरार आई थी उसे कर्मचारी बदल रहे हैं।

### यूक्रेन संघर्ष को निपटाने के लिए हंगरी ने हरसंभव प्रयास किया: सिज्जार्तो

संयुक्त राष्ट्र। हंगरी के विदेश मंत्री पीटर सिज्जार्तो ने कहा है कि हंगरी ने यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के लिए अपनी शक्ति और इससे भी अधिक से सब कुछ किया है। श्री सिज्जार्तो ने कहा आरआईए नोवोस्ती को , हंगेरियन के रूप में, हम पिछले महीनों से एक शांति मिशन पर हैं। हमने वह किया है जो हम कर सकते थे, हम [अमेरिका] के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति [डोनाल्ड ट्रम्प] से मिले हैं। हमारी रूसी राष्ट्रपति और सरकारी अधिकारियों के साथ फोन पर बातचीत हुई है। उन्होंने कहा, यूक्रेनियन, तुर्की, वेटिकन के साथ, इसलिए हमने वास्तव में वह सब कुछ किया है जो हमारी क्षमता में था, या उससे भी अधिक, उससे भी अधिक।

### बंगलादेश अवामी लीग के 167 नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जेसोर कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी अवामी लीग के कुल 167 नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हथियारों और विस्फोटकों से जुड़े चार मामलों में जेसोर अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया है। मीडिया रिपोर्टों में सोमवार को यह जानकारी दी गयी। न्यायाधीश ने 42 व्यक्तियों को जमानत दे दी, जबकि शेष को जेल भेज दिया गया।ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, आत्मसमर्पण रविवार को पलाश कुमार और गोलाम किब्रिया की न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में हुआ। जेसोर में अदालत निरीक्षक रुखसाना खातून ने कहा कि अभयनगर थाने के तहत दो मामलों में 105 व्यक्तियों ने न्यायिक मजिस्ट्रेट पलाश कुमार की अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया।इसके अतिरिक्त, केशवपुर थाने के तहत एक मामले में शामिल 42 लोगों ने भी आत्मसमर्पण किया।

### जापान के हवाई अड्डे ने ड्रोन अलर्ट के कारण अपना रनवे बंद किया

टोक्यो। जापान के यामागुची प्रान्त में इवाकुनी हवाई अड्डे ने रविवार को अपने हवाई क्षेत्र में कई ड्रोन के संभावित प्रवेश की सूचना के कारण अपना रनवे अस्थायी रूप से बंद कर दिया। इस हवाई अड्डे का उपयोग नागरिक और अमेरिकी सैन्य विमान करते हैं। एनएचके प्रसारक ने यह जानकारी दी। चैनल ने बताया कि स्थानीय समयानुसार कल शाम लगभग सात बजे जापानी परिवहन मंत्रालय को सूचना मिली कि इवाकुनी हवाई अड्डे के हवाई क्षेत्र में कई ड्रोन प्रवेश कर गए हैं। लगभग एक घंटे बाद विमान संचालन फिर से शुरू हुआ।

### कोलकाता में जन्मे बांग्लादेश के पूर्व अटॉर्नी जनरल आरिफ ढाका में सुपुर्द-ए-खाक

प्रात : किरण, एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश के पूर्व अटॉर्नी जनरल और अंतरिम सरकार के नागरिक उड्डयन और पर्यटन सलाहकार एएफ हसन आरिफ को आज सुबह 10:30 मीरपुर शहीद बुद्धिजीवियों के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। उनका गत दिवस इंतकाल हो गया था। उनके सम्मान में आज बांग्लादेश में एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। ढाका ट्रिब्यून समाचार पत्र के अनुसार, दिवंगत हसन आरिफ को उनके बेटे मुआज आरिफ और अन्य प्रमुख व्यक्तियों सहित परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में दफनाया गया। आरिफ ने 83 वर्ष की आयु में 20 दिसंबर को राजधानी ढाका के लैबैड अस्पताल में अंतिम सांस ली थी। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील एएफ हसन आरिफ का जन्म 1941 में कोलकाता में हुआ था। उन्होंने अपनी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा कोलकाता के सेंट जेवियर्स कॉलेज से पूरी की। इसके बाद उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री और एलएलबी की उपाधि प्राप्त की। 1967 में कलकत्ता हाई कोर्ट में एक वकील के रूप में नामांकन कराने के बाद वह पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) चले गए। उन्होंने 1970 में ढाका हाई कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की। हसन आरिफ सैन्य तानाशाह एचएम इरशाद के शासन के समय अप्रैल 1982 से अगस्त 1985 तक सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में और अगस्त 1985 से मार्च 1996 तक डिप्टी अटॉर्नी जनरल के रूप में कार्य किया। बाद में उन्होंने अक्टूबर से बीएनपी-जमात-ए-इस्लामी गठबंधन सरकार के दौरान अटॉर्नी जनरल के रूप में कार्य किया।



बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) के संबंध में आवश्यक तथ्य एवं जानकारी

सामान्य जानकारी
- यह वायरस जनित पक्षियों की बीमारी है जो मुख्यतः जंगली जलीय पक्षियों में स्वाभाविक रूप से होते हैं।
- बर्ड फ्लू मुख्यतः मुर्गियों का बड़ा ही संक्रामक रोग है। संक्रमित पक्षी के सम्पर्क में आने से यह संक्रमण मनुष्यों में फैल सकता है। यह अत्यन्त संक्रामक वायरस जनित रोग है। जिसके कारण मुर्गी पालन व्यवसाय को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।
- मनुष्य खासकर बच्चे, अगर बीमार पक्षी की (म्यूकस) बीट और पंखों के सम्पर्क में आ जायें तो उनमें संक्रमण फैल सकता है।
- मनुष्यों में बर्ड फ्लू के लक्षण साधारण फ्लू से मिलते-जुलते हैं। जैसे कि साँस लेने में तकलीफ, तेज बुखार, जुकाम और नाक बहना, ऐसी शिकायत होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र को तुरंत इसकी सूचना दें।
- **सामान्यत : बर्ड फ्लू का वायरस 70°C तापमान पर नष्ट हो जाता है। किसी स्थान पर बर्ड फ्लू रोग की पुष्टि होने पर भी अण्डे व चिकन 70°C तापमान पर पकाकर खाने में कोई नुकसान नहीं हैं।**

इससे डरें नहीं सावधानियाँ बरतें
- बीमार मुर्गियों के सीधे सम्पर्क में न आयें। दस्ताने या किसी भी अन्य सुरक्षा साधन का इस्तेमाल करें। बीमार पक्षियों के पंख, श्लेष्मा (म्यूकस) और बीट को न छुयें। छुये जाने की स्थिति में साबुन से तुरंत अच्छे तरीके से हाथ धोयें।
- मुर्गियों को बाड़े में रखें। संक्रमित पक्षियों को मार कर उनका सुरक्षित निपटान करें। बीमार अथवा मरे हुए पक्षी की सूचना निकटतम पशु चिकित्सालय को तुरंत दें। ऐसा करना जन स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

मुर्गे-मुर्गियों के संक्रामक रोगों से बचाव के लिए सोने-से खरे कुछ उपाय
पक्षियों को रानीखेत गम्बोरो और बर्ड फ्लू जैसी कई बीमारियां हो सकती है। ये बीमारियां एक पक्षी से दुसरी पक्षी में व दूषित पानी से अथवा प्रभावित पक्षी के मल-मूत्र, पंखों आदि के जरिये पूरे झुंड को तेजी से प्रभावित कर सकती है। मुर्गी पालन से जुड़े होने के नाते आप अच्छी तरह जानते हैं कि अपने पक्षियों को इन बीमारियों से बचाना कितना महत्वपूर्ण है।

आइये अपने पक्षियों के साथ-साथ अपने बचाव के लिए निम्नलिखित तरीके अपनाएँ :
1. **बाड़े में सुरक्षित रखें :** अपने पक्षियों को बाड़े में रखिये, केवल आपकी पौल्ट्री फार्म की देखभाल करने वालों को ही पक्षियों के पास जाना चाहिए। अनावश्यक लोगों को बाड़े में प्रवेश न करने दें। अपने मुर्गे-मुर्गी को दूसरे पक्षियों/पशुओं के सम्पर्क में न आने दें। दो प्रजातियों के पक्षियों को एक ही बाड़े में न रखें।
2. **साफ-सफाई रखें :** पक्षियों के बाड़े में और उसके आसपास साफ-सफाई बहुत जरूरी है। इस प्रकार जीवाणु और विषाणुओं से बचा जा सकता है, पक्षियों के बाड़ों को साफ-सुथरा रखें। अपने पौल्ट्री फार्म/बाड़े को नियमित रूप से चूने अथवा कीटाणुनाशक दवाओं को छिड़काव कर संक्रमण मुक्त करते रहें।
3. **आहार एवं पेयजल व्यवस्था :** पक्षियों को स्वस्छ एवं शीतल पेयजल और संतुलित आहार दें। पक्षियों का भोजन एवं पेयजल रोजाना बदलें व पेयजल और भोजन के बर्तनों की नियमित साफ-सफाई करें।
4. **अपने पौल्ट्री फार्म में बीमारियों को प्रवेश करने से रोकें :** अपने आपको और बाजार या अन्य फार्मों में अन्य पक्षियों के संपर्क में आने वाली हर चीज की साफ-सफाई रखें। नये पक्षी को कम-से-कम 30 दिनों तक अपने स्वस्थ पक्षियों से दूर रखें। बीमारी को फैलने से रोकने या बचाव के लिए पौल्ट्री के संपर्क में आने से पहले और बाद में अपने हाथ, कपड़ों और जूतों को धोयें तथा संक्रमण मुक्त करें।
5. **बीमारी उधार न लें :** यदि आप अन्य फार्मों से उपकरण या पक्षी लेते हैं तो अपने स्वस्थ पक्षियों के संपर्क में आने से पहले भली भांति उनकी सफाई करें और संक्रमण मुक्त करें। अनावश्यक लोगों व अन्य फार्म पर कार्यरत मजदूरों एवं वाहनों को अपने फार्म पर प्रवेश न दें।
6. **लक्षणों को पहचानें :** अपने पक्षियों पर नजर रखें, यदि पक्षियों की आंख, गर्दन और सिर के आस-पास सूजन है और आँखों से रिसाव हो रहा है, कलनी और टांगों में नीलापन आ रहा है, अचानक कमजोरी, पंख गिरना बढ़ रहा है और पक्षियों की हरकत में कमी आ रही है, पक्षी आहार कम ले रहे हैं व अण्डे भी कम दे रहे हैं और असामान्य रूप से अधिक पक्षी मर रहे हैं, तो यह सब खतरे के संकेत हैं। यदि पक्षियों में ऐसे असामान्य लक्षण दिखाई देते है तो इसे छुपायें नहीं क्योंकि यह आपके परिवार के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है।
7. **बीमार पक्षी की सूचना :** अपने पक्षियों की हर असामान्य बीमारी अथवा मौत की सूचना निकटतम पशु चिकित्सालय को तत्काल दें।

विशेष जानकारी के लिए पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना के नियंत्रण कक्ष के दुरभाष सं. 0612-2226049 पर संपर्क करें।
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित
PR. No. 015229 (Animal)D. 2024-25

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129